सच, सिर्फ सच **

वॉयस ऑफ लखनऊ

मंगलवार, 06 मई, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 122, पेज 12, 3.50 रुपये www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

सेंसेक्स में 295 अंकों की उछाल

कच्चे तेल की अंतरराष्ट्रीय कीमतों में तेज गिरावट आने के बीच सोमवार को सेंसेक्स 294.85 अंक चढ़कर 80,796.84 अंक पर बंद हुआ। } 10

जापान ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई का समर्थन किया

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने जापानी समकक्ष जनरल नकातानी के साथ व्यापक वार्ता की। इस दौरान आतंकवाद की समस्या और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन की सैन्य गतिविधियों के मद्देनजर द्विपक्षीय रक्षा संबंधों को बढ़ाने के तौर-तरीकों पर चर्चा हुई। } 12

गृह मंत्रालय ने 7 मई को राज्यों से मॉक ड्रिल करने को कहा

हमले की स्थिति में खुद को बचाने के लिए सुरक्षा पहलुओं पर प्रशिक्षण देना शामिल

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के साथ बढ़ते तनाव के बीच कई राज्यों से सात मई को मॉक ड्रिल आयोजित करने को कहा है। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

सूत्रों ने बताया कि मॉक ड्रिल के दौरान किए जाने वाले उपायों में हवाई हमले की चेतावनी देने वाले सायरन का संचालन और नागरिकों को किसी भी हमले की स्थिति में खुद को बचाने के लिए सुरक्षा पहलुओं पर प्रशिक्षण देना शामिल है। अन्य उपायों में दुर्घटना की स्थिति में ब्लैकआउट के उपाय, महत्वपूर्ण संयंत्रों और प्रतिष्ठानों की रक्षा तथा निकासी योजनाओं को

अद्यतन करने एवं उनका पूर्वाभ्यास करने के प्रावधान शामिल हैं। पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के जवाब में भारत द्वारा अपने विकल्पों पर विचार करने के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शीर्ष रक्षा अधिकारियों सहित कई उच्चस्तरीय बैठकें कर रहे हैं। इस हमले में 26 नागरिक मारे गए थे, जिनमें अधिकतर पर्यटक थे। मोदी ने हमले को ...शेष पृष्ठ 10 पर

आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई में रूस का पूर्ण समर्थन

रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने प्रधानमंत्री मोदी से की बात

एजेंसी

नयी दिल्ली। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से फोन पर बात की और कहा कि रूस आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई का पूरा समर्थन करता है तथा पहलगाम आतंकवादी हमले के साजिशकर्ताओं को न्याय के कठघरे में लाया जाना चाहिए।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि मोदी के साथ बातचीत में पुतिन ने पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की और निर्दोष लोगों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया। रूसी दूतावास की ओर से जारी वक्तव्य में कहा गया कि पुतिन ने आतंकवादी हमले को बर्बर करार

दिया और दोनों नेताओं ने हर तरह के आतंकवाद के खिलाफ बिना समझौता किए लड़ाई की आवश्यकता पर बल दिया। इसने यह भी कहा कि राष्ट्रपति ने इस वर्ष भारत में आयोजित होने वाले वार्षिक भारत-रूस शिखर सम्मेलन के लिए प्रधानमंत्री का निमंत्रण स्वीकार कर लिया है। पुतिन 22 अप्रैल के आतंकवादी हमले की सबसे पहले निंदा करने वाले विश्व नेताओं में शामिल हैं। इस हमले में 26 लोग मारे गए थे। जायसवाल ने कहा कि रूसी राष्ट्रपति ने निर्दोष लोगों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत को पूर्ण समर्थन देने की बात कही। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, उन्होंने (पुतिन) इस बात पर जोर दिया कि इस जघन्य हमले के दोषियों और उनके समर्थकों को ...शेष पृष्ठ 10 पर

रक्षा सचिव ने की प्रधानमंत्री से मुलाकात

नयी दिल्ली। पहलगाम आतंकवादी हमले को लेकर भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव की पृष्ठभूमि में रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। यह बैठक वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए.पी. सिंह की प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात के एक दिन बाद हुई है और माना जा रहा है कि उन्होंने सुरक्षा स्थिति पर चर्चा की। नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी ने शनिवार को प्रधानमंत्री को अरब सागर के महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों की समग्र स्थिति से अवगत कराया था। प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले मंगलवार को शीर्ष रक्षा अधिकारियों के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक में सशस्त्र बलों को पहलगाम आतंकवादी हमले का जवाब देने के तरीके, लक्ष्य और समय पर निर्णय लेने के लिए पूर्ण अभियानगत स्वतंत्रता दी थी। इस हमले में 26 लोग मारे गए थे। मोदी ने आतंकवाद को करारा झटका देने के राष्ट्रीय संकल्प पर भी जोर दिया।

संक्षेप

पैदल चिनाब नदी नहीं पार करने की चेतावनी

जम्मू। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने सोमवार को लोगों को जम्मू के अखनूर सेक्टर में चिनाब नदी को पैदल पार न करने की चेतावनी दी। यह चेतावनी ऐसे समय में जारी की गई है जब नदी में पानी का बहाव सबसे कम हो गया है और सैकड़ों ग्रामीण नदी में जमा हो गए हैं एवं उनमें से कुछ लोग सोने-चांदी के आभूषण और सिक्के खोजते नजर आए। अधिकारियों का कहना है कि जलस्तर में गिरावट का कारण रामबन और रियासी जिलों में बगलिहार एवं सलाल बांधों से नदी में जलप्रवाह पर रोक लगाया जाना है। केंद्र सरकार ने 22 अप्रैल को पहलगाम हमले के मद्देनजर सिंधु जल संधि को निलंबित करने की घोषणा की थी। यह संधि 1960 से भारत और पाकिस्तान के बीच सिंधु और उसकी सहायक नदियों के पानी के उपयोग को नियंत्रित करती रही है। पिछले सप्ताह गाद निकालने का अभियान चलाने के बाद, जलाशयों को फिर से भरने के लिए बगलिहार और सलाल बांधों के द्वार सोमवार को बंद कर दिए गए जिसके कारण चिनाब नदी ...शेष पृष्ठ 10 पर

टीकाकरण के बावजूद रेबीज से सात वर्षीय बच्ची की मौत

तिरुवनंतपुरम। केरल के कोल्लम जिले में सात वर्षीय बच्ची की सोमवार तड़के एक सरकारी अस्पताल में रेबीज के संक्रमण से मौत हो गई, जबकि कुत्ते के काटने के बाद समय पर उसे टीका लगाया गया था। अस्पताल के सूत्रों ने यह जानकारी दी। निया फैजल कोल्लम जिले के कुन्निकोड की रहने वाली थी और उसे कुछ दिन पहले श्री अवित्तम तिरुनाल (एसएटी) अस्पताल में जीवनरक्षक प्रणाली (वेंटिलेटर) पर रखा गया था। उसके रेबीज से संक्रमित होने की पुष्टि हुई थी। यह राज्य में बीते महीने में रेबीज-संक्रमण से मौत का ऐसा तीसरा मामला है जिसमें आवारा कुत्तों के हमले के बाद रेबीज के टीके लगाए गए थे। इस घटना से कुछ दिन पहले ही केरल के मलप्पुरम जिले में छह वर्षीय जिया फरीज की भी रेबीज से मौत हो गई ...शेष पृष्ठ 10 पर

आज का मौसम

अधिकतम	:	35.06 डिसे.
न्यूनतम	:	25.04 डिसे.

भीतर पढ़ें

- पूर्वांचल व बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे पर बनेंगे 'ई-वेहब' (पृष्ठ-02)
- 2027 में यूपी में पीडीए की सरकार बनना तय : अखिलेश (पृष्ठ-02)
- रुपया 24 पैसे बढ़कर 84.33 प्रति डॉलर पर (पृष्ठ-10)
- वाहनों की खुदरा बिक्री बढ़कर 22.87 लाख इकाई पर (पृष्ठ-10)
- सोना 550 रुपये उछलकर 97,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर (पृष्ठ-10)

पुंछ में आतंकियों पर बड़ी कार्रवाई, आईईडी बरामद

सुरक्षा बलों ने जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले के एक वन क्षेत्र से दो वायरलेस सेट बरामद किये

एजेंसी

मेंढर/जम्मू। सुरक्षा बलों ने जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले के एक वन क्षेत्र में एक आतंकवादी ठिकाने का भंडाफोड़ करते हुए वहां से पांच संवर्धित विस्फोटक उपकरण (आईईडी) और दो वायरलेस सेट बरामद किए। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि इस्तेमाल के लिये तैयार पांचों आईईडी (जिनका वजन आधा किलोग्राम से पांच किलोग्राम के बीच था) को मौके पर ही नियंत्रित विस्फोट में नष्ट कर दिया गया।

इससे सीमावर्ती जिले में विस्फोट करने की आतंकवादियों की साजिश विफल हो गई। उन्होंने बताया कि रविवार देर शाम सुरनकोट के मरहोटे इलाके के सुरंथल में सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस के विशेष अभियान समूह द्वारा संयुक्त तलाशी अभियान के दौरान ठिकाने का भंडाफोड़ किया गया। अधिकारियों ने बताया कि दो आईईडी स्टील की बाल्टियों में रखे हुए पाए गए, जबकि तीन अन्य को टिफिन बॉक्स में पैक किया गया था। इसके अलावा, अधिकारियों ने बताया कि ठिकाने से दो वायरलेस सेट, यूरिया के पांच पैकेट, पांच लीटर का एक गैस सिलेंडर, एक दूरबीन, तीन ऊनी टोपियां, तीन कंबल और कुछ पतलून और बर्तन बरामद किए गए हैं।

पाकिस्तानी सैनिकों ने जम्मू-कश्मीर में एलओसी के पास की गोलीबारी

एजेंसी

जम्मू। पाकिस्तानी सैनिकों ने जम्मू कश्मीर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास सीमा से लगते आठ सेक्टर में बिना किसी उकसावे के गोलीबारी की और संघर्ष विराम समझौते का उल्लंघन किया। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि भारतीय सैनिकों ने भी जवाबी कार्रवाई की। पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ने के दौरान यह लगातार 11वीं रात थी जब पाकिस्तान की ओर से बिना उकसावे के गोलीबारी की गई। पहलगाम हमले में 26 लोगों की जान चली गई थी जिसमें अधिकतर पर्यटक थे। जम्मू में एक रक्षा प्रवक्ता ने कहा, चार और पांच मई की मध्य रात्रि को पाकिस्तानी सेना की चौकियों ने नियंत्रण रेखा के पार कुपवाड़ा, बारामूला, पुंछ, राजौरी, मेंढर, नौशेरा, सुंदरबनी और जम्मू कश्मीर के अखनूर क्षेत्रों में बिना उकसावे के छोटे हथियारों से गोलीबारी की। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ने इस गोलीबारी का तुरंत और माकूल जवाब दिया। पाकिस्तानी सैनिकों ने पांच सीमावर्ती जिलों - जम्मू क्षेत्र में पीर पंजाल के दक्षिण में जम्मू, राजौरी और पुंछ तथा कश्मीर घाटी में बारामूला एवं कुपवाड़ा जिलों में रात भर गोलीबारी की। शुरुआत में उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा और बारामूला जिलों में नियंत्रण रेखा पर कई चौकियों को निशाना बनाकर बिना उकसावे के छोटे हथियारों से गोलीबारी शुरू करने के बाद, पाकिस्तान ने संघर्ष विराम का उल्लंघन करते हुए पुंछ सेक्टर और उसके बाद जम्मू क्षेत्र के अखनूर सेक्टर तक गोलीबारी की। इसके बाद राजौरी जिले के सुंदरबनी और नौशेरा सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास कई चौकियों पर छोटे हथियारों ...शेष पृष्ठ 10 पर

इजराइल ने बनायी गाजा पर पूर्ण कब्जे की योजना

एजेंसी

तेल अवीव। इजराइल ने सोमवार को गाजा पट्टी के पूरे हिस्से पर कब्जा करने और अनिश्चित समय तक वहां बने रहने की योजना को मंजूरी दे दी। इजराइल के दो अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अगर इस योजना को अंजाम दिया गया तो फलस्तीनी क्षेत्र में इजराइल के अभियान का विस्तार होगा और इस पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यापक विरोध सामने आ सकता है। इजराइल के कैबिनेट मंत्रियों ने तड़के हुए मतदान में इस योजना को मंजूरी दी। इससे कुछ घंटे पहले ही इजराइल के सेना प्रमुख ने कहा था कि सेना हजारों सैनिकों को तैयार रहने के लिए कह रही है। अधिकारियों के अनुसार इस नयी योजना का मकसद इजराइल को हमास को हराने और गाजा में बंधक बनाए गए लोगों को मुक्त कराने के लक्ष्यों को हासिल करने में मदद करना है। यह योजना हजारों फलस्तीनियों को दक्षिण गाजा की ओर धकेलने में मददगार हो सकती है। इससे पहले से ही मौजूद मानवीय संकट और गहरा हो सकता है। मार्च के मध्य ...शेष पृष्ठ 10 पर

वैज्ञानिकों की टीमें किसानों से कृषि को तकनीक से जोड़ने पर करेंगी चर्चा

मंडुआ की तर्ज पर झंगोरा का न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित किया जाये : धामी

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। किसानों तक वैज्ञानिकों की पहुंच सुनिश्चित कराये जाने के लिए वैज्ञानिकों की दो हजार टीमें बनायी जा रही हैं। वैज्ञानिकों की टीमें देश के प्रत्येक जनपद में जाकर वहां की भौगोलिक परिस्थितियों के हिसाब से उत्पादन में वृद्धि, किसानों को आधुनिक खेती और तकनीकी से जोड़ने, कृषि और बागवानी से जुड़े विभिन्न आयामों के बारे में अवगत करायेंगी।

यह जानकारी केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साथ देहरादून में कृषि एवं ग्रामीण विकास विभाग की केंद्रीय योजनाओं की समीक्षा के दौरान दी। कृषि मंत्री ने कहा कि कृषि और ग्रामीण विकास के

क्षेत्र में उत्तराखंड में अच्छा कार्य हो रहा है। राज्य में कृषि का क्षेत्रफल घटा है, लेकिन उत्पादन बढ़ा है। उन्होंने कहा कि राज्य में कृषि के क्षेत्र में लंबी अवधि की कार्ययोजना पर कार्य किया जाए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत आवास निर्माण के लिए अनुदान राशि 1 लाख 30 हजार से बढ़ाकर 2 लाख रुपये किए जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि राज्य के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में परिवहन लागत अधिक लगती है। केंद्रीय मंत्री ने हिमालयी राज्यों की विषम भौगोलिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए इस पर कार्यवाही किए जाने का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री धामी ने मनरेगा की दरें बढ़ाये जाने का भी ...शेष पृष्ठ 10 पर

गन्ना भुगतान रिकॉर्ड पर तय होगा चीनी मिलों का कमांड एरिया : योगी

पिछले 8 वर्षों में 2,85,994 करोड़ का भुगतान, 22 वर्षों के मुकाबले 72,474 करोड़ अधिक

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि चीनी मिलों को गन्ना खरीद के लिए आवंटित कमांड एरिया का निर्धारण उनके द्वारा किसानों को किये जा रहे गन्ना मूल्य भुगतान के रिकॉर्ड के आधार पर किया जाए। सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि किसानों को समयबद्ध भुगतान मिले।

उन्होंने निर्देश दिए हैं कि जो मिलें भुगतान में देरी या हीलाहवाली करें, उनके विरुद्ध सख्ती होगी। यह निर्देश मुख्यमंत्री ने सोमवार को चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान दिए। बैठक में विभागीय प्रस्तुतीकरण के माध्यम से गन्ना मूल्य भुगतान, उत्पादकता,

आधारभूत संरचना, रोजगार और भावी योजनाओं की जानकारी दी गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि बेहतर गन्ना पैदावार के लिए किसानों को उन्नत किस्म के बीज समय पर उपलब्ध हों, यह सुनिश्चित करना जरूरी है। इसके लिए कृषि विज्ञान केंद्रों (केवीके), चीनी मिलों और गन्ना समितियों को मिलकर कार्य करना होगा। मिल प्रतिनिधियों, समिति पदाधिकारियों और केवीके के अधिकारियों को खेतों का दौरा कर फसल का अवलोकन करना चाहिए और किसानों से सतत संवाद बनाए रखना चाहिए। साथ ही, किसान गोष्ठियों में मंत्रीगण की भागीदारी भी सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने गन्ना समितियों को और सशक्त करने की आवश्यकता भी जताई। मुख्यमंत्री ने वर्तमान 142 कार्यदिवसों को बढ़ाकर 155 दिन करने की जरूरत बताई, साथ ही, कोऑपरेटिव व फेडरेशन की चीनी मिलों की गहन समीक्षा के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार इन मिलों की उत्पादन क्षमता के साथ-साथ वहां कार्यरत कार्मिकों की योग्यता का भी आकलन किया जाएगा। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने मिलवार अद्यतन गन्ना मूल्य ...शेष पृष्ठ 10 पर

विशेष खबर जिला विद्यालय निरीक्षक ओ. पी. त्रिपाठी ने बताया कि रामसनेहीघाट थाना क्षेत्र के 15 वर्षीय छात्र रामकेवल ने हाईस्कूल की परीक्षा में 55 प्रतिशत अंकों के साथ सफलता हासिल की

...एक ऐसा गांव जहां आजादी के बाद पहली बार पास हुआ कोई दसवीं

जिला संवाददाता

बाराबंकी (उप्र)। सुनने में यह भले ही अजीब लगे लेकिन हकीकत है कि बाराबंकी जिले के रामसनेहीघाट स्थित एक गांव में आजादी के बाद 77 साल के इतिहास में पहली बार किसी छात्र ने हाईस्कूल की परीक्षा उत्तीर्ण की है।

जिला प्रशासन ने इस उपलब्धि के लिए छात्र को सम्मानित किया है। जिला विद्यालय निरीक्षक ओ. पी. त्रिपाठी ने सोमवार को बताया कि रामसनेहीघाट थाना क्षेत्र के बनीकोडर विकासखंड स्थित निजामपुर गांव में 15 वर्षीय छात्र रामकेवल ने माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश की हाईस्कूल की परीक्षा में 55 प्रतिशत अंकों के साथ सफलता हासिल की है। त्रिपाठी ने बताया कि यह कामयाबी इसलिए खास है क्योंकि वर्ष 1947 में आजादी के बाद से इस गांव में कोई भी छात्र हाईस्कूल की परीक्षा पास नहीं कर पाया था।

उन्होंने बताया कि रामकेवल ने हाईस्कूल परीक्षा उत्तीर्ण कर गांव के इतिहास में अपना नाम दर्ज करा लिया है। त्रिपाठी ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में बेहद पिछड़े करीब 300 लोगों की आबादी वाले इस गांव में लगभग सभी लोग दलित वर्ग के हैं। अधिकारी ने बताया कि जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने गत तीन मई को रामकेवल और उसके माता-पिता को जिला मुख्यालय पर बुलाकर सम्मानित किया था। रामकेवल ने बातचीत में कहा कि उसे बचपन से ही पढ़ने-लिखने का शौक था लेकिन गरीबी के कारण उसे मुश्किलों का सामना भी करना पड़ा। उसने कहा कि वह मेहनत मजदूरी करके मिले पैसों से अपनी कॉपी-किताब खरीदता और स्कूल की फीस जमा करता था। उसने बताया कि वह तीन भाइयों में सबसे बड़ा है लिहाजा परिवार के खर्च का बोझ भी उसे उठाना पड़ता है। वह शादियों के समय रात में बारात में लाइट उठाने का काम करता है और जब जब शादियों का सीजन नहीं होता तो वह अपने पिता के साथ जाकर मजदूरी करता है। रामकेवल ने कहा कि दिनभर के काम के बाद रात में वह अपने छप्पर के नीचे सोलर लाइट की रोशनी में पढ़ाई करता है और उसकी ख्वाहिश इंजीनियर बनने की है। छात्र ने बताया कि ...शेष पृष्ठ 10 पर

सीबीआई निदेशक नियुक्ति: मोदी ने समिति की बैठक की अध्यक्षता की

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सीबीआई निदेशक की नियुक्ति के लिए गठित समिति की बैठक की सोमवार को अध्यक्षता की। इस बैठक में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना भी शामिल हुए। यह बैठक सोमवार शाम को प्रधानमंत्री कार्यालय में आयोजित की गई।

यह बैठक 25 मई को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के मौजूदा निदेशक प्रवीण सूद के दो साल के कार्यकाल के समाप्त होने से पहले हुई। कर्नाटक कैडर के 1986 बैच के भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के

अधिकारी सूद अपनी नियुक्ति से पहले राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) थे। उन्होंने 25 मई, 2023 को सीबीआई के निदेशक का पदभार संभाला था। सीबीआई निदेशक की नियुक्ति केंद्र सरकार द्वारा तीन सदस्यीय नियुक्ति समिति की सिफारिश पर की जाती है। इस समिति की अध्यक्षता प्रधानमंत्री करते हैं तथा इसमें लोकसभा में विपक्ष के नेता और भारत के प्रधान न्यायाधीश शामिल होते हैं।

संक्षेप

चारा विकास कार्यक्रम के लिए धनराशि मंजूर

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश में चारा और चारागाह विकास के तहत अतिरिक्त चारा कार्यक्रम के लिए वर्तमान वितीय वर्ष में 02 करोड़ रुपए की धनराशि स्वीकृत की है ।इस संबंध में पशुधन विभाग द्वारा शासनादेश जारी करते हुए निदेशक, प्रशासन विकास पशुपालन विभाग को अतिरिक्त चारा कार्यक्रम के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दे दिए गए हैं। शासनादेश में निर्देशित किया गया है कि स्वीकृत धनराशि का व्यय/उपयोग योजना के मार्गदर्शन सिद्धान्तों गाइडलाइन्स के अनुरूप करते हुए व्यय विवरण सहित उपयोगिता प्रमाणपत्र शासन को उपलब्ध कराया जायेगा। योजनान्तर्गत सब्सिडी की धनराशि लाभार्थी के बैंक/डाकघर खाते में उपलब्ध करायी जाएगी। किसी भी दशा में सब्सिडी का भुगतान नगद नहीं किया जाएगा।स्वीकृत धनराशि का व्यय उसी प्रयोजन हेतु किया जायेगा, जिसके लिए धनराशि स्वीकृत की गयी है।

जयवीर सिंह करेंगे डा. भीमराव आम्बेडकर स्मारक का निरीक्षण

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह मंगलवार को अपराह्न 04 बजे भारत रत्न डा. भीमराव आम्बेडकर स्मारक एवं सांस्कृतिक केन्द्र ऐशबाग का स्थलीय निरीक्षण करेंगे। वह मौके पर परियोजना संबंधी कार्यों की समीक्षा तथा अन्य समस्याओं जैसे अनाधिकृत कब्जे को हटाकर निर्माण कार्य समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराने के संबंध में बैठक भी करेंगे। इस संबंध में विशेष सचिव संस्कृति रवीन्द्र कुमार द्वारा प्रमुख सचिव संस्कृति, पुलिस आयुक्त लखनऊ, जिलाधिकारी लखनऊ, उपाध्यक्ष लखनऊ विकास प्राधिकरण, निदेशक संस्कृति उप्र तथा कार्यदायी संस्थाओं के प्रबंध निदेशक सी एण्ड डीएस तथा प्रबंध निदेशक यूपीपीसीएल उप्र लखनऊ को पत्र भेजकर ससमय उपस्थित रहने का अनुरोध किया है।

खादी ग्रामोद्योग विभाग देगा आधुनिक पापकार्न मेकिंग मशीन

लखनऊ। उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा संचालित निःशुल्क टूल किट्स वितरण योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में पिछड़े वर्ग के पापकार्न बनाने वाले भुर्जी समाज के कारीगरों एवं इस उद्योग में रुचि रखने वाले अन्य परम्परागत कारीगरों को आधुनिक पापकार्न मेकिंग मशीन निःशुल्क उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है। जनपद लखनऊ में पापकार्न उत्पादन एवं बिक्री कार्य करने वाले पिछड़े वर्ग के भुर्जी समाज के इच्छुक व्यक्तियों एवं अन्य जातियों के परम्परागत कारीगरों से आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। इच्छुक अभ्यर्थी अपना फोटो, आधार कार्ड, राशन कार्ड, शैक्षिक योग्यता प्रमाणपत्र, ग्राम प्रधान द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र आदि अभिलेखों के साथ योजना की वेबसाइट नचाअपइण्हवअण्पद पर ऑनलाइन आवेदन पत्र भर सकते हैं। आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी जिला ग्रामोद्योग अधिकारी कार्यालय लखनऊ में 20 मई तक जमा की जा सकती है।

पूर्वांचल व बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे पर बनेंगे 'ई-वे हब'

-पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर 8 तथा बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर 4 ई-वे हब के निर्माण व विकास का खाका तैयार, जल्द शुरू होगी प्रक्रिया

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। यूपी को उन्नत सुविधाओं युक्त उत्तम प्रदेश बनाने के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार द्वारा प्रदेश में एक्सप्रेसवेज को वर्ल्ड क्लास सुविधाओं से युक्त करने प्रक्रिया जा रही है। देश में 'एक्सप्रेसवे प्रदेश' के तौर पर प्रसिद्ध उत्तर प्रदेश न केवल योगी सरकार के प्रयास से लैंड लॉक स्टेट की छवि को तोड़ रहा है बल्कि आधुनिक तकनीकए उन्नत प्रणाली और उत्तम नागरिक सुविधाएं उपलब्ध करा रहा है। इसी कड़ी में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे और बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर राहगीरों को वर्ल्ड क्लास सुविधाएं देने के लिए ई.वे हब का निर्माण व विकास किया जाएगा।

हाल ही में हुई एक समीक्षा बैठक में यूपीडा द्वारा खाका मुख्य सचिव के सामने पेश किया गया था। इसी के आधार पर प्रदेश में इन दोनों एक्सप्रेसवे पर कुल 12 ई-वे हब्स के निर्माण व विकास को पूर्ण करने के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर ली गई है। यूपीडा द्वारा तैयार की गई कार्ययोजना के अनुसार बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर कुल 4 ई-वे हब का निर्माण व विकास किया जाएगा। बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर कुल 40 हेक्टेयर क्षेत्र में ई-वे हब का निर्माण व विकास किया जाएगा। बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे से जुड़ने वाले जिलों में बांदा, हमीरपुर व जालौन में ई-वे हब के निर्माण व विकास की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। प्रक्रिया के अंतर्गत बांदा में एक्सप्रेसवे के दाहिनी ओर 10 हेक्टेयर क्षेत्र में तथा हमीरपुर

- **यूपी एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने शुरू की तैयारी, सीएम योगी के विजन अनुसार कार्ययोजना तैयार**
- **ई–वे हब विकसित करने से दोनों एक्सप्रेसवे पर वे–साइड एमिनिटीज का होगा विकास, राहगीरों की बुनियादी सुविधाओं का मार्ग होगा प्रशस्त**

में एक्सप्रेसवे की बायीं ओर 10 हेक्टेयर क्षेत्र में ई-वे हब का निर्माण व विकास किया जाएगा। इसी प्रकार जालौन में 2 ई-वे हब्स का निर्माण एक्सप्रेसवे की दोनों तरफ क्रमशः 10-10 हेक्टेयर भूमि पर किया जाएगा। यूपीडा की कार्ययोजना के अनुसार, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर 8 ई-वे हब्स का निर्माण व विकास निर्धारित किया गया है, जो कि कुल 81.89 हेक्टेयर



क्षेत्र में होगा। बाराबंकी में एक्सप्रेसवे के बायीं तरफ 10 हेक्टेयर मेंए अमेठी में 10.12 हेक्टेयर में एक्सप्रेसवे की दाहिनी तरफए मऊ में 10.10 हेक्टेयर में बायीं तरफ तथा गाजीपुर में 10.52 हेक्टेयर क्षेत्र में एक्सप्रेसवे पर दाहिनी तरफ ई-वे हब का निर्माण व विकास किया जाएगा।

इसके अतिरिक्त सुल्तानपुर व आजमगढ़ में एक्सप्रेसवे के दोनों तरफ 10.42, 10.58, 10.11 तथा 10.04 हेक्टेयर क्षेत्र में ई-वे हब का निर्माण किया जाएगा। खास बात यह है कि यूपीडा द्वारा तैयार की गई योजना में दोनों एक्सप्रेसवे के किनारे विभिन्न प्रक्रार की सुविधाओं का विकास किए जाने का खाका तैयार किया गया है। इसमें एक्सप्रेसवे किनारे पेट्रोल-सीएनजी पंप, चार्जिंग स्टेशन, कॉमर्शियल स्पेसेस, पेयजल व टॉयलेट ब्लॉक्स, फूडकोर्ट व आउटलेट्स, बजट होटल, थीमपार्क तथा लॉजिस्टिक्स प्रमुख हैं। इतना ही नहीं, एक्सप्रेसवे के किनारे इंडस्ट्रियल व कॉमर्शियल क्षेत्रों का भी विकास किया जाएगा। इन सभी ई-वे हब को अत्याधुनिक सीसीटीवी सर्विलांस सिस्टम का कवरेज दिया जाएगा जिससे कि एक्सप्रेसवे व आसपास के क्षेत्र की मॉनिटरिंग सुनिश्चित होगी। इसके अतिरिक्त, यहां किड्स प्लेइंग एरियाए हेल्थकेयर व एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस की स्थापना का मार्ग प्रशस्त हो सकेगा। सभी निर्माण व विकास प्रक्रियाओं को ईपीसी मोड पर पूरा किया जाएगा।

प्रयागराज, मथुरा में विशेष सुरक्षा बल की वाहिनी के लिए बनेगा आधुनिक परिसर

लखनऊ। उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने और राज्य के सुरक्षा तंत्र को सुदृढ़ करने के लिए संकल्पित योगी सरकार जल्द ही एक बड़ा कदम उठाने जा रही है। सीएम योगी के विजन अनुसार, उत्तर प्रदेश विशेष सुरक्षा बल (यूपीएसएसएफ) की नई वाहिनी के गठन के साथ भविष्य की जरूरतों के अनुसार उनके परिसर के निर्माण की प्रक्रिया के कार्य में तेजी लाने जा रही है। इस प्रक्रिया के तहत प्रयागराज में यूपीएसएसएफ की तीसरी वाहिनी तथा मथुरा में यूपीएसएसएफ की चौथी वाहिनी के लिए परिसर में विभिन्न प्रकार के आवासीय व अनावासीय खंडों के निर्माण की योजना है। इसके लिए प्रयागराज के अरैल क्षेत्र में 42.03 एकड़ भूमि चिह्नित की गई है। इसमें से देवरिया गांव में 22 एकड़ तथा भैदपुर गांव में 19 एकड़ भूमि पर परिसर निर्माण किया जाएगा। योजना के अनुसार इस निर्माण व विकास कार्य को पूरा करने में 198 करोड़ रुपए (जीएसटी अतिरिक्त) की रकम खर्च की जाएगी। वहीं, मथुरा के बढ़ौता गांव में 40.03 एकड़ भूमि को परिसर निर्माण के लिए चिह्नित किया गया है तथा यहां परिसर निर्माण में 197 करोड़ रुपए (जीएसटी अतिरिक्त) की रकम खर्च की जाएगी। इसी के साथ, बदायूं में भी महिला पीएसी वाहिनी के परिसर निर्माण के रुके हुए कार्य में तेजी लाने की तैयारी की जा रही है तथा इसे 177.30 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इन सभी निर्माण व विकास कार्यों को ईपीसी मोड पर पूरा किया जाएगा जिसके लिए नियोजन विभाग ने खाका तैयार कर लिया है।

अखिलेश ने महापुरूषों का भी अपमान किया : डा.लालजी निर्मल

लखनऊ। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने दलित महापुरूषों का ही नहीं वरन पिछड़े वर्ग के नायकों का भी अपमान किया है। पता नहीं क्यों समाजवादी पार्टी और उनके नेताओं को दलित और पिछड़ा वर्ग के महापुरूषों से इतनी चिढ़ क्यो है। सदस्य विधान परिषद एवं पूर्व चेयरमैन उप्र अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम, डा. लालजी प्रसाद निर्मल ने सोमवार वीवीआईपी राज्य अतिथि गृह में पत्रकारों से वार्ता करते हुए उक्त बातें कहीं। डा. निर्मल ने कहा कि दलितों, वंचितों एवं महिलाओं के शिक्षा के प्रबल पक्षधर ज्योतिबा फूले जो पिछड़े वर्ग के थे के नाम से बने जिले अमरोहा से अखिलेश यादव ने ज्योतिबा फूले का नाम हटा दिया था। इतना ही नहीं छत्रपति साहू जी महाराज जो पिछड़े समाज के थेए जिन्होंने वर्ष 1902 में दलितों पिछड़ो के लिए आरक्षण की शुरूआत की थी, उनके नाम पर बने जिले अमेठी तथा केजी मेडिकल यूनिवर्सिटी से छत्रपति साहू जी महाराज का नाम इसलिए हटाया गया था क्योंकि वे दलितों, पिछड़ों के हितैषी थे। डा. निर्मल ने कहा कि आंबेडकर की पत्नी के नाम से बने कानपुर देहात जिले से माता रमाबाई का नाम अखिलेश सरकार ने हटा दिया था।

अधिकारी अपना काम पूरी ईमानदारी से करें : खन्ना

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने वित्त एवं लेखा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए की सभी लोग अपनी जिम्मेदारियां का निर्वहन पूरी ईमानदारी से करें। उन्होंने कहा कि

- **वित्त मंत्री उत्तर प्रदेश वित्त एवं लेखा सेवा संघ के वार्षिक अधिवेशन में हुए सम्मिलित**
- **संघ की वार्षिक पत्रिका वीक्षा का किया विमोचन**
- **निशांत उपाध्याय वित्त एवं लेखा सेवा संघ के अध्यक्ष एवं शालीग्राम महासचिव पद पर निर्वाचित**

कार्मिकों के कार्य व्यवहार से ही विभाग एवं सरकार की इमेज बनती है। पत्रावलियों को अकारण लटकाया न जाए। हर संभव जल्दी से जल्दी पत्रावलियों को निस्तारित किया जाए।

खन्ना सोमवार को वित्त एवं लेखा

प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान में आयोजित उत्तर प्रदेश वित्त एवं लेखा सेवा संघ के वार्षिक अधिवेशन में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि वित्त एवं लेखा विभाग प्रदेश का एक महत्वपूर्ण विभाग है। यह विभाग प्रदेश का वित्तीय अनुशासन बनाए रखने में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी का निर्वहन करता है। उन्होंने कहा कि जिस प्रदेश की वित्तीय व्यवस्था ठीक होती है उस प्रदेश की सारी व्यवस्थाएं ठीक रहती हैं। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपनी जिम्मेदारियों को पूरे मनोयोग और ईमानदारी से पूर्ण करें।

वित्त मंत्री ने संघ की वार्षिक पत्रिका वीक्षा का विमोचन भी किया। वित्त एवं लेखा सेवा संघ के महासचिव द्वारा विभाग से संबंधित रखी गई मांगों के संबंध में उन्होंने कहा कि जो भी उचित मांगे हैं उन पर सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जाएगा। विचारों प्राण यथोचित मांगों पर सकारात्मक निर्णय लिए जाएंगे। उप्र वित्त एवं लेखा सेवा संघ का चुनाव आज अध्यक्ष, महासचिव, उपाध्यक्ष एवं सचिव पद के लिए सम्पन्न हुआ। अध्यक्ष पद पर निशांत उपाध्याय, महासचिव पद पर शालीग्राम (निर्विरोध), उपाध्यक्ष पद पर पवन द्विवेदी एवं शालिनी सिंह (निर्विरोध), सचिव पद पर मनोज कुशवाहा, हिमांचल यादव एवं अंकिता सिंह चौहान ने जीत दर्ज की। अध्यक्ष पद के लिए निशांत उपाध्याय एवं दीपक सिंह के मध्य चुनाव हुआ, जिसमें निशांत उपाध्याय को 194 तथा दीपक सिंह को 119 वोट मिले। इस प्रकार निशांत उपाध्याय अध्यक्ष निर्वाचित हुए।

कृषकों को खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में मिलेगा प्रशिक्षण

लखनऊ। उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा जिलों में स्थापित राजकीय खाद्य विज्ञान प्रशिक्षण केन्द्रों एवं सामुदायिक फल संरक्षण एवं प्रशिक्षण केन्द्रों पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशो के क्रम में विभाग द्वारा जिलों के लिए लक्ष्य का निर्धारण कर दिया गया है। इन केन्द्रो पर युवक/युवतियों व कृषकों खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र प्रशिक्षण दिया जाएगा। उप मुख्यमंत्री ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वह प्रभावी कार्ययोजना व रूपरेखा तैयार कर इच्छित नवयुवकों, नवयुवतियों व किसानों को बेहतर से बेहतर प्रशिक्षण दिलाना सुनिश्चित करें। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षण कार्यों की लगातार निगरानी भी जाये और प्रशिक्षण प्राप्त करने पर प्रशिक्षणार्थियों को रोजगार से जोड़ने के प्रभावी प्रयास किए जाएं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से सोमवार को उनके सरकारी आवास में नेपाल के सुदूरपश्चिम प्रांत के मुख्यमंत्री कमल बहादुर शाह ने की शिष्टाचार भेंट

राहुल गांधी की नागरिकता विवाद में दाखिल याचिका निस्तारित

विधि संवाददाता

लखनऊ। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने राहुल गांधी की नागरिकता को चुनौती देने वाली याचिका पर आगे सुनवायी करने से इंकार करते हुए सोमवार को कहा कि याची को यह छूट है कि वह इस प्रकरण में अन्य विधिक वैकल्पिक उपाय अपना सकता है। इसके पूर्व केंद्र सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि इस मामले में याची द्वारा की गई शिकायत के निस्तारण के लिए कोई समय सीमा नहीं बतायी जा सकती है, क्योंकि यूनाइटेड किंगडम से जानकारियां मांगी गई हैं और उनके द्वारा मांगी गई जानकारियां देने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। इस पर कोर्ट ने कहा कि इस स्थिति में वर्तमान याचिका को लंबित रखने का कोई औचित्य नहीं है।

यह आदेश जस्टिस एआर मसूदी व जस्टिस राजीव सिंह की पीठ ने कर्नाटक के एस विग्नेश शिशिर द्वारा दाखिल जनहित याचिका को निस्तारित करते हुए पारित किया है। पिछली सुनवाईयों पर केंद्र सरकार के डिप्टी सॉलिसिटर जनरल एसबी पांडे ने कोर्ट को बताया था कि याची के शिकायत पर

- **शिकायत के निस्तारण के लिए नहीं बता सकते कोई समय सीमा : केंद्र सरकार**
- **हाईकोर्ट ने याची को अन्य विधिक उपाय अपनाने के लिए दी छूट**

कार्रवाई करते हुए, संबंधित मंत्रालय ने राहुल गांधी की कथित ब्रिटिश नागरिकता के बारे में विवरण मांगते हुए, ब्रिटेन सरकार को पत्र लिखा है और इसलिए सरकार को शिकायत पर निर्णय लेने के लिए समय चाहिए।

उल्लेखनीय है कि मामले में याची की ओर से दलील दी गई थी कि उसके पास तमाम दस्तावेज और ब्रिटिश सरकार के कुछ ई-मेल हैं जिनसे यह सिद्ध होता है कि राहुल गांधी एक ब्रिटिश नागरिक हैं और इस कारण से वह चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य हैं तथा लोकसभा सदस्य का पद नहीं धारण कर सकते। इसी आधार पर याची ने राहुल गांधी की सांसद पद पर बने रहने के खिलाफ अधिकार पृच्छा रिट जारी करने का आदेश देने की भी मांग की थी।

साथ ही याचिका में राहुल गांधी के इस प्रकार से दोहरी नागरिकता धारण करने को भारतीय न्याय संहिता तथा पासपोर्ट एक्ट के तहत अपराध बताते हुए, सीबीआई को केस दर्ज कर जांच करने का आदेश देने की भी मांग की गयी। याची का यह भी कहना था कि उसने दोहरी नागरिकता के सम्बन्ध में सक्षम प्राधिकारी को दो-दो बार शिकायतें भेजीं लेकिन उनके द्वारा कोई कार्रवाई न किये जाने पर वर्तमान याचिका दाखिल की गई।

धर्मपाल सिंह ने आगामी चुनाव की रणनीति पर की चर्चा

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने सोमवार को वाराणसी में क्षेत्रीय कार्यालय पर विभिन्न बैठको के माध्यम से संवाद करते हुए आगामी चुनाव की रणनीति पर चर्चा की। वाराणसी जिला व महानगर के अनुसूचित वर्ग के जिला व मंडल पदाधिकारियों के साथ

- **मंडल अध्यक्षों की बैठक में प्रभावी मंडल कार्यसमितियों के गठन का दिया मंत्र**

अनुसूचित जाति संवाद कार्यक्रम में मंत्रणा की तथा काशी क्षेत्र के 16 जिलो के 337 मंडल अध्यक्षों की बैठक में प्रभावी मंडल कार्यसमितियों के गठन का मंत्र दिया।

प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने कहा कि भाजपा ने हमेशा अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति वर्ग के आर्थिक, सामाजिक

उत्थान तथा राजनैतिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए काम किया। यही कारण है कि देश के सर्वोच्च पदों पर अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति वर्ग का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया गया। भाजपा ने अनुसूचित वर्ग के आरक्षण सहित बाबा साहेब डा. भीमराव आम्बेडकर द्वारा प्रदत्त सभी संवैधानिक अधिकारों को सदैव मजबूती देने का काम किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बाबा साहेब डा. भीमराव आम्बेडकर द्वारा दिखाए गए मार्ग का अनुसरण कर रहे है। उन्होंने कहा कि मुस्लिम तुष्टिकरण और हिन्दुओं का जातिगत विभाजन ही विपक्ष का एक मात्र एजेंडा है। अखिलेश यादव तथा राहुल गांधी अपने परिवार की राजनैतिक विरासत को बचाने के लिए लगातार देश में जातिगत आधार पर टकराव पैदा करके देश को कमजोर करने का काम कर रहे है। भाजपा का विरोध करते हुए विपक्ष के नेता देश के विरोध में इतना आगे बढ़ जाते है कि उनके वक्तव्यों को देश के शत्रु अपने हित में प्रयोग कर लेते है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सदैव बाबा साहेब का विरोध किया और अनुसूचित वर्ग का वोट बैंक के रूप में उपयोग किया। कांग्रेस ने बाबा साहेब का अन्तिम संस्कार भी दिल्ली में नहीं होने दिया। कांग्रेस ने जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 का प्रयोग करके अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति वर्ग के आरक्षण सहित सभी संवैधानिक अधिकारों को समाप्त करने का काम किया। अखिलेश यादव के शासन काल में उत्तर प्रदेश दलित उत्पीड़न का केन्द्र बन गया था। आज बाबा साहेब के चेहरे पर अपना चेहरा जोड़कर उनकी बराबरी करने की कोशिश करके बाबा साहेब का अपमान करने का काम अखिलेश यादव ने किया है।

अनशन के बाद बिजली कर्मचारियों से मिले चेयरमैन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश के पदाधिकारियों और पावर कारपोरेशन के चेयरमैन व शीर्ष प्रबंधन के बीच आज पांच महीने के गतिरोध के बाद निजीकरण के मामले को लेकर पहली बार वार्ता हुई। संघर्ष समिति ने चेयरमैन से साफ शब्दों में कहा कि सार्थक वार्ता का वातावरण बनाने के लिए उत्पीड़न की समस्त कार्यवाहियां वापस ली जाए। आज चौथे दिन भी बिजली कर्मियों का क्रमिक अनशन जारी रहा।

बिजली कर्मचारियों ने अपने घरों पर एक घंटा बिजली बंद कर निजीकरण के बाद आम जनता को लालटेन युग आने का संदेश दिया। क्रमिक अनशन के तीसरे दिन 4 मई की रात 10 बजे संघर्ष समिति के संयोजक शैलेंद्र दुबे का शुगर लेवल बहुत ज्यादा गिर गया और उनका बीपी

बहुत अधिक बढ़ गया और उनकी हालत निरंतर खराब होने लगी। शैलेन्द्र दुबे ने अपना अनशन जारी रखा। रात 12 बजे से 2 बजे तक पॉवर कॉरपोरेशन प्रबन्धन ने पुलिस और मेडिकल टीम का दबाव बनाकर उनका अनशन समाप्त कराने की कोशिश किया। संघर्ष समिति के संयोजक शैलेन्द्र दुबे ने ऐलान कर दिया कि जब तक चेयरमैन संघर्ष समिति से वार्ता नहीं करते तब तक उनका अनशन जारी रहेगा। उनके इस अनिश्चितकालीन अनशन के ऐलान से प्रबन्धन के हाथ पैर फूल गए और अंततः पांच महीने का गतिरोध टूटा और चेयरमैन को निजीकरण के मामले में संघर्ष समिति को वार्ता के लिए बुलाना पड़ा। वार्ता में संघर्ष समिति ने कहा कि बिजली कर्मी सुधार हेतु हमेशा सहयोग देने के लिए तैयार हैं लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि प्रबंधन ने आज तक सुधार के लिए कोई सहयोग नहीं लिया और एकतरफा निजीकरण की प्रक्रिया शुरू कर दी। चेयरमैन ने कहा कि सुधार कैसे होगा यह बिजली कर्मियों का नहीं सरकार का कार्य है।

इस पर संघर्ष समिति ने कहा की वे हमेशा सहयोग देने के लिए तैयार है, यह प्रबंधन की इच्छा है कि वह सहयोग लेना चाहे तो ले ना लेना चाहे तो ना लें। संघर्ष समिति के पदाधिकारियों के सामने प्रबन्धन ने पीपीटी प्रेजेंटेशन करना शुरू कर दिया जिसके आंकड़े विवादास्पद हैं। संघर्ष समिति ने कहा कि वार्ता का समय निर्धारित किया जाए संघर्ष समिति भी सुधार हेतु अपना प्रेजेंटेशन देगी। चेयरमैन ने शीघ्र विस्तृत वार्ता करने के लिए कहा। संघर्ष समिति ने साफ शब्दों में कहा कि वार्ता के पहले वार्ता का वातावरण बनाया जाना बहुत जरूरी है और वार्ता का वातावरण बनाने हेतु निजीकरण के संघर्ष के दौरान मनमाने ढंग से की गई उत्पीड़न की सभी कार्यवाहियां वापस लिया जाना जरूरी है। संघर्ष समिति ने कहा कि 25000 से अधिक संविदा कर्मी निजीकरण के नाम पर निकाल दिए गए हैं। उन्हें नौकरी में तुरंत वापस लिया जाए और हटाए जाने की प्रक्रिया बंद की जाए। इसके साथ ही फेशियल अटेंडेंस के नाम पर एकतरफा आर्डर करके बड़े पैमाने पर हजारों की संख्या में बिजली कर्मचारियों का काटा गया वेतन तत्काल दिया जाए। उत्पीड़न के नाम पर एक बिजली कर्मी का किया गया स्थानांतरण निरस्त किया जाए।

2027 में यूपी में पीडीए की सरकार बनना तय : अखिलेश

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि 2027 में उत्तर प्रदेश में सपा के नेतृत्व में पीडीए की सरकार बनना तय है। पीडीए का संकल्प है कि इस बार सरकार बनने पर सामाजिक न्याय के राज की स्थापना की जाएगी। विकास और खुशहाली के लिए काम होगा। सभी को न्याय और सम्मान मिलेगा। भाजपा सरकार पीडीए समाज का शोषण कर रही है। पीडीए के हक और आरक्षण को छीन रही है। लगातार अपमानित कर रही है।

सपा के प्रदेश मुख्यालय पर सोमवार को प्रदेश के विभिन्न जिलों से आये पार्टी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में अन्याय, अत्याचार चरम पर है। गरीबों को न्याय नहीं मिल रहा है। सत्ता के संरक्षण में अपराधी खुलेआम घटनायें कर रहे है। उत्तर प्रदेश में महा अन्याय राज का दौर

चल रहा है। प्रदेश की कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त है। उत्तर प्रदेश में सत्ता सजातीय और पुलिस का गठजोड़ साजिश रचकर जाति देखकर हत्या करवा रहा है। इसके लिए मिली सुरक्षा हटाने तक का षड्यंत्र किया जाता है। सत्ताधारियों को लग रहा है कि जब तक उनकी सरकार है तब तक न तो कोई जांच होगी और न ही कोई पकड़ा जाएगा। मुख्यमंत्री ये क्यों नहीं स्वीकार कर लेते हैं कि उत्तर प्रदेश की बागडोर अपराधियों के हाथ में चली गयी है? उन्होंने कहा कि सपा की सरकार में उत्तर प्रदेश में विश्वस्तरीय काम हुए, जिसकी देश दुनिया में सराहना हो रही है। सपा सरकार में किसानों के लिए बहुत काम हुआ। दुग्ध उत्पादन को बढ़ाने के लिए काम किया। दुग्ध प्रोक्योरमेंट के लिए दुग्ध प्लांट लगवाये। प्रदेश में प्रतिदिन 30 लाख लीटर दुग्ध प्रोक्योरमेंट का लक्ष्य रखा गया लेकिन भाजपा सरकार ने सब बर्बाद कर दिया।

विश्राम नगर योजना में 2502 भवनों का जून से खुलेगा पंजीकरण

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। लखनऊ में अपने आशियाने का सपना देख रहे लोगों के लिए एक अच्छी खबर है। लखनऊ विकास प्राधिकरण अपनी विश्राम नगर योजना में 2502 आवासीय भवनों का पंजीकरण अगले माह से खोलने जा रहा है। इसके अंतर्गत देवपुर पारा के कबीर नगर में निर्मित किये जा रहे ईडब्ल्यूएस, एलआईजी व एमएमआईजी भवन लोगों के लिए उपलब्ध होंगे। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने सोमवार को अधिकारियों के साथ बैठक करके योजना को लांच करने के सम्बंध में जरूरी दिशा-निर्देश दिये।

- **देवपुर पारा के कबीर नगर में बने हैं ईडब्ल्यूएस, एलआईजी व एमएमआईजी भवन**

एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि देवपुर पारा के कबीर नगर में प्राधिकरण द्वारा पूर्व में 608 एसएमआईजी व 912 एमआईजी भवन निर्मित किये गये हैं, जिनमें बड़ी संख्या में लोग रह रहे हैं। इस योजना को विश्राम नगर का नाम दिया गया है। अब इस योजना में 1832 ईडब्ल्यूएस, 214 एलआईजी व 456 एमएमआईजी श्रेणी के नवीन बहुमंजिला आवासीय भवन निर्मित किये जा रहे हैं, जिनका कार्य अंतिम चरण में है। लगभग 32 वर्गमीटर से 55 वर्गमीटर क्षेत्रफल के यह भवन कम आय वर्ग वाले लोगों के बजट में होंगे। यहां बच्चों के लिए पार्क व व्यस्कों के लिए ओपन जिम आदि की सभी सुविधाएं होंगी। भवनों के निर्माण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा गया, जिससे यहां रहने वाले लोगों को किसी भी तरह की कोई असुविधा नहीं होगी। उपाध्यक्ष ने बताया कि योजना को आम लोगों के लिए जल्द से जल्द खोलने के उद्देश्य से सोमवार को सम्बंधित अधिकारियों के साथ बैठक की गयी। इसमें जून, 2025 से भवनों का पंजीकरण खोलने के निर्देश दिये गये हैं, जिसके लिए इस माह के अंत तक सभी तैयारियां पूरी कर ली जाएंगी।

श्रेणी	क्षेत्रफल	संख्या
ईडब्ल्यूएस भवन	30 से 32 वर्गमीटर	1832
एलआईजी भवन	45 वर्गमीटर	214
एमएमआईजी भवन	55 वर्गमीटर	456

33 लाख में एसएमआईजी व 31 लाख में एमआईजी भवन : अभियंत्रण जोन-3 के अधिशासी अभियंता संजीव कुमार गुप्ता ने बताया कि योजना में एसएमआईजी व एमआईजी के कुल 1520 भवन निर्मित हैं, जोकि पहले आओ-पहले पाओ योजना के अंतर्गत आवंटित किये जा रहे हैं। इच्छुक लोग एलडीए की वेबसाइट के माध्यम से इन भवनों को ऑनलाइन बुक करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि एसएमआईजी भवन का क्षेत्रफल लगभग 1032 वर्गफिट है, जिसकी कीमत लगभग 33 लाख रुपये है। वहीं, लगभग 977 वर्गफिट क्षेत्रफल का एमआईजी भवन लगभग 31 लाख रुपये का है।

तीसरी बार बदला योजना का नाम : देवपुर पारा योजना का एक बार फिर नाम बदलना पड़ा है। इससे पहले दो बार पूरी तरह फ्लाप रही इस योजना को रिलांच किया जाएगा। अब तीसरी बार विश्राम नगर नाम से खाली फ्लैटों को बेचने के लिए पंजीकरण खोले जाएंगे। लखनऊ विकास प्राधिकरण के पूर्व अफसरों व इंजीनियरों ने देवपुर पारा में बिना डिमांड सर्वे समाजवादी लोहिया इन्क्लेव नाम से मल्टीस्टोरी अवासीय योजना तैयार कर दी। यहां आश्रयहीन योजना के स्थान पर 19 मंजिला इमारत का खाका खींचा गया। करीब नौ साल काम ही पूरा नहीं हुआ।

यूपी रेरा ने रद्द कर दिया था पंजीयन : पंजीयन 30 सितंबर 2019 को रद्द कर दिया गया। अर्थदण्ड के साथ 30 सितंबर 2020 तक समयवृद्धि की गयी। इसके बाद भी काम पूरा न होने पर रेरा ने पंजीयन की वैधता को ही समाप्त कर दिया। इसके बाद एलडीए बोर्ड ने योजना को निरस्त कर नए नाम से पंजीकरण खोलने की अनुमति प्रदान की।

2015 में खुले थे पंजीकरण : समाजवादी लोहिया एन्क्लेव योजना के अंतर्गत फरवरी 2015 में पंजीकरण खोले गए थे। उस समय आवंटियों को करीब 30 महीने बाद कब्जा देने की बात कही थी। सिन्टेक्स व एलएंडटी की लापरवाही की वजह से गरीबों को समय पर कब्जा नहीं मिल सका।

अनंत नगर योजना में 334 भूखण्डों के लिए 12,776 लोगों ने कराया पंजीकरण

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण की अनंत नगर (मोहन रोड) आवासीय योजना को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह दिखाई दिया है। योजना में प्रथम चरण में 334 भूखण्डों के लिए पंजीकरण खोला गया था। सोमवार को अंतिम दिन रात 8:00 बजे तक 12,776 लोगों ने आवेदन करते हुए पंजीकरण कराया है। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि लॉटरी के माध्यम से भूखण्डों का आवंटन किया जाएगा। पंजीकृत आवेदकों का परीक्षण कराने के बाद लॉटरी की तारीख जल्द ही घोषित की जाएगी। एक भूखण्ड पर करीब 38 दावेदार हैं।

एलडीए सचिव विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि अनंत नगर आवासीय योजना में भूखंडों के लिए 4 अप्रैल से 3 मई के मध्य ऑनलाइन पंजीकरण खोला गया था। इसके बाद दो दिन बढ़ाते हुए 5 मई तक कर दिया गया। सोमवार को रात 8:00 बजे तक 12,776 लोगों ने पंजीकरण धनराशि जमा कराकर रजिस्ट्रेशन करा लिया। उन्होंने बताया कि सोमवार रात 11:59 बजे तक रजिस्ट्रेशन पोर्टल खुला रहा। इसके बाद से पोर्टल बंद हो जाएगा। अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा ने बताया कि अनंत नगर योजना में 785 एकड़ के विशाल क्षेत्रफल में टाउनशिप विकसित की जा रही है। जिसमें लगभग डेढ़ लाख लोगों के आशियाने का सपना साकार होगा। इसमें लगभग 2100 आवासीय भूखण्ड व 120 व्यावसायिक भूखण्ड सृजित किये जाएंगे। जिससे लोगों को बेहतर आवासीय सुविधा के साथ व्यावसायिक सेवाओं का लाभ योजना में ही मिलेगा। इसके अलावा ग्रुप हाउसिंग के 60 भूखण्डों में 10,000 से अधिक फ्लैट्स निर्मित किये जाएंगे। ईडब्ल्यूएस व एलआईजी श्रेणी के 5 हजार भवनों में 25 हजार से अधिक लोगों को आवासीय सुविधा प्राप्त हो सकेगी। योजना में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत भी भवनों का निर्माण किया जाएगा।

- **रात 11:59 बजे तक ऑनलाइन भुगतान कराया गया पंजीकरण**
- **785 एकड़ की आवासीय योजना में डेढ़ लाख लोगों को मिलेगा आशियाना**
- **100 एकड़ क्षेत्रफल में विकसित की जायेगी एडुटेक सिटी**

ग्रिड पैटर्न पर योजना का विकास

योजना का विकास अंतरराष्ट्रीय मानकों के अंतर्गत ग्रिड पैटर्न पर किया जा रहा है। जिसमें चौड़ी सड़कों के साथ निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए भूमिगत केबल बिछायी जाएंगी। योजना में लगभग 100 एकड़ क्षेत्रफल में एडुटेक सिटी विकसित की जाएगी। जहां लगभग 10,000 छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं फैकल्टी के सदस्यों के लिए हॉस्टल व आवासीय भवन बनाए जाएंगे। योजना में लगभग 130 एकड़ भूमि में पार्कों व ग्रीन स्पेस का विकास किया जाएगा, जोकि योजना को पर्यावरण के अनुकूल एक हरा-भरा क्षेत्र बनाएगा।

नगर आयुक्त से मिले पार्षदों ने कहा अभी भी बनी है जलभराव की समस्या

लखनऊ। सोमवार को नगर आयुक्त गौरव कुमार ने जोन दो के पार्षदों के साथ बैठक की। नगर निगम मुख्यालय में बैठक के दौरान पार्षदों ने अपने-अपने क्षेत्रों में चल रहे विकास कार्यों, जल निकासी की समस्याओं और सफाई व्यवस्था पर विस्तृत चर्चा की। विशेष रूप से नालों और नालियों की नियमित सफाई और मानसून पूर्व तैयारियों पर जोर दिया। पार्षदों ने बताया कि कई इलाकों में जलभराव की समस्या अभी भी बनी रहती है, जिसे प्राथमिकता से हल करने की आवश्यकता है। नगर आयुक्त गौरव कुमार ने अधिकारियों को सभी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। कहा आगामी बरसात से पहले आवश्यक कार्य पूर्ण कर लिए जाएं। उन्होंने पार्षदों को आश्वासन दिया कि प्रशासन उनके साथ मिलकर क्षेत्रीय समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है।

इन पार्षदों की रही मौजूदगी : इस बैठक में जोन-2 के अंतर्गत आने वाले वार्डों के पार्षद मौजूद रहे जिनमें सुभाष चन्द्र अम्बेडकर नगर वार्ड, ममता चौधरी मालवीय नगर वार्ड, संदीप शर्मा ऐशबाग वार्ड, गौरी सांवरिया कुंवर ज्योति प्रसाद वार्ड, राजू गांधी पार्षद प्रतिनिधि मोतीलाल नेहरू-चन्द्रभानु गुप्त वार्ड, राजीव तिलक नगर-कुंडरी रकाबगंज वार्ड, कौमुद त्रिपाठी राजाजीपुरम वार्ड, राजेश कुमार दीक्षित राजेन्द्र नगर वार्ड, नरेन्द्र शर्मा याहियागंज नेताजी सुभाष चन्द्र बोस वार्ड एवं राहुल मिश्रा राजा-बाजार वार्ड शामिल रहे। इनके अलावा अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार गुप्त, जोन 2 की जोनल अधिकारी शिल्पा कुमारी, जोनल सेनेटरी ऑफिसर, अधिशासी अभियंता और जलकल के अधिशासी अभियंता मौजूद रहे।

- **नगर निगम में जोन-2 की बैठक: विकास कार्यों और सफाई व्यवस्था पर हुई चर्चा**

मुख्यमंत्री से मिला पत्रकारों का दल, सौंपा ज्ञापन

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त संवाददाता समिति के सचिव भारत सिंह के नेतृत्व में सोमवार को पत्रकारों का एक दल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से पांच कालिदास मार्ग स्थित मुख्यमंत्री निवास पर मिला। इस दौरान पत्रकारों से जुड़े कई विषयों पर मुख्यमंत्री से चर्चा हुई। पत्रकारों के आवास व निःशुल्क चिकित्सा जैसे कुछ विषयों पर मुख्यमंत्री का ध्यान आकृष्ट कराया गया। मान्यता प्राप्त संवाददाता समिति के सचिव भारत सिंह ने पत्रकारों से जुड़ी समस्याओं के निराकरण के लिए मुख्यमंत्री को मांग पत्र सौंपा। मुख्यमंत्री ने पत्रकारों के हितों से जुड़ी समसस्याओं के निराकारण का आश्वासन दिया। प्रदेश में वरिष्ठ पत्रकारों के लिए पेंशन योजना शुरू करने, पत्रकारों को अनुदान पर प्लाट और फ्लैट उपलब्ध कराने और एसजीपीजीआई में पत्रकारों के इलाज के लिए 25 लाख रुपये की धनराशि को बढ़ाकर 50 लाख रुपये कराने की मांग रखी गयी। इसके अलावा समाचार पत्रों की विज्ञापन दरें और विज्ञापन मान्यता समिति का भी गठन के लिए बात रखी गयी। फोटो जर्नलिस्ट के लिए विधायक निवास दारुलशफा ए ब्लॉक- 66 में आवंटित कार्यालय का किराया जमा कराकर उसकी मरम्मत एवं साज-सज्जा कराई जाए ताकि फोटो जर्नलिस्ट का सदुपयोग कर सकें। इस अवसर पर बृजनन्दन राजू ने मुख्यमंत्री को स्वलिखित 'जनता सर्वोपरि' और 'स्वर्णिम भारत' की ओर पुस्तक भेंट की। भारत सिंह के नेतृत्व में सर्वेश सिंह, बृजनन्दन राजू, पदमाकर पाण्डेय, अरूणव सिन्हा, आशीष मौर्य, अनूप चतुवेर्दी, अशोक मिश्रा, सुरेश सिंह, डा. सत्येन्द्र त्रिपाठी और अनूप मिश्र मौजूद रहे।

क्या अब बदलनी होगी डायबिटीज की परिभाषा : डॉ.एस कुमार

लखनऊ। लखनऊ प्रेस क्लब में आयोजित डायबिटीज को लेकर चिकित्सा क्षेत्र की पारंपरिक सोच को चुनौती देने वाला अहम बयान सामने आया। एप्रोप्रियेट डाइट थेरेपी सेंटर के बैनर तले आयोजित इस संवाद में डायबिटीज मुक्त भारत अभियान के बारे में जानकारी दी गई, जिसे भारत गौरव सम्मान प्राप्त वैज्ञानिक डॉ. एस कुमार ने आरंभ किया है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. वरुण ने अपने संबोधन में डायबिटीज को 'लाइलाज रोग' मानने की धारणा को खारिज करते हुए कहा, डायबिटीज कोई बीमारी नहीं, बल्कि एक जीवनशैली जनित 'शुगर यूटिलाइजेशन डिसऑर्डर' है, जिसे बिना दवा और बिना इंसुलिन के, सिर्फ सटीक जांच और उचित खानपान द्वारा नियंत्रित किया जा सकता है। डॉ. एस कुमार के अनुसार अधिकांश मरीजों में ब्लड शुगर बढ़ने का कारण इंसुलिन का न बनना नहीं, बल्कि रक्त में उपस्थित शर्करा का उपयोग न हो पाना है। यही कारण है कि सन् 1921 से पहले (यानी इंसुलिन की कमी) का युग था, किन्तु के इस रसोईघर में छिपा असली अपराधीः कुकिंग ऑयल डॉ. कुमार ने अपने शोध में यह स्पष्ट किया कि रसोईघर में उपयोग होने वाला बीजों से निकला रिफाइंड तेल (जैसे सोयाबीन, सूरजमुखी आदि) सबसे बड़ा दोषी है जो रिसेप्टर्स को नुकसान पहुँचाता है और इंसुलिन रेसिस्टेंस का प्रमुख कारण बनता है।

पुराने लखनऊ में दर्जन भर से अधिक बिजली चोरी करते पकड़े गये

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। बिजली विभाग की अलग-अलग टीमों ने कई क्षेत्रों में बिजली चोरी के खिलाफ अभियान चलाते हुए उपभोक्ताओं के घर की मीटर से लेकर अवैध तार जोड़कर बिजली चोरी कर रहे लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया गया।

चौक सर्किल के विक्टोरिया उपकेन्द्र के तहत कश्मीरी मोहल्ला में 12 घरो में बिजली चोरी पकड़ी गयी। मेहताब बाग उपकेन्द्र के हाट मिर्जा अली खां नैपियर रोड के पास अल्मास मैरेज हाल में बिजली चोरी पकड़ी गयी जिनके खिलाफ जुर्माना के साथ एफआईआर दर्ज कराया गया। इस दौरान 18 लोग बिजली चोरी करते हुए पाए गए। इनमें से पांच के खिलाफ एफआईआर दर्ज करा दी गई। 13 के खिलाफ थाना में तहरीर दी गई है। मध्य क्षेत्र के मुख्य अभियंता एवं अधीक्षण अभियंता सर्किल आठ के निर्देश पर विभागीय टीम ने खंड चौक के मेहताब बाग सब स्टेशन से निर्गत हाई लाइन लास नेपियर रोड फीडर पर औचक जांच की। इस दौरान कश्मीरी मोहल्ला में दो और हाट मिर्जा अली खां, नैपियर रोड, अल्मास मैरिज हाल क्षेत्र में आठ लोग बिजली चोरी करते हुए पाए गए। सभी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के लिए तहरीर दी गई। प्रियदर्शिनी उपकेंद्र के विद्युत आपूर्ति क्षेत्र के मोहल्ला भरतनगर चमरही मोहिबुल्लापुर में विजिलेंस टीम के साथ बिजली चोरी के विरूद्ध संयुक्त चेकिंग अभियान चलाया गया। इन सभी के खिलाफ विद्युत चोरी निरोधक थाना में भारतीय विद्युत अधिनियम की धारा 135 के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। यहां पर पांच लोग कटिया लगा कर बिजली चोरी करते हुए पाए गए। सभी के खिलाफ विद्युत चोरी निरोधक थाना में मुकदमा दर्ज कराने के लिए तहरीर दी गई। उपखंड अधिकारी एवं अवर अभियंता अहिबरनपुर एवं प्रवर्तन दल ने मोहल्ला मदेयगंज में जांच अभियान चलाया। मौके पर पांच व्यक्ति अवैध रूप से बिजली चोरी करते हुए पाए गए।

बारिश से पहले युद्धस्तर पर बड़े नालों व ड्रेनेज की हो सफाई

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। कमिश्नर ने अफसरों को निर्देश दिए हैं कि बारिश के मौसम से पूर्व मैन पावर व मशीनरी की संख्या बढ़ाते हुए युद्धस्तर पर बड़े नालों व ड्रेनेज की साफ सफाई करा ली जाए। चौराहों और बसस्टैंड का सर्वे करा लिया जाये। शौचालय की कमी दिखने पर नए टॉयलेट का निर्माण कराया जाय। नगर निगम के तहत कराए जा रहे रूटीन विभिन्न कार्यों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कमिश्नर डॉ. रोशन जैकब ने यह निर्देश दिए। आयुक्त कार्यालय कक्ष में आहूत हुई बैठक में नगर आयुक्त गौरव कुमार, अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

- **चौराहों व बसस्टैंड पर करायें नए टॉयलेट का निर्माण**
- **वृहद स्तर पर अभियान चलाकर अतिक्रमण हटायें**

बैठक के दौरान मंडलायुक्त ने संबंधित को निर्देश दिये कि शहर के सामुदायिक शौचालय की नियमित साफ-सफाई कराते रहे। अगर कोई शौचालय मरम्मत योग्य हो तो उसको तत्काल मरम्मत कराले। ड्रैनेज व नाले की सफाई की समीक्षा के दौरान संबंधित अधिकारियों की ओर से बताया गया कि 7 बड़े नालों में से 2 बड़े नालों की सफाई करा ली गयी है। मध्यम 335 नालों की भी सफाई करायी जा रही है। अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माणधीन परियोजनाओं को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए। उन्होंने विशेष रूप से सड़क सुधार, जल निकासी, सीवरेज, स्ट्रीट लाइट, हरित क्षेत्र विकास, यातायात सुधार, और अन्य बुनियादी ढांचे से जुड़े कार्यों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सड़कों व नालियों के निर्माणधीन कार्यो में तेजी लाते हुए निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराने के लिये मुख्य अभियंता को निर्देशित किया।

मॉनिटरिंग के लिए एक विशेष टीम गठित की जाये : मण्डलायुक्त ने परियोजनाओं को अधिक प्रभावी बनाने के लिए नागरिकों की भागीदारी और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए एक प्रभावी फीडबैक प्रणाली विकसित करने के निर्देश दिए। मण्डलायुक्त ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि वे आपसी समन्वय से कार्य करें और समय-समय पर समीक्षा कर प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने यह भी कहा कि कार्यों की मॉनिटरिंग के लिए एक विशेष टीम गठित की जाए जो समय-समय पर निरीक्षण कर रिपोर्ट देगी। उन्होंने कहा कि सिविल कार्यों की टेंडरिंग बिना विलम्ब किये हुए कराया जाना सुनिश्चित किया जाये।

प्रातः 5 बजे से 10 बजे तक नियमित रूप से हो रोड स्वीपिंग : मण्डलायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मुख्य मार्गो की साफ-सफाई व रोड स्वीपिंग प्राथमिकता पर कराते रहे। रोड स्वीपिंग का कार्य प्रातः 5 बजे से 10 बजे तक नियमित रूप से होना चाहिए। इसमें किसी प्रकार की हीलाहवाली बर्दाश्त नही की जाएगी। संबंधित अधिकारी नियमित रूप से फील्ड में भर्मणशील रहते हुए शहर की साफ-सफाई व्यवस्था कराया जाना सुनिश्चित कराएंगे। उन्होंने जल निगम के अधिकारियों को निर्देश दिया कि पम्पिंग स्टेशन की क्रियाशीलता और चेम्बर की सफाई कराले।

राजाजीपुरम उद्योग व्यापार मंडल का हुआ गठन

लखनऊ। लखनऊ व्यापार मण्डल इकाई राजाजीपुरम परिक्षेत्र उद्योग व्यापार मण्डल के तहत एमआईएस गुरूद्वारा रोड उद्योग व्यापार मण्डल का गठन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लखनऊ व्यापार मण्डल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र एवं अध्यक्षता लखनऊ व्यापार मण्डल के वरिष्ठ महामंत्री पवन मनोचा मंच का संचालन उमेश शर्मा ने किया। अमरनाथ मिश्र ने अध्यक्ष मयंक बाजपेई वरिष्ठ महामंत्री अनुराग सिंह महामंत्री पंकज द्विवेदी, आकांश कश्यप, मीडिया महामंत्री राजेंश श्रीवास्तव वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामचन्द्र श्रीवास्तव अनिल वर्मा सुधीर कुमार द्विवेदी प्रभात यादव उपाध्यक्ष सुफियान मनजीत सिंह गुलशन रस्तोगी कोषाध्यक्ष नीरज विश्वकर्मा मंत्री मोनू गुप्ता पंकज चैरसिया शब्बीर हेमंत श्रीवास्तव जनसंपर्क को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी। उमेश शर्मा ने एमआईएस गुरूद्वारा रोड व्यापार मण्डल के संरक्षक कैलाशचन्द्र अग्रवाल को घोषित किया और कहा कि जिस तरह घर में बुर्जुग की अवश्यकता होती है उसी तरह संगठन में नयी दिशा दिखाने के लिए संरक्षक की आवशकता होती है। और नव गठित टीम को बधाई दी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुशील तिवारी, विशाल कोहली, सौरभ शर्मा, सोनू घई, मनीष मिंश्रा, दीपक सहगल, अनूज द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

योग दिवस अब एक वैश्विक जनांदोलन : राज्यपाल

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। यूपी की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने सोमवार को कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस अब केवल एक प्रतीकात्मक दिवस नहीं, बल्कि एक वैश्विक जनांदोलन बन चुका है। राज्यपाल एवं राज्य विश्वविद्यालयों की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में सोमवार को इस वर्ष के अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के संबंध में एक महत्वपूर्ण ऑनलाइन बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश के समस्त राज्य विश्वविद्यालयों के कुलपति व वरिष्ठ अधिकारी ऑनलाइन माध्यम से जुड़े। राजभवन द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, आनंदीबेन पटेल ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस अब केवल एक प्रतीकात्मक दिवस नहीं, बल्कि एक वैश्विक जनांदोलन बन चुका है, जिसके माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली, मानसिक संतुलन, सामाजिक समरसता और पर्यावरणीय चेतना को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 21 जून (योग दिवस) को विश्वविद्यालय के सभी परिसरों और अधीनस्थ महाविद्यालयों में सामूहिक योग अभ्यास सुनिश्चित करें, जिससे अधिक से अधिक विद्यार्थी, शिक्षक व कर्मचारी लाभान्वित हों। राज्यपाल ने इस वर्ष योग दिवस के विषय एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह विषय न केवल वसुधैव कुटुंबकम की भावना को सशक्त करता है, बल्कि सम्पूर्ण मानवता के लिए योग को जीवनशैली का हिस्सा बनाने का आह्वान भी करता है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मद्देनजर एक जून से 21 जून तक आयोजित किए जाने वाले श्रृंखलाबद्ध योग कार्यक्रमों को अद्भुत, रचनात्मक एवं सामूहिक प्रयास का प्रतीक बनाने के निर्देश दिए। आनंदीबेन पटेल ने कहा कि स्वच्छता, संगीत और योग को एकीकृत कर इनका दस्तावेजीकरण किया जाए, ताकि उसका संकलन कर एक पुस्तक तैयार की जा सके। उन्होंने नवनिर्मित खेल विश्वविद्यालय को निर्देश दिया कि वे आंगनबाड़ी एवं प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों और अन्य विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों को खेलों से जोड़ते हुए योग करवाएं ताकि उनमें योग के प्रति रुचि बढ़े।

लखनऊ विकास प्राधिकरण

(ISO 14001 : 2004, ISO 9001-2008 प्रमाणित संस्था)

प्राधिकरण भवन, विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ (उ.प्र.)। पीबीएक्स : 1800 1800 5000, वेबसाइट: www.ldaonline.co.in"

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की आवासीय/व्यवसायिक/रेन्ट/नजूल/इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट योजनाओं के निम्नलिखित आवेदकों द्वारा उनके नाम के सामने अंकित सम्पत्ति का हस्तानान्तरण/ नामांकरण किये जाने हेतु प्राधिकरण में प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किया गया है :-

क्र सं.	मूल आवंटी का नाम	भवन/भूखण्ड/ फ्लैट संख्या	योजना का नाम	मृत्यु का दिनांक	मूल आवंटी के उत्तराधिकारी अथवा आवेदक का नाम	उत्तराधिकारी के पक्ष में अनापत्ति कर्ताओं के नाम	मूल आवंटी (मृतक) से आवेदक के सम्बंध
1	2	3	4	5	6	7	8
1	स्व0 रेनु गुरनानी	भूखण्ड संख्या- 4/137	विभव खण्ड गोमती नगर	20.04.2021	श्री प्रदीप कुमार गुरनानी	श्री संजीव गुरनानी	पुत्र
2	स्व0 मंजू (क्रेता)	भूखण्ड संख्या- 2/6	विशेष खण्ड	15.10.2022	1. श्री राजुल कृष्ण भटनागर 2. श्री मुदित भटनागर 3. श्रीमती नुपूर भटनागर	रजिस्टर्ड वसीयतनामा के आधार पर	पुत्र पुत्र पुत्री
3	श्री सुधीर प्रभाकर अवस्थी	भूखण्ड संख्या डी- 188, सेक्टर-डी	कानपुर रोड योजना	30.12.2020	1. श्रीमती ऊषा अवस्थी 2. श्री अनिमेश अवस्थी 3. श्री आयुष अवस्थी	श्रीमती श्रद्धा अवस्थी-पुत्री	पत्नी पुत्र पुत्र
4	श्री अमित सिन्हा एवं श्री प्रशान्त सिन्हा	भूखण्ड सं0 बी-6/73	विनीत खण्ड गोमती नगर योजना	श्री प्रशान्त सिन्हा की मृत्यु दिनांक 06.05.2021	श्रीमती स्वाती सिन्हा व नाबालिग पुत्र अर्नव सिन्हा संरक्षिकता माता श्रीमती स्वाती सिन्हा	-	पत्नी पुत्र
5	श्रीमती मोहिनी चतुर्वेदी (मृतक)	भूखण्ड संख्या- बी-37	टी0जी0 नार्थ चाँदगंज	25.01.2023	श्री सुनील कुमार पुत्र स्व0 मोहिनी चतुर्वेदी	-	पंजीकृत वसीयत दिनांक 09.07.2021

उपर्युक्त नामान्तरण के आवेदन के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह साक्ष्य सहित प्रकाशन तिथि से 30 दिनों के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त करा दें। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर प्राधिकरण अभिलेखों में कॉलम-6 पर लिखित व्यक्ति का नाम दर्ज कर लिया जायेगा तथा उसके बाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

सचिव

महत्वपूर्ण नंबर
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

फायर स्टेशन
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

एम्बुलेंस
मेडिकल सेवा- 102, 108

युवक की गला कसकर हत्या, खेत में मिला शव

- दो महिलाओं सहित छह पर हत्या का आरोप

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। नगराम के खुबहरा गांव से बाहर खेत में सोमवार सुबह गांव के ही युवक का शव पाया गया। मृतक की बेल्ट से उसका गला कसा हुआ था और सिर व शरीर पर चोट के निशान मिले हैं।

हत्या की जानकारी होते ही ए सी पी मोहनलाल गंज रजनीश वर्मा व थानाध्यक्ष नगराम विवेक चौधरी द्वारा पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर जांच पड़ताल की गई। थानाध्यक्ष नगराम विवेक चौधरी ने बताया कि मृतक की पत्नी द्वारा गांव के ही कुछ लोगों पर हत्या का आरोप लगाते हुए दी गई तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा गया है। कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। नगराम के कुबहरा गांव निवासी सुनीता द्वारा नगराम थाने पर दी गई तहरीर के अनुसार उसके पति महेश रविवार शाम करीब आठ बजे गांव के मोड़ तक टहलने जाने की बात कहकर घर से निकले थे काफी देर तक वापस नहीं आने पर खोजबीन करने गई तो देखा कि गांव से बाहर राजू प्रधान के पालेसर के पास गांव के ही दीपू रामदीन लवकुश व सुनीता साथ में बैठे थे। पति से घर चलने की बात कहने पर सभी लोगों ने थोड़ी देर बाद घर भेजने की बात कहकर उसे वापस भेज दिया। सोमवार सुबह चरवाहों से जानकारी मिली की गांव से बाहर सहजराम के खेत में समाधि के पास एक शव पड़ा हुआ है। परिजनों के साथ वहां जाकर देखा तो शव उसके पति महेश का निकला। महेश का शव खून से लथपथ था तथा गला बेल्ट से कसा हुआ था। उसे यकीन है कि गांव के ही राम दीन लवकुश दीपू सहज राम की पत्नी विनीता लड़की रेशमा व सुरेंद्र कुमार ने मिलकर मारपीट कर गला बेल्ट से कसकर उसके पति महेश की हत्या कर दी है। थानाध्यक्ष नगराम विवेक चौधरी ने बताया कि मृतक की पत्नी सुनीता द्वारा दी गई तहरीर पर आरोपी रामदीन लवकुश दीपू विनीता रेशमा व सुरेंद्र कुमार सहित छह आरोपियों के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पिता की मौत का बदला लेने के लिए साथियों संग बेल्ट से गला कसकर हत्या के बाद समाधि पर लेटाया शव। मृतक के भाई तिवारी ने बताया कि करीब तीन साल पहले लवकुश के पिता सहजराम ने आत्म हत्या कर लिया था। सुसाइड नोट में महेश व उसकी पत्नी सुनीता को जिम्मेदार ठहराया था। उक्त मामले में महेश व सुनीता जेल गए थे। उसी रंजिश में लवकुश अपने साथियों के साथ मिलकर रविवार रात महेश की बेल्ट से गला कसकर हत्या कर शव सहजराम की समाधि पर रखकर फरार हो गए। मृतक चार भाई थे परिवार में पत्नी सुनीता 15 वर्षीय दिव्यांग लड़का व माता पिता हैं।

फंदे पर लटका मिला डी फार्मा का छात्र कुछ माह पहले हुई थी सगाई: पीजीआई थाना क्षेत्र स्थित एल्डिको कालोनी में एक दुखद घटना सामने आई। रविवार की रात डी फार्मा कर रहे 24 वर्षीय छात्र तारीख सिद्दीकी ने फांसी लगाकर जान दे दी। तारीख रायबरेली रोड की एल्डिको कालोनी के उद्यान दो में अपने परिवार के साथ रहते थे। वह सईद अनवर के दो बेटों में बड़े थे। उन्होंने छत के पंखे में चादर का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। प्रभारी निरीक्षक धीरेंद्र कुमार सिंह के अनुसार, घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। जानकारी के मुताबिक, मृतक की छह महीने पहले सगाई हुई थी। उन्होंने अपनी मंगेतर से बात करने के बाद यह कदम उठाया है। पुलिस को सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतारा। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और आत्महत्या के कारणों का पता लगाने में जुटी है।

पति ने गला घोंटकर पत्नी को उतारा मौत के घाट

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के दड़ईन सरथुआ गांव में पति ने पत्नी की हत्या कर दी। मृतका की पहचान सविता देवी के रूप में हुई। आरोपी पति संजय घटना के बाद मौके से फरार हो गया। गुस्साए परिजनों ने हंगामा किया। पुलिस को शव नहीं उठाने दिया। पुलिस अधिकारियों के समझाने के बाद वह शांत हुए। आरोपी शटरिंग का काम करता है। उनके दो बच्चे अर्पित और कार्तिक हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है। आरोपी पति की पुलिस तलाश कर रही है।

मृतका का शव सोमवार शाम करीब 6:30 बजे मोहनलालगंज थाना क्षेत्र में पूरन गांव के समीप किसान पथ के पास मिला। उसके गले पर निशान था। सिर में गहरा चोट था। पुलिस की प्रारंभिक जांच में आया है कि सिर पर ईंट से वार किया गया है। उसका गला घोंटा गया है। अउड्ढ साउथ अमित कुमावत ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। उन्होंने भी परिजनों से बातचीत की। फारेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्र किए हैं। मृतका के परिजनों ने आरोप लगाया कि संजय पत्नी की चचेरी बहन से बातचीत करता था। इसका विरोध किया गया था। इससे नाराज होकर वह आए दिन सविता से विवाद करता था। उसकी पिटाई करता था। परिजनों ने संजय के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। उन्होंने शव को नहीं उठने दिया।

पुलिस अधिकारियों के समझाने बुझाने के बाद वह शांत हुए। उसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा।

लुटेरों से पुलिस मुठभेड़ दोनों बदमाश घायल

- पुलिस ने दोनों घायलों को पहुंचाया अस्पताल इलाज जारी महिलाओं से करते थे लूटपाट

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। लखनऊ में पुलिस की चेन स्नैचरों से मुठभेड़ःपैर में गोली मारी; 2 बदमाश लखनऊ। पूर्वी जोन के गोमतीनगर इलाके में सोमवार तड़के पुलिस और चैन स्नैचर के बीच मुठभेड़ हो गई। जनेश्वर मिश्रा पार्क और सहारा पुल के पास अलग-अलग मुठभेड़ों में पुलिस ने दो शातिर बदमाशों मोनू राजपूत और महेश रावत को गिरफ्तार किया। दोनों के कब्जे से चेन, पर्स, देसी तमंचा और बिना नंबर की बाइक बरामद की गई हैं। डीसीपी पूर्वी शशांक सिंह के अनुसार सुबह करीब 3 बजे पुलिस गश्त कर रही थी। इस दौरान बिना नंबर प्लेट की बाइक से जा रहा एक युवक संदिग्ध दिखाई दिया। रोकने की कोशिश की गई तो उसने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी फायरिंग में बदमाश के पैर में गोली लगी। पहले बदमाश को घायल करने के बाद जब पुलिस उसके साथी की तलाश में आगे बढ़ी तो सहारा पुल के पास दूसरे बदमाश ने भी पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में उसके पैर में भी गोली लगी और पकड़ा गया। दोनों बदमाशों ने पूछताछ में हाल ही में गोमतीनगर और आस-पास के इलाकों में महिलाओं से लूट की कई वारदातों में शामिल होने की बात कबूल की है। पुलिस ने इनके पास से छीना गया सामान भी बरामद कर लिया है। डीसीपी पूर्वी ने बताया कि गिरफ्तार बदमाशों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। सीसीटीवी फुटेज और बरामद सामान के आधार पर इनकी पहचान हुई थी। पुलिस इनका आपराधिक इतिहास खंगाल रही है। सूत्रों के अनुसार दोनों बदमाश अब तक 6 घटनाओं में संलिप्त पाए गए हैं।

डॉक्टर के घर में लगी आग कोई जनहानि नहीं

लखनऊ। मड़ियांव में एल्डिको सिटी स्थित डॉ. अनिल कुमार वर्मा के घर में सोमवार को आग लग गई। आग देख आसपास के लोगों ने पुलिस और दमकल को सूचना दी। मौके पर पहुंची दो दमकल ने एक घंटे में आग पर काबू पाया। घटना के वक्त घर बंद होने से आग बुझाने के लिए लॉक तोड़ने पड़े। मड़ियांव इंस्पेक्टर शिवानंद मिश्रा ने बताया कि एल्डिको कॉलोनी में डॉ. अनिल कुमार वर्मा का तीन मंजिला मकान है। सोमवार दोपहर करीब 12 बजे घर से धुआं और आग की लपट देख आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। आग की सूचना पर थाना पुलिस के साथ बीकेटी फायर स्टेशन से दो दमकल मौके पर पहुंच गई। जिन्होंने पानी डालकर आग पर काबू पाया। आग किचन से फैली थी। जिससे घर में रखा सामान चपेट में आ गया। बीकेटी ने बताया दमकल कर्मी पहुंचे तो पूरे घर में धुआं भरा हुआ था। घर से लपट निकल रही थी। घर बंद होने से दरवाजा खोलने में दिक्कत आई। बीए सेट पहनकर दमकल कर्मियों ने पानी डालकर आग को बुझाया। आग शॉर्ट सर्किट से लगने का संभावना है।

महिला का नहाते समय बनाया वीडियो मुकदमा दर्ज

लखनऊ। बीबीडी इलाके में रहने वाले एक युवक ने पड़ोस में रहने वाली महिला का नहाते वक्त वीडियो बना लिया। पीड़िता का आरोप है कि वीडियो वायरल करने का विरोध करने पर मारपीट की। पुलिस मामला दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। पीड़िता का कहना है कि वह घर में आंगन में नहाती है। जिसका फायदा उठाकर इलाके के सुमित ने धोखे से उसका नहाते वक्त का वीडियो बना लिया। इसकी जानकारी एक रिश्तेदार ने दी। इस पर उसके घर जाकर विरोध दर्ज कराया। इस पर सुमित और पिता कंधई लाल ने मारपीट की। इंस्पेक्टर राम सिंह के मुताबिक पीड़िता की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

युवती पर धर्म बदलवाने का आरोप

लखनऊ। एक युवती पर कुछ लोग धर्मांतरण का दबाव बना रहे हैं। यही नहीं इंटरनेट कॉलिंग से धमकी दे रहें हैं। जिससे युवती की मानसिक तौर पर परेशान है। पिता की शिकायत पर साइबर सेल और पारा थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। पारा इंस्पेक्टर सुरेश सिंह ने बताया कि एक व्यापारी की बेटी पारा में रहकर पढ़ाई कर रही है। उनका आरोप है कि कुछ दिन पहले चार अज्ञात लोगों ने बेटी को मेल भेजा। मेल में अश्लील मैसेज और वीडियो भेज रहे थे।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक चालक की मौत, पत्नी-बेटा घायल

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। थाना क्षेत्र के पतौना मोड के पास अज्ञात वाहन की जोरदार टक्कर से बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। जबकि पत्नी व 4 वर्ष के बच्चे को मामूली चोटे आई हैं। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को एंबुलेंस से माल सीएचसी भेजा। जहां डाक्टर देखने के बाद बाइक चालक संजूसिंह को मृत बता दिया।

मिलीजानकारी के अनुसार हरदोई जनपद के संडीला थाना क्षेत्र के गनौरा गांव निवासी संजू सिंह (31) व पत्नी रोलीसिंह तथा 4 वर्षीय बेटा कलश सिंह जो वर्तमान समय में लखनऊ में रहते हैं। सोमवार को लखनऊ से मोटरसाइकिल प्लैटिना से रहीमाबाद थाना क्षेत्र के गोडवा बरौकी गांव रिश्तेदारी में जा रहे थे। जैसे ही वह पतौना मोड के पास पहुंचे ही थे कि किसी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे संजूसिंह गंभीररूप से घायल हो गये और पत्नी तथा बेटा छिटककर दूर जा गिरा। राहगीरों कि सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की सहायता से माल सामुदायिक स्वास्थ्यकेंद्र पहुंचाया। जहां पर चिकित्सक ने देखने के बाद संजू को मृत बता दिया। प्रभारी निरीक्षक नबाब अहमद ने बताया कि हेलमेट न पहनने से सर में गंभीर चोट लगने से संजूसिंह की मौत हो गई। जबकि हेलमेट था जिसे पत्नी रोलीसिंह ने हाथ में पकड़ रखा था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वही मृतक की पत्नी रोली सिंह व 4वर्षीय बेटे कलश को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया।

रेलवे ट्रैक पर मिला निजी वाहन चालक का शव: सरोजनी नगर में सोमवार सुबह एक युवक का शव रेलवे पटरी के किनारे मिला। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के आजाद नगर निवासी 37 वर्षीय अंजनी कुमार के रूप में हुई है। सरोजनी नगर थाने के उप निरीक्षक नीरज सिंह को सुबह 8 बजे सूचना मिली। ट्रांसपोर्ट नगर में रेलवे पटरी के किनारे शव पड़ा था। पुलिस ने जांच में पाया कि मृतक के सिर और शरीर पर कई जगह चोट के निशान हैं। मृतक की जेब से मिले ड्राइविंग लाइसेंस से उसकी पहचान हुई। अंजनी कुमार मूल रूप से उन्नाव जिले के नरसिंहपुर गांव का रहने वाला था। वह आजाद नगर में किराए पर अकेले रहकर वाहन चलाता था। प्रारंभिक जांच में ट्रेन की चपेट में आने से मौत होने की बात सामने आई है। हालांकि, मौत का सटीक कारण पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचित कर दिया है। उनके आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

देशी शराब के ठेके के पास मिला मजदूर का शव

लखनऊ। मलिहाबाद में एक मजदूर की संदिग्ध मौत हो गई। फिरोजपुर गांव के राजकुमार रावत (35) का शव शनिवार देर रात माल रोड स्थित देसी शराब ठेके के समीप एक ट्रैक्टर के पास मिला। राजकुमार शनिवार शाम 6 बजे अपने साले की मोटरसाइकिल लेकर घर से निकले थे। देर रात तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। मोटरसाइकिल मलिहाबाद चौराहे के पास खड़ी मिली, लेकिन राजकुमार का कहीं पता नहीं चला। रात करीब 11:30 बजे शराब ठेके के पास उनका शव मिला। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ट्रैक्टर के बंफर पर डिस्पोजल गिलास और चखना रखा हुआ था। राजकुमार की ठुड्डी बंफर पर टिकी हुई थी। उनके गले पर गहरे निशान पाए गए। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मलिहाबाद थाना प्रभारी सुरेन्द्र सिंह भाटी के अनुसार, मृतक की पत्नी रजनी की शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। रविवार को पोस्टमॉर्टम के बाद गांव में शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। राजकुमार लखनऊ में मजदूरी करते थे। उनके परिवार में पत्नी रजनी के अलावा 5 वर्षीय बेटी सानिया और 3 वर्षीय बेटा शिवांश हैं। परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर है।

प्रेमी के साथ मिलकर मांग रही थी पांच लाख की रंगदारी, गिरफ्तार

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। आलमबाग पुलिस ने आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में पत्नी व उसके प्रेमी को गिरफ्तार किया है। आरोपी महिला घर में रखे दो लाख रुपए लेकर भाग गई थी। इसके बाद प्रेमी के साथ मिलकर और पैसे की डिमांड की कर रही थी। जिससे परेशान होकर युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

मवैया सब्जी मंडी आलमबाग निवासी अभिमन्यु लोधी ने 12 अप्रैल को सुसाइड कर लिया। जिसके बाद अभिमन्यु की मां जानकी देवी ने बहू व उसके प्रेमी के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने की शिकायत दर्ज कराई थी। जानकी देवी ने बताया था कि दो साल पहले अभिमन्यु की शादी आरती से हुई थी। दो महीने पहले अभिमन्यु ऑटो खरीदने के लिए दो लाख रुपए घर लेकर आया था। जिसे उसकी पत्नी आरती लेकर भाग गई थी। इसके बाद अपने प्रेमी विष्णु कुमार राठौर के साथ मिलकर 5 लाख रुपए देने का दबाव बना रही थी। पत्नी व उसका प्रेमी एक हफ्ते से उसको मैसेज के जरिए पैसे का दबाव बना रहे थे। मना करने पर झूठे मुकदमें में फंसाने की धमकी दे रहे थे। जिससे तंग आकर अभिमन्यु ने 12 अप्रैल को रात करीब 1.30 बजे फांसी लगी ली। जिसके बाद दोनों आरोपी फरार हो गए। पुलिस सोमवार को आरोपी आरती और उसके प्रेमी विष्णु कुमार राठौर को गिरफ्तार किया गया।

निजी कम्पनी के मालिक पर लिफ्ट लगाने वाले को पीटने का आरोप

लखनऊ। शंख एयरलाइंस के मालिक श्रवण कुमार विश्वकर्मा पर एक लिफ्ट लगाने वाली कंपनी के सेल्स एग्जीक्यूटिव ने बंधक बनाकर पीटने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने सोमवार को अपने शरीर पर पिटाई से लगे चोट के निशान भी दिखाए। कहा, गोमती नगर विस्तार स्थित श्रवण विश्वकर्मा के घर में लिफ्ट रही थी। इस काम को एक दिन पूरा करने का दबाव बना रहे थे। मना करने पर बदसलूकी की और उल्टा लटकाकर पीटा है। श्रवण विश्वकर्मा, आलोक पांडेय, सगम अभिरल अग्रवाल, उपेंद्र सिंह और दो तीन अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज हुआ है। एयरलाइंस के तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। लखनऊ के गोमती नगर विस्तार में शंख एयरलाइंस के उएड श्रवण कुमार विश्वकर्मा का घर है। मल्हौर रोड एमिटी यूनिवर्सिटी के पास रहने वाले प्रभात लोहानी जॉनसन लिफ्ट प्राइवेट लिमिटेड में सीनियर सेल्स एग्जीक्यूटिव हैं। उन्होंने बताया, सोमवार सुबह करीब 10 बजे कंपनी के कर्मचारी गोमती नगर विस्तार स्थित शंख एयरलाइंस के सीईओ श्रवण कुमार विश्वकर्मा के घर लिफ्ट लगाने का काम कर रहे थे। आरोप है कि श्रवण एक दिन में काम पूरा करने की बात कहने लगे। कर्मचारियों ने जवाब दिया कि एक दिन में काम पूरा नहीं हो पाएगा। इस पर श्रवण नाराज हो गए। उन्होंने कर्मचारियों को गाली देना शुरू कर दिया। सेल्स एग्जीक्यूटिव प्रभात लोहानी, परवेज, संतोष, पवन यादव को बुरी तरह पीटा। घर में बंधक बना लिया। सबके मोबाइल भी छीन लिए। इस दौरान पवन ने मौका पाकर दूसरे मोबाइल से चुपचाप कंपनी में फोन कर जानकारी दी।

जनपद में कानून व्यवस्था को और अधिक मेंटेन किया जाए

- प्रभारी मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने पुलिस अधिकारियों के साथ जनपद की कानून व्यवस्था की समीक्षा की
- पुलिसिंग व्यवस्था को और अधिक चुस्त करें, महिला अपराध के संबंध में और अधिक प्रभारी कार्यवाही की जाए
- शहर में अस्थाई अतिक्रमण हटाए जाएं जिससे जाम की समस्या से निजात पाई जा सके

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री तथा जनपद लखनऊ के प्रभारी मंत्री श्री सुरेश कुमार खन्ना ने पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनपद में कानून व्यवस्था को और अधिक मेंटेन किया जाए। पुलिसिंग व्यवस्था को और अधिक चुस्त करें। महिला अपराध के संबंध में और अधिक प्रभारी कार्यवाही की जाए। पंजीकृत अभियोग की नियमित समीक्षा की जाए।

प्रभारी मंत्री आज योजना भवन में पुलिस अधिकारियों के साथ जनपद की कानून व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अपराध के मामले में शत प्रतिशत कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। दोषियों के विरुद्ध प्रभारी कार्यवाही की जाए, जिससे पीड़ितों को त्वरित न्याय मिले। उन्होंने कहा कि सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता है इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं है। कानून व्यवस्था की जिम्मेदारी संभाल रहे पुलिस के कार्मिक रात्रि में निरंतर पेट्रोलिंग करें, जिससे आपराधिक गतिविधियों पर पूर्णतः अंकुश लगाया जा सके। उन्होंने कहा कि अपराधियों पर की गई कार्रवाई आम जनमानस महसूस भी करें ऐसे प्रयास किए जाएं, ताकि अपराधी प्रवृत्ति के लोगों में कानून का भय पैदा हो। उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री जी की मंशा के अनुरूप जनपद में कानून व्यवस्था को और अधिक चुस्त दुरुस्त किया जाए।

प्रभारी मंत्री ने कहा कि शहर में अस्थाई अतिक्रमण हटाए जाएं जिससे जाम की समस्या से निजात पाई जा सके। जाम की समस्या को लेकर लॉन्ग टर्म के साथ-साथ शॉर्ट टर्म के लिए प्लान बनाकर कार्य किया जाए। उन्होंने पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि नगर निगम के अधिकारियों के साथ समन्वय बनाकर प्लान तैयार करें और हर हाल में शहर को जाम की समस्या से मुक्ति दिलाए।

ऑनलाइन शॉपिंग के नाम पर आठ लाख का फ्रॉड, मुकदमा दर्ज

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। साइबर ठगों ने सेवानिवृत्त उप निदेशक राष्ट्रीय बचत को अपना शिकार बनाया है। पीड़ित रावेन्द्र सिंह के मोबाइल पर 3 अप्रैल को डी-मार्ट का एक लिंक आया। उनसे ऑर्डर बुक करने के लिए डी-मार्ट एपीके डाउनलोड करने को कहा गया। अगले दिन सुबह 9:45 बजे एक नंबर से फोन आया। कॉलर ने फिर से एपीके डाउनलोड करने को कहा। फोन होल्ड पर रखने के बाद दो-तीन ओटीपी आए। रावेन्द्र सिंह ने किसी को ओटीपी नहीं बताया। फिर भी उनके क्रेडिट कार्ड से 3,69,990 और 4,29,990 रुपये की दो राशियां डेबिट हो गईं। ठगों ने तीसरा ट्रांजैक्शन भी करने की कोशिश की। लेकिन पीड़ित ने फोन स्विच ऑफ कर दिया। बाद में एसबीआई कार्ड की तरफ से कार्ड ब्लॉक कर दिया गया। रावेन्द्र सिंह ने एसबीआई कार्ड के कस्टमर केयर पर सुबह 10:28 बजे फोन करके दोनों ट्रांजैक्शन के लिए डिस्प्यूट दर्ज कराया। पीड़ित ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि उन्होंने किसी को भी ओटीपी नहीं दिया। फिर भी उनके खाते से पैसे निकल गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित ने अपनी राशि वापस पाने की गुहार लगाई है।

साइबर जालसाजों का आतंक 99 हजार ठगे: महानगर में साइबर जालसाजों ने युवक के खाते से 99 हजार रुपए निकाल लिए। पहले पैसे डेबिट होने का मैसेज भेजा। कुछ देर बाद मैसेज डिलीट हो गया। बैंक में जानकारी करने पर बिहार से पैसा निकलने का पता चला। पुलिस केस दर्ज करके मामले की जांच कर रही है। फाचुर्ना रिवेरा ब्लू अपार्टमेंट न्यू हैदराबाद निवासी कमल कुमार सिंह ने बताया कि उनका बैंक अकाउंट इंडियन ओवरसीज बैंक की बीएसआईपी लखनऊ विश्ववि ?द्यालय मार्ग पर है। वह अपना सारा लेनदेन करते हैं। कमल का कहना है कि 16 अप्रैल को रात करीब 9.31 बजे रजिस्ट्रर्ड मोबाइल नंबर पर 99 हजार रुपए कटने का मैसेज आया। अगली सुबह वो मैसेज डिलीट हो गया। अगले दिन खाते से पैसे कटने की जानकारी करने बैंक पहुंचे। बैंक स्टेटमेंट निकलवाने पर पता चलता है कि एकाउन्ट और मोबाइल नंबर से यूपीआई बनाकर 99 हजार ट्रान्जेक्शन किया गया है। जो पैसा बिहार बेगूसराय के रत्नाकर बैंक में क्रेडिट हुआ है। जबकि कमल अपने अकाउंट का यूपीआई में इस्तेमाल नहीं करते हैं। ठगी का पता चलने पर उन्होंने साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई है। मामले में पुलिस का कहना है कि केस दर्ज करके जांच की जा रही है।

क्रेडिट कार्ड वेरिफिकेशन के नाम पर चार लाख की ठगी

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। साइबर ठगों ने क्रेडिट कार्ड वेरिफिकेशन के नाम पर एक युवक से लाखों रुपए ठग लिए। विकास नगर पुलिस पीड़ित की शिकायत पर मामले की जांच पड़ताल कर रही है। विकास नगर मामा चौराहा के पास रहने वाले नसीमुज्जफर सि ?द्दीकी ने पुलिस को बताया कि उनका बैंक ऑफ बड़ौदा की विकासनगर शाखा में खाता है।

उनका आरोप है कि एक युवक ने क्रेडिट कार्ड वेरिफिकेशन के लिए वॉट्सऐप पर कॉल किया। उसने कहा कि मैं बैंक ऑफ बड़ौदा से बोल रहा हूं। आपके क्रेडिट कार्ड का वेरिफिकेशन होना है, नहीं कराने पर कार्ड ब्लॉक हो जाएगा। उसकी बातों में आकर क्रेडिट कार्ड की डिटेल और ओटीपी बता दिया, जिसके बाद मेरे खाते से 4.75 लाख रुपए कट गए। विकास नगर थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है। साइबर टीम की मदद से साइबर ठगों के विषय में जानकारी की जा रही है।

'सिकंदर' में अभिनय करना मेरे लिए सपने जैसा : विकास वर्मा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। फिल्म सिकंदर से चर्चा में आये विकास वर्मा इससे पहले फिल्म में यारियां, मॉम, जुड़वा 2, राब्ता और शानदार जैसी फिल्मों में नजर आ चुके हैं। वॉयस ऑफ लखनऊ से बातचीत में विकास ने सिकंदर, सलमान खान के साथ काम करने के अनुभव, फिल्म में अपने किरदार और अपने करियर के बारे में बात की।

सिकंदर फिल्म आपके लिए कैसी रही, सलमान खान के साथ काम करने का अनुभव आपका कैसा रहा ?

सलमान खान से मिलना भारत के करोड़ों लोगों का सपना है, मेरा भी ऐसा ही एक सपना था। मैंने सोचा था कि शायद उन्हें मिलकर एक फोटो खिंचवाऊंगा, लेकिन किस्मत को कुछ और ही मंजूर था. किस्मत ने मुझे उनके साथ काम करने का मौका दे दिया। जब फिल्म सामने आई, तो यह एक बेहतरीन फिल्म निकली, इसमें इमोशंस, गाने, रोमांस, ड्रामा, और लड़ाइयां सब कुछ है। अगर हम सिपाही हैं, तो हम लड़ेंगे. हम तब तक लड़ेंगे जब तक राजा हमें लड़ने का आदेश देंगे। अगर कोई राजा से ऊंची आवाज में बात करेगा, तो हम उसे तोड़ देंगे। फिल्म में हम सम्मान के साथ राजा के साथ घूमते हैं और सभी की समस्याओं का समाधान करते हैं।

फिल्म में फाइट सीक्वेंस, एक्शन कैसे शूट हुए, हमें इस बारे में विस्तार से बताये ?

फिल्म में फाइट सीक्वेंस बहुत शानदार हैं। केविन कुमार, जो साउथ के मशहूर एक्शन मास्टर हैं, ने इसे कोरियोग्राफ किया है. भाईजान ने पहले वांटेड में साउथ के एक्शन किया था। सिकंदर में मैंने ऐसा एक्शन पहले कभी नहीं देखा। भाईजान का एक्शन भी जबरदस्त है। ट्रेलर में आपने देखा होगा कि, हम भालों के साथ दौड़ रहे हैं। यह केकड़ा फॉर्मेशन है। हम सब केकड़े जैसे दिखते हैं। तीन इस तरफ, तीन उस तरफ और भाईजान बीच में। 30-40-200 लोग हमें घेर चुके हैं, लेकिन हम उन्हें हराने के लिए अपना पुराना फॉर्मेशन अपनाएंगे और सभी को मार देंगे, क्योंकि राजा का आदेश है।

साजिद नाडियाडवाला के साथ यह आपका तीसरा प्रोजेक्ट है. आप इस पूरे चरण को कैसे देखते हैं ?

ईश्वर ने मुझ पर कृपा की है और मुझे बहुत कुछ दिया है, जो मैंने कभी सोचा नहीं था। मुझे बड़े ब्लॉकबस्टर फिल्मों, सितारों और रोल्स का मौका मिला है। मैंने कभी ऐसा निगेटिव लीड रोल नहीं किया. साजिद सर मेरे लिए गॉडफादर जैसे हैं, मैं उन्हें पिताजी की तरह इज्जत देता हूँ। उनका जानना मेरे लिए बड़ी बात है और मुझे गर्व है कि उन्होंने मेरी काम को सराहा। बॉलीवुड में एक रोल पाना और किसी का समर्थन होना बहुत अहम है।

हर व्यक्ति के कुछ सपने होते हैं, आपके भी जरूर होंगे तो आपकी बकेट लिस्ट में अभी क्या है ?

जो सपना मैंने देखा था वो बहुत पहले पूरा हो चुका था। मैं फिल्म में लीड रोल करना चाहता था, और वो हो गया। अब मैं एक यात्रा पर हूँ, जो कभी खत्म नहीं होगी. मेरी यात्रा अलग दिशा में जा रही है, और मैं लोगों से मिलता रहूंगा. मैंने 14 बड़ी हिट फिल्में की हैं, लेकिन भाईजान की फिल्म अलग है. यह फिल्म न सिर्फ भारत, बल्कि विदेशों में भी देखी जाएगी। यह मेरी सबसे देखी और सराही जाने वाली फिल्म होगी।

सिनेमा के इस नए दौर को आप कैसे देख रहे हैं ? सलीम दर्शकों से कैसे जुड़ेगा ?

सलमान खान सर की फिल्म में रोल मिलना बहुत बड़ी बात है। डायलॉग बोलना और भी बड़ी बात है। अगर वो डायलॉग दिल से बोला जाए, तो लोगों के दिमाग में बस जाता है. यह डायलॉग फिल्म भर में रहेगा और सलमान सर सच में जादूगर हैं, जो भी वो करते हैं, वो उनकी किस्मत बन जाती है। ए. आर. मुरुगदास जीनियस हैं, जिन्होंने इतनी भावनात्मक और बेहतरीन फिल्म बनाई है।

विकास की आप हमें शूटिंग के दौरान के कुछ अनुभव बता सकते हैं ?

हमने हर पल को अच्छे से जिया है. मैंने अपने 90 दिन अपने गुरु (द्रोणाचार्य) के साथ किए हैं। मैंने उनसे बहुत कुछ सीखा है। वह मुझे देखते हैं या मिलते हैं, तो वह केवल मुस्कुराते हैं. यह मेरे लिए बहुत बड़ी बात है। मैंने उनके साथ वर्कआउट किया है, हम उनके साथ 6-8 घंटे बैठे हैं।

आपने कैमरे के सामने नर्वसनेस को कैसे संभाला ?

मुझे अभिनय में नर्वसनेस नहीं होती, क्योंकि वह अभिनय है, लेकिन जब आपको खुद को असली रूप में व्यक्त करना होता है तब मुझे नर्वसनेस होती है।

आप इस फिल्म के बारे में क्या कहना चाहेंगे कि इस फिल्म में क्या खास हैं ?

सलमान सर की सभी फिल्में बेहतरीन होती हैं, लेकिन यह फिल्म अब तक रिलीज नहीं हुई. इस फिल्म में बहुत कुछ है. इसमें इमोशन, ड्रामा, सस्पेंस और बहुत सारा एक्शन है. यह एक बेहतरीन मिश्रण है।

क्या आपके पास कोई आगामी प्रोजेक्ट्स हैं, हमें इस बारे में कुछ बताये ?

इस साल मिथिला पालकर के साथ मेरी फिल्म 'इकरूप' आ रही है, इसके प्रोड्यूसर अली अब्बास जाफर हैं। यह इस साल जिओ सिनेमा पर रिलीज होगी, इसके अलावा मैं एक अंतरराष्ट्रीय फिल्म के लिए सिडनी जा रहा हूँ।

श्रद्धा मानव सेवा कल्याण समिति का दो दिवसीय नाट्य महोत्सव 17 से

- 18 मई को दो नाटकों का मंचन किया जायेगा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। श्रद्धा मानव सेवा कल्याण समिति लखनऊ की ओर से दो दिवसीय नाट्य समारोह 17 मई से भृगुदत्त तिवारी प्रेक्षागृह डीएवी कालेज ऐशबाग में दोपहर 4:30 बजे किया जायेगा। नाट्य महोत्सव के पहले दिन बिसारिया शिक्षा एवं सेवा समिति की ओर से नाटक मसीहा का मंचन किया जायेगा, जिसका लेखन सागर सरहदी और निर्देशन शैली श्रीवास्तव का होगा। इसी क्रम में अगले दिन 18 मई को दो नाटकों का मंचन किया जायेगा जिसमें सबसे पहले नाटक दिग्दर्शक का मंचन किया जायेगा, जिसका लेखन प्रियम जानी और निर्देशन अचला बोस करेंगी। इसी कड़ी में दूसरा नाटक फितूर का मंचन किया जायेगा, जिसका लेखन अनवर बेग और निर्देशन अनुपम बिसारिया करेंगे। नाट्य महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में ऐडवोकेट सुनील कुमार मिश्रा, मनमोहन तिवारी और राजीव कुमार त्रिपाठी मौजूद रहेंगे।

दो महिलाओं की भावनाओं की कथा है 'विस्तृत नभ का कोई कोना'

- एसएनए में 17 दिवसीय नाट्य महोत्सव के 15वें दिन तीन नाटकों का हुआ मंचन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। मंचकृति समिति संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश के सहयोग से आयोजित 17 दिवसीय नाट्य महोत्सव के 15वें दिन एसएनए के संत गाडगे प्रेक्षागृह में तीन नाटकों का मंचन किया गया जिसका निर्देशन संगम बहुगुणा व विकास श्रीवास्तव ने किया। नाट्य महोत्सव में पहले नाटक विस्तृत नभ का कोई कोना का मंचन किया गया।

विस्तृत नभ का कोई कोना: सारांश- विस्तृत नभ का कोई कोना, दो सहेलियों माला और भावना की कथा है, एक शरीर से कमजोर है और दूसरी मन से। माला, अपनी शारीरिक कमजोरियों के बावजूद हर स्तर पर संघर्ष करती है। उसके पिता, उसका पति, उसका परिवार उसका शोषण करते हैं, पर वह फिर भी नहीं टूटती। फिर, उसके जीवन में एक मोड़ आता है, जो उसके आत्मविश्वास को चूर-चूर कर देता है और वह बिखर जाती है। माला और भावना एक दूसरे के लिए कुछ न करके भी बहुत कुछ करती हैं। संभवतः, ये आश्वासन कि कोई कहीं है, जो बिना किन्हीं शर्तों के पीछे खड़ा है, बहुत होता है। इसी छोटी सी आश्वस्ति के साथ, माला फिर से अपने आप को समेट कर, विस्तृत नभ के एक ननों से कोने की तलाश में निकल पड़ती है। क्या भावना भी उससे प्रेरणा ले पायेगी। मंच-पर संध्या दीप रस्तोगी, रचना मुकेश टंडन।

मजबूर: सारांश-कहानी मजबूर हमारी ग्रामीण व्यवस्था, हमारे अन्नदाताओं पर आधारित है। दिखाने को हम किसानों के लिए बहुत बड़ी-बड़ी बातें करते हैं, परंतु उनकी वास्तविकता से अन्जान हैं। संतराम के जीवन में एक ऐसा भी वका आया जब परिवार के नाम पर सिर्फ वह और उसका बेटा मनीराम ही बचा, मनीराम को अपनी गायों से बहुत प्यार था और उनके लिए एक छप्पर डालना चाहता है। जिसके लिए वह घोड़ा-थोड़ा पैसा जोड़ता है परंतु वो ऐसा कर पाने में असमर्थ होता हैं, रिश्तों और भावनाओं के बीच समन्वय बैठाती ये कहानी अपने अंत को प्राप्त करती है। मंच-पर भानु प्रकाश पाण्डेय, राजेश मिश्रा, गुरुदत्त पाण्डेय, सुधा पाल, ज्योति सिंह।

प्यार कभी बूढ़ा नहीं होता: सारांश-यह कहानी कश्मीर में आतंकवादियों द्वारा किए गए तहस-नहस को न केवल दशार्ती है, बल्कि स्पष्ट इंगित करती है कि मनुष्य ही मनुष्य का दुश्मन होता है, हमारी कुत्सित बुद्धि ही है। जो हमें सृष्टि की सुंदरता को नष्ट करने में कोई संकोच नहीं करती है। राकेश और रूपा बचपन से ही एक दूसरे से प्यार करते थे और उन दोनों की सगाई भी हो चुकी थी लेकिन खुदा को यह मंजूर न था। आतंकवादियों ने सारी व्यवस्था, परिवार, मकान सबको तहस-नहस कर दिया था। सन बिखर गया, भाई-भाई से, माँ पिता से, भाई-बहन से, जुदा हो गए थे, परंतु समय परिवर्तनशील है, एक व्यवस्था जो आज है कल नहीं रहती। धीरे-धीरे समय के साथ-साथ सन कुछ ठीक होता चला गया और सालों बाद राकेश और रूपा फिर एक दूसरे से मिले पर अब उन लोगों ने प्रण किया कि हम एक नए समाज को बनाएंगे हम पुनः नव निर्माण करेंगे।

बैल गाड़ी मा हमका बिठाय के पिया मेलवा घुमाय दा...

बौद्ध संस्थान में अवधी लोकगीतों पर मोहक नृत्य से सजी शाम

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। दीपांजलि संस्था के द्वारा पांच मई को अन्तर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान के ऑडिटोरियम में अवधी लोकगीत और लोकनृत्य का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के जिला महासचिव रामलाल वर्मा को मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि के रूप में मोहनलाल गंज के ब्लाक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ला सहित विनीता तिवारी एवं चक्रवीर सिंह को आमंत्रित किया गया था।

इस कार्यक्रम की मनमोहन शुरूआत रिंकी सिंह और किरन के द्वारा पेश देवी गीत तोहरी शरण हम अवनि हैं जगदम्बे मइया के साथ हुई। इस क्रम में सोहर गीत के बाद मेला गीत बैल गाडी मा हमका बिठाय के पिया मेलवा घुमाय दा... सुनाया गया। विवाह गीत, चैती, खेमटा, नकट, चौमासा के सिलसिले को आगे बढ़ाते हुए कलाकारों ने मोरे राजा छतरिया छवावो की रस के बूंद पड़ी पेश किया। इसमें ग्रामीण अंचल की झलक नृत्य के माध्यम से प्रभावी रूप में दशार्यी गई। किसानी गीत खेत मा झूमे गेहुँवा के डाली जइसे लागे, सोनवा के बाली, सासू पनिया कैसे जाऊँ रसीने दोऊ नैना पर सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया गया। कजरी कइसे खेलन जइबू सावन में कजरिया, बदरिया घिर आई ननदी ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में योगिता, श्रीयांशी, कंचन, अंजू, मानसी, अश्वनी, शैलेन्द्र शर्मा ने सुंदर नृत्य संयोजन पेश किये। प्रियंका सिंह ने ढोलक, महेश पाल ने की-बोर्ड, अनादि खरे ने हा हारमोनियम और शैलेन्द्र सिंह अनिल ने साइड रिदम पर संगीत दी। इसके साथ ही विनीता और नीलम पाण्डेय ने भी गायन में अपने स्वर दिये। कार्यक्रम का निर्देशन मोहित कपूर के द्वारा किया गया था। कार्यक्रम के समापन की घोषणा एवं आभार ज्ञापन संस्था की अध्यक्ष मंगेश लता द्वारा किया गया।

'अरघान' चित्रकला प्रदर्शनी देखने उमड़े कलाप्रेमी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। कला दीर्घा, अंतरराष्ट्रीय दृश्यकला पत्रिका, लखनऊ एवं गुरुकुल, कला वीथिका, कानपुर द्वारा आयोजित वरिष्ठ कलाकार, कलाचार्य और कला दीर्घा अंतरराष्ट्रीय दृश्यकला पत्रिका के संपादक अवधेश मिश्र की चित्र श्रृंखलाओं के चयनित चित्रों की एकल प्रदर्शनी अरघान का आज दूसरा दिन था। गुरुकुल कला वीथिका, आजादनगर, कानपुर में आज कला प्रेमियों का आना-जाना लगा रहा।

डॉ शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ में ललित कला विभाग के शिक्षक एवं प्रख्यात कलाकार अवधेश मिश्र की विभिन्न श्रृंखलाओं - ग्रामीण-जीवन, विस्थापन, निसर्ग, नगर दृश्य, बचपन की स्मृतियाँ, बिजूका, स्कूल के दिन, लय और बिजूका रिटर्न्स के चयनित चित्र यहाँ प्रदर्शित हैं जो भारतीय संस्कृति के विविध आयामों को उजागर करते कलाप्रेमियों से संवाद करते हैं। वास्तव में अरघान प्रदर्शनी सम्पूर्णता में एक ऐसी संस्कृति का प्रतिनिधित्व करती है जहाँ बच्चे के जन्म से विवाह तक लोक मंगल गीतों से उसका जीवन सींचा जाता है। संस्कारों से उसके जीवन की खुशियां बुनी जाती हैं। खेतों में बुवाई से लेकर बालियाँ पकने और फसल कटने तक अनेक सांगीतिक ताने-बाने से सराबोर त्यौहार मनाए जाते हैं। स्वयं भूखे रहकर भी अतिथि का आतिथ्य किया जाता है। आज भी कोई रिश्तेदार पूरे गाँव का रिश्तेदार होता है और गाँव का बड़ा बूढ़ा किसी और परिवार के संबंध में भी सर्वमान्य जरूरी निर्णय ले लेता है। बताते चलें कि प्रदर्शनी का मुख्य स्वर बिजूका की पृष्ठभूमि भारतवर्ष के एक बहुत बड़े भू-भाग की संस्कृति और परंपराओं का प्रतिनिधित्व करती है और युगों से देश और समाज में हो रहे विकास का साक्षी है, बिजूका। बचपन में भूत-पिशाच की कहानियाँ सुने होने से अवधेश बिजूका से डरते थे। उस डर के कारण अवधेश के मानस पटल पर इस रूप ने एक जगह बना ली थी जो उसकी नकारात्मकता और डर को व्यक्ति और व्यवस्था की नकारात्मकता से जोड़ कर देखने लगे। अवधेश ने कभी बिजूका को एक निरीह प्राणी के रूप में देखा जिसको कोई भी क्षति पहुंचाई जाए, वह विरोध नहीं कर सकता। कहीं वह धोखा लगता है कि जो वह नहीं है, उस रूप में हम उसे देख रहे हैं। कहीं वह डरावना है जो खेतों में पशु पक्षियों को डराता है और समाज में निर्बलों को। अवधेश की चित्र श्रृंखला बिजूका के रूप रंग में भी बदलाव आया है और वह बहकटी नहीं पहने है बल्कि टाई और कोट में नजर आता है, कहीं तो वह राइफल लिए हुए खड़ा रहता है लेकिन उलटबांसी करते हुए चित्रकार ने कहीं उसे ऐसा भी बना दिया है कि उसके सिर पर कौवा बैठा है। यानी अपने वास्तविक मूल्यों और अर्थों को वह छोड़ चुका है। अब दुनिया आगे जा चुकी है, उसका किसी को कोई भय नहीं है, इसीलिए तो कहीं लकड़ी में लटके हुए कपड़े को जानवर खा जा रहा है। तंत्र, समाज और लोगों में पैर पसारती नकारात्मकता से संवेदित हो अवधेश अज्ञेय की ये पंक्तियाँ याद करते हैं - सांप ! तुम सभ्य तो हुए नहीं/ नगर में बसना भी तुम्हें नहीं आया/ एक बात पूछूँ - (उत्तर दोगे ?) / तब कैसे सीखा डंसना- विष कहाँ पाया ? प्रदर्शनी की क्यूरेटर डॉ लीना मिश्र ने बताया कि अरघान प्रदर्शनी दर्शकों के अवलोकनार्थ 06 मई 2025 तक शाम 3 से 7 बजे तक खुली रहेगी।

श्रेष्ठ जीवन जीने की कला सिखती है ज्ञान गंगा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। पवित्र गंगा शुद्धता का प्रतीक है। यह जीवन के जन्म से मृत्यु तक सभी पापों को दूर करती है। देवी मां के रूप में पूजी जाती हैं । इसलिए शांतिकुंज हरिद्वार ज्ञान की गंगोत्री है जहां से निकलकर ज्ञान की गंगा सारे विश्व में बह रही है। बालाजी ज्योतिर्धाम मंदिर, अटल पार्क, आलमबाग में आयोजित प्रज्ञा पुराण कथा के तीसरे दिन सोमवार को यह विचार कथा वाचिका निष्ठा रस्तोगी ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि इस ज्ञान गंगा को पृथ्वी पर लाने वाले युग ऋषि पंडित श्री राम शर्मा आचार्य हैं। यह ज्ञान गंगा केवल भारत ही नहीं देश - विदेश तक लोगों का मार्गदर्शन करके उन्हें श्रेष्ठ जीवन जीने की कला सिखा रही है। भक्तमय वातावरण में रेखा मुकुल ने ज्ञान गंगा नहा ले मन मेरे, धन्य जीवन बना ले मन मेरे...भजन सुनकर श्रद्धालुओं को भक्तिरस से सराबोर कर दिया। इस अवसर पर समन्वयक केबी सिंह, शांतिकुंज के प्रतिनिधि धनपाल सिंह फौजी, कार्यक्रम में समन्वयक अनिल तिवारी, ओपी सक्सेना, साध्वी भूमि, प्रो अनूप बी मिश्रा उपस्थित रहे।

रुढ़िवादी विचारों को तर्कों के आधार पर खत्म नहीं किया जा सकता

लखनऊ। कार्ल मार्क्स की 207 वीं जयंती पर जन संस्कृति मंच लखनऊ की ओर से इतिहास बोध और वैज्ञानिक चेतना पर वार्ता हुई। सिटी स्टेशन स्थित एक कोचिंग सेंटर में हुई संगोष्ठी में वक्ताओं ने अपनी बात रखी। लेखक असगर मेहदी ने कहा कि वैज्ञानिक चेतना का संबंध जितना विज्ञान के विकास से है, उससे अधिक मानव समाज के विकास की ऐतिहासिकता से है। मनुष्य की चेतना में जड़ जमाए रूढ़िवादी विचारों को वैज्ञानिक तर्कों के आधार पर कुछ कम तो किया जा सकता है लेकिन खत्म नहीं किया जा सकता है। इन विचारों का एक सामाजिक आर्थिक राजनीतिक आधार होता है। इस अवस्था के बदलाव की प्रक्रिया में ही मानव समाज अधिक तार्किक और मानवीय होता जाता है। जसम के कौशल किशोर ने कहा कि आजादी के बाद नेहरू के नजरिए में वैज्ञानिक दृष्टिकोण यह बताता है कि मनुष्य को किस दिशा में यात्रा करनी चाहिए। सीवी रमन और मेघनाथ साहा ने वैज्ञानिक चेतना के उभार के लिये अथक प्रयास किए लेकिन यथास्थितिवादियों ने अपने नियंत्रण को कायम रखने में वैज्ञानिक चेतना को एक बाधा के रूप में माना। कार्यक्रम का समापन पटना से आए कलाकार अनिल अंशुमन और जसम की सांस्कृतिक टीम के द्वारा गोरख पांडेय के इंकलाबी गीत से हुआ। इस मौके पर ओम प्रकाश सिंहा, फरजाना मेहदी, नगीना निशा, शैलेश पंडित, केके शुक्ला, प्रो अख्तर जमाल अंसारी, धर्मेंद्र कुमार, तस्वीर नकवी समेत अन्य शामिल रहे।

8 साल बाद टेलीविजन पर वापसी कर रहा हूं : शरद

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। हमारे समाज में शादी और रिश्तों को उम्र, पैसों और बरसों से चली आ रहीं परंपराओं से जोड़ा जाता है। लेकिन प्यार इन सब बातों को नहीं मानता। यह अपने रास्ते खुद बनाता है और हर दीवार को पार कर जाता है। पिछले कई दशकों से जी टीवी हमेशा ऐसी कहानियां दिखाता आया है, जो समाज के दकियानुसी रीति-रिवाजों को तोड़कर रिश्तों को नया नजरिया देती रही हैं। अब, अपने नए शो 'तुम से तुम तक' में, जी टीवी एक दिल छू लेने वाली और ताजगी भरी लव स्टोरी लेकर आ रहा है, जो समाज के इन रीति-रिवाजों से आगे निकल जाएगी।

यह अनु और आर्यवर्धन के अनोखे प्यार की कहानी है। अनु 19 साल की एक साधारण परिवार की लड़की है, जिसके बड़े सपने और मजबूत संस्कार हैं। दूसरी तरफ आर्यवर्धन, 46 साल के सफल बिजनेसमैन हैं, जो अनुशासन और सादगी से अपनी जिंदगी जीते हैं. दोनों की उम्र, पैसे और जीवनशैली में बहुत फर्क है, लेकिन प्यार इन सब बातों को भूलकर उनके दिलों तक पहुंच जाता है। अनु के किरदार में निहारिका चौकसे नजर आएंगी, जबकि आर्यवर्धन की भूमिका में जाने-माने एक्टर शरद केलकर पूरे आठ साल बाद टीवी पर वापसी कर रहे हैं। इस शो का हिस्सा बनकर शरद बेहद उत्साहित हैं, वो इसमें एक ऐसे सफल लेकिन सरल बिजनेसमैन का किरदार निभा रहे हैं जो अपनी समझदारी, सादगी और आत्मविश्वास से सबका सम्मान जीतता है। अपनी अमीरी और ऊंचे रुतबे के बावजूद आर्यवर्धन एक जमीन से जुड़ा इंसान है, जो पैसों से कहीं ज्यादा रिश्तों को अहमियत देता है। शरद केलकर कहते हैं, आठ साल बाद टेलीविजन पर वापसी करके मैं बेहद खुश हूं ! मैं एक अच्छे प्रोजेक्ट का इंतजार कर रहा था, और जैसे ही मैंने 'तुम से तुम तक' की कहानी सुनी, मुझे लगा यही वो मौका है जिसका मुझे इंतजार था। ये कहानी नई है, अलग है, और प्यार को ऐसे अंदाज में दिखाती है, जो आमतौर पर टीवी पर नहीं देखा जाता। ये आज के दौर की एक लव स्टोरी है, जो पुरानी सोच और बने-बनाए नियमों को चुनौती देती है, और बहुत खूबसूरती से ये बात साबित करती है कि जब दो दिल सच्चे तौर पर जुड़ते हैं, तो उम्र कोई मायने नहीं रखती। मेरा किरदार आर्यवर्धन थोड़ा पेचीदा है, लेकिन उसमें बहुत अपनापन है। वो एक सफल इंसान है।

75 जनपदों के बच्चे अकादमी के कार्यक्रमों में लेंगे हिस्सा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी, लखनऊ के मा0 अध्यक्ष महोदय प्रो. जयन्त खोत द्वारा आज अकादमी सभागार में प्रेस कॉन्फ्रेन्स आहूत की गयी। इस अवसर पर अकादमी की उपाध्यक्ष विभा सिंह एवं निदेशक डॉ. शोभित कुमार नाहर उपस्थित रहे। प्रेस कॉन्फ्रेन्स के मध्य अध्यक्ष प्रो. जयन्त खोत द्वारा अकादमी की गतिविधियों के बारे में अवगत कराते हुए वर्ष 2025-26 में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी गयी।

अध्यक्ष ने अवगत कराया कि अकादमी द्वारा प्रदेश के 75 जनपदों में विभिन्न स्कूलों, महाविद्यालयों, संगीत एवं नाटक के क्षेत्र में कार्यरत संस्थाओं के सहयोग से गायन, वादन, नृत्य, नाटक, लोकसंगीत, कठपुतली आदि की 15 दिवसीय, 20 दिवसीय एवं 30 दिवसीय कार्यशालाओं का आयोजन 1 मई से 15 जुलाई तक किया जा रहा है, साथ ही बाल गृह, बालिका गृह एवं बालिका सुधार गृह में अकादमी की मा0 उपाध्यक्ष महोदया श्रीमती विभा सिंह द्वारा कार्यशालाओं का संचालन किया जाएगा। अकादमी द्वारा लखनऊ में भी शास्त्रीय गायन, तबला वादन, कथक नृत्य, अवधी लोकगीत, नाटक, नाट्य लेखन का आयोजन दिनांक 27 मई से 26 जून के मध्य कराया जाएगा जिनका प्रस्तुतिकरण भी किया जाएगा।

अपनी गतिविधियों के अन्तर्गत सम्भागीय शास्त्रीय संगीत तथा सुगम संगीत (भजन एवं गजल) की प्रतियागिताओं का आयोजन 18 मण्डलों के अन्तर्गत 19 केन्द्रों पर किया जाएगा, इन सम्भागों के विजेता प्रतिभागियों को प्रादेशिक प्रतियोगिता में आमंत्रित किया जाएगा, प्रादेशिक प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण एवं उल्लास उत्सव का आयोजन, प्रदेश के तीन जनपदों में सम्भागीय नाट्य समारोह का आयोजन, प्रादेशिक नाट्य समारोह का आयोजन एवं प्रादेशिक नाट्य समारोह के एक नाट्य प्रस्तुति एवं दो राष्ट्रीय स्तर की नाट्य प्रस्तुतियों को सम्मिलित करते हुए राज्य नाट्य समारोह का आयोजन, प्रत्येक वर्ष की भांति गजल साम्राज्ञी पद्मभूषण बेगम अख़्तर की स्मृति में यादें, अकादमी स्थापना दिवस के अवसर पर धरोहर, कथक सम्राट गुरु लच्छू महाराज जी की जयन्ती के अवसर पर दो दिवसीय नमन कार्यक्रम, पद्मविभूषण विदुषी गिरिजा देवी जी स्मृति समारोह पुष्पांजलि कार्यक्रम श्रृंखला, इस वर्ष विशेष आयोजन के अन्तर्गत गुरू स्वामी हरिदास जी की स्मृति समारोह के अन्तर्गत अतिविशिष्ट कलाकारों को पुरस्कार, वृन्दावन, मथुरा, आगरा जनपदों में कार्यक्रम श्रृंखला का आयोजन, इसमें अन्तर्राष्ट्रीय और अति-विशिष्ट शास्त्रीय संगीत के कलाकारों (गायन, वादन एवं नृत्य) को आमंत्रित किया जाएगा।

संगीत एवं नाट्य के क्षेत्र में कार्यरत संस्थाओं को सहयोग के अन्तर्गत रसमंच योजना में एक संगीत एवं एक नाट्य कार्यक्रम के लिए वाल्मीकि रंगशाला निःशुल्क दिया जाना, प्रदेश के विद्यालयों में एक-संगीत एवं एक-नाट्य के व्याख्यान सह प्रदर्शन कार्यक्रम, अभिलेखीकरण के अन्तर्गत प्रदेश के मूर्धन्य एवं वयोवृद्ध कलाकारों की रिकॉर्डिंग कराया जाना, वर्ष 2021,2022,2023 एवं 2024 अकादमी पुरस्कारों, बी0एम0शाह पुरस्कार एवं सफदर हाशमी पुरस्कार की कार्यवाही प्रारम्भ कर दी गयी है।

कोलकाता, लालकुआं और एलटीटी के लिए चलेंगी विशेष ट्रेनें

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। ग्रीष्मकाल में यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री जनता की सुविधा हेतु 05119/05120 छपरा-लोकमान्य तिलक टर्मिनस-छपरा वाया गोरखपुर ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक विशेष गाड़ी का संचलन छपरा से 13 मई से 24 जून तक प्रत्येक मंगलवार को तथा लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 14 मई से 25 जून तक प्रत्येक बुधवार को 07 फेरों के लिये किया जायेगा।

05119 छपरा-लोकमान्य तिलक टर्मिनस ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक विशेष गाड़ी 13 मई से 24 जून तक प्रत्येक मंगलवार को छपरा से 12.00 बजे प्रस्थान कर बलिया से 13.10 बजे, गाजीपुर सिटी से 14.10 बजे, वाराणसी जं. से 14.50 बजे, प्रयागराज जं. से 18.00 बजे, मानिकपुर से 20.05 बजे, दूसरे दिन इटारसी से 04.15 बजे, खंडवा से 07.25 बजे, भुसावल से 09.10 बजे, जलगांव से 09.37 बजे, नासिक रोड से 12.23 बजे, इगतपुरी से 13.45 बजे, कल्याण जं. से 15.20 बजे तथा ठाणे से 15.43 बजे छूटकर लोकमान्य तिलक टर्मिनस 16.45 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा में, 05120 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-छपरा ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक विशेष गाड़ी 14 मई से 25 जून तक प्रत्येक बुधवार को लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 20.15 बजे प्रस्थान कर ठाणे से 20.35 बजे, कल्याण जं. से 21.10 बजे, इगतपुरी से 23.30 बजे, दूसरे दिन नासिक रोड से 00.13 बजे, जलगांव से 03.00 बजे, भुसावल से 03.40 बजे, खंडवा से 06.00 बजे, इटारसी से 09.20 बजे, मानिकपुर से 16.30 बजे, प्रयागराज जं. से 18.45 बजे, वाराणसी जं. से 21.35 बजे, गाजीपुर सिटी से 23.10 बजे तथा तीसरे दिन बलिया से 00.10 बजे छूटकर छपरा 01.15 बजे पहुंचेगी। इस गाड़ी में जनरेटर सह लगेज यान का 01, सामान्य द्वितीय श्रेणी के 04, शयनयान श्रेणी के 05, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के 02, वातानुकूलित प्रथम सह द्वितीय श्रेणी का 01, वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी के 02, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 06 तथा एल.एस.एल.आर.डी. का 01 कोच सहित कुल 22 कोच लगाये जायेंगे। जबकि 05060/05059 लालकुआं-कोलकाता-लालकुआं वाया गोरखपुर ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक विशेष गाड़ी का संचलन लालकुआँ से 15 मई से 26 जून तक प्रत्येक बृहस्पतिवार को तथा कोलकाता से 17 मई से 28 जून तक प्रत्येक शनिवार को 07 फेरों के लिये किया जायेगा। 05060 लालकुआं-कोलकाता ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक विशेष गाड़ी 15 मई से 26 जून तक प्रत्येक बृहस्पतिवार को लालकुआं से 13.35 बजे प्रस्थान कर किच्छा से 13.57 बजे, भोजीपुरा से 15.10 बजे, पीलीभीत से 16.00 बजे, पूरनपुर से 17.05 बजे, मैलानी से 18.30 बजे, गोलागोकरननाथ से 18.55 बजे, लखीमपुर से 19.42 बजे, सीतापुर से 21.35 बजे, बुढ़वल से 22.45 बजे, गोंडा से 23.25 बजे, दूसरे दिन बस्ती से 00.55 बजे, खलीलाबाद से 01.35 बजे, गोरखपुर से 02.15 बजे, कप्तानगंज से 03.02 बजे, पडरौना से 04.02 बजे, तमकुही रोड से 04.52 बजे, थावे से 05.50 बजे, सीवान से 06.55 बजे, छपरा से 08.05 बजे, हाजीपुर से 09.15 बजे, मुजफ्फरपुर से 10.10 बजे, समस्तीपुर से 11.17 बजे, बरौनी से 12.35 बजे, किऊल से 14.37 बजे, झाझा से 16.45 बजे, जसीडीह से 17.52 बजे, मधुपुर से 18.17 बजे, चितरंजन से 19.10 बजे, आसनसोल से 19.47 बजे, दुगार्पुर से 20.19 बजे, बर्द्धमान से 21.33 बजे, बैण्डेल से 22.25 बजे तथा नैहाटी से 22.55 बजे छूटकर कोलकाता 23.55 बजे पहुँचेगी। वापसी यात्रा में, 05059 कोलकाता-लालकुआं ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक विशेष गाड़ी 17 मई से 28 जून तक प्रत्येक शनिवार को कोलकता से 05.00 बजे प्रस्थान कर नैहाटी से 05.50 बजे, बैण्डेल से 06.17 बजे, बर्द्धमान से 07.35 बजे, दुगार्पुर से 08.38 बजे, आसनसोल से 09.13 बजे, चितरंजन से 09.38 बजे, मधुपुर से 10.37 बजे, जसीडीह से 11.25 बजे, झाझा से 13.45 बजे, किऊल से 14.42 बजे, बरौनी से 16.25 बजे, समस्तीपुर से 17.35 बजे, मुजफ्फरपुर से 18.35 बजे, हाजीपुर से 19.35 बजे, छपरा से 21.40 बजे, सीवान से 22.35 बजे, थावे से 23.20 बजे, तमकुही रोड से 23.55 बजे, दूसरे दिन पडरौना से 00.32 बजे, कप्तानगंज से 01.32 बजे, गोरखपुर से 02.45 बजे, खलीलाबाद से 03.22 बजे, बस्ती से 03.50 बजे, गोंडा से 05.10 बजे, बुढ़वल से 06.02 बजे, सीतापुर से 07.35 बजे, लखीमपुर से 08.40 बजे, गोला गोकरननाथ से 09.12 बजे, मैलानी से 10.10 बजे, पूरनपुर से 10.54 बजे, पीलीभीत से 12.00 बजे, भोजीपुरा से 13.45 बजे तथा किच्छा से 14.35 बजे छूटकर लालकुआँ 15.45 बजे पहुंचेगी। इस गाड़ी में जनरेटर सह लगेज यान का 01, एल.एस.एल.आर.डी. का 01, सामान्य द्वितीय श्रेणी के 04, शयनयान श्रेणी के 06, वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी के 04, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी का 01 तथा वातानुकूलित प्रथम सह द्वितीय श्रेणी के 01 कोच सहित कुल 18 कोच लगाये जायेंगे। इसी क्रम में 05029/05030 वाराणसी सिटी-लालकुंआ-वाराणसी सिटी ग्रीष्मकालीन त्रैसाप्ताहिक विशेष गाड़ी का संचलन वाराणसी सिटी से 07 मई से 28 जून तक प्रत्येक सोमवार, बुधवार एवं शनिवार को तथा लालकुंआ से 08 मई से 29 जून तक प्रत्येक मंगलवार, वृहस्पतिवार एवं रविवार को 23 फेरों के लिये निम्नवत किया जायेगा। 05029 वाराणसी सिटी-लालकुंआ ग्रीष्मकालीन त्रैसाप्ताहिक विशेष गाड़ी 07 मई से 28 जून तक प्रत्येक सोमवार, बुधवार एवं शनिवार को वाराणसी सिटी से 15.40 बजे प्रस्थान कर औंड़िहार से 16.20 बजे, मऊ से 17.25 बजे, देवरिया सदर से 19.10 बजे, गोरखपुर से 20.35 बजे, बस्ती से 21.45 बजे, गोण्डा से 23.00 बजे, दूसरे दिन सीतापुर जं0 से 01.15 बजे, मैलानी से 03.00 बजे, पीलीभीत से 04.40 बजे, भोजीपुरा से 05.55 बजे, बहेड़ी से 06.32 बजे तथा किच्छा से 06.52 बजे छूटकर लालकुंआ 07.30 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा में 05030 लालकुंआ-वाराणसी सिटी ग्रीष्मकालीन त्रैसाप्ताहिक विशेष गाड़ी से 08 मई से 29जून तक प्रत्येक मंगलवार, बृहस्पतिवार एवं रविवार को लालकुंआ से 10.35 बजे प्रस्थान कर किच्छा से 11.00 बजे, बहेड़ी से 11.22 बजे, भोजीपुरा से 12.25 बजे, पीलीभीत से 13.15 बजे, मैलानी से 15.25 बजे, सीतापुर जं0 से 16.55 बजे, गोण्डा से 19.10 बजे, बस्ती से 20.25 बजे, गोरखपुर से 21.45 बजे, देवरिया सदर से 22.55 बजे, दूसरे दिन मऊ से 00.45 बजे तथा औंड़िहार से 02.00 बजे छूटकर वाराणसी सिटी 03.10 बजे पहुंचेगी। इस गाड़ी में शयनयान श्रेणी के 07, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी का 01, साधारण द्वितीय श्रेणी के 06, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 02 तथा जी.एस.एल.आर.डी. के 02 कोच सहित कुल 18 कोच लगाये जायेंगे।

फिरोजपुर कैंट-पटना के बीच संचालित होगी ग्रीष्मकालीन ट्रेन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर रेलवे प्रशासन ने यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ निकासी के लिए फिरोजपर कैंट-पटना के बीच स्पेशल ग्रीष्मकालीन ट्रेन संचालित करने का निर्णय लिया है।

ट्रेन संख्या 04602 फिरोजपुर कैंट-पटना स्पेशल ट्रेन फिरोजपुर कैंट से 7 मई से 12 जुलाई तक प्रत्येक बुधवार एवं शनिवार को शाम 15.10 बजे प्रस्थान कर मोगा, लुधियाना, अंबाला कैंट, यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, रायबरेली, मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, वाराणसी, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापर होते हुए पटना अगले दिन शाम 18.00 बजे पहुंचेगी।

इसी क्रम में वापसी में ट्रेन संख्या 04601 पटना-फिरोजपुर कैंट स्पेशल ट्रेन 8 मई से 13 जुलाई तक प्रत्येक गुरुवार एवं रविवार को पटना से रात 20.50 बजे प्रस्थान कर दानापर, आरा, बक्सर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं. वाराणसी, मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, रायबरेली, लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, सहारनपुर, यमुनानगर जगाधरी, अंबाला कैंट, लुधियाना, मोगा होते हुए फिरोजपुर कैंट अगले दिन रात 23.55 बजे पहुंचेगी।

उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के 19 कर्मचारी हुए सेवानिवृत्त

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। अपनी रेल सेवा का कुशलतापूर्वर्का नर्वहन करते हुए गत 30 अप्रैल को लखनऊ मंडल के 19 रेल कर्मचारी अपनी रेल सेवा से सेवानिवृत्त हुए।

सभी सेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारियों को सोमवार को मंडल कार्यालय के सभागार में आयोजित सेवानिवृत्त समारोह के अंतर्गत सभी सेवानिवृत्त कर्मचारी को समापक भुगतान प्रपत्र प्रदान किया गया, जिसका भुगतान कर्मी के नामांकित बैंक खाते में आरटीजीएस के माध्यम से सीधे क्रेडिट हो जायेगा। इस कार्यक्रम के प्रारंभ में सहायक मंडल कार्मिक अधिकारी प्रभात कुमार ने सभी सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मचारियों का स्वागत किया एवं उनकी रेल सेवा के प्रति आभार व्यक्त किया।

इसके उपरांत डीआरएम एसएम शर्मा ने सेवानिवृत्त रेल कर्मचारियों को समापक भुगतान का प्रपत्र और गोल्ड कोटेड चांदी का पदक देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में सभी सेवानिवृत्त होने वाले रेल र्कचारियों के उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु होने की कामना की गयी।

उत्कृष्ट सेवा देने वाले 38 रेलकर्मी सम्मानित

- महिला कल्याण संगठन उत्तर रेलवे लखनऊ की अध्यक्षा ने रेलकर्मियों का किया सम्मान

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। प्रतिवर्ष 01 मई का दिन भारतवर्ष में श्रमिक दिवस के रूप में मनाया जाता है। भारतीय रेल पर भी मनाये जाने वाले इस दिवस विशेष पर महिला कल्याण संगठन उत्तर रेलवे लखनऊ द्वारा भी इस सुअवसर पर अनेक प्रकार के आयोजन एवं गतिविधियों को अत्यंत सफलतापूर्वक संपन्न किया जाता है। इसी परंपरा का अनुसरण करते हुए सदा की भांति इस वर्ष भी संगठन द्वारा सोमवार को श्रमिक दिवस का आयोजन लखनऊ स्थित उत्तर रेलवे के अधिकारी क्लब साकेत बंदरियाबाग लखनऊ में अत्यंत उत्साह एवम उल्लासपूर्वक किया गया। इस कार्यक्रम में संगठन द्वारा रेल सेवाओं में प्रशंसनीय एवम अनुकरणीय कार्य करने वाले कुल 38 रेलकर्मियों को महिला संगठन द्वारा सम्मानित करके उनको प्रोत्साहित किया गया। भारतीय पृष्ठभूमि में श्रमिकों के योगदान एवम सशक्त भूमिका से साक्षात्कार कराता महिला संगठन का यह आयोजन पूरी तरह से श्रमिकों को समर्पित रहा। संगठन की सचिव पूजा श्रीवास्तव द्वारा कार्यक्रम मे आए हुए सभी रेलकर्मियों का स्वागत किया गया। इसके उपरांत संगठन की अध्यक्षा मोहिता गंगवार शर्मा द्वारा सभी पुरुस्कार पाने वाले श्रमिकों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर अपने सम्बोधन मे महिला कल्याण संगठन उत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल की अध्यक्षा मोहिता गंगवार शर्मा ने अवगत कराया कि श्रमिक किसी भी देश की प्रगति, विकास एवम समृद्धि का द्योतक होते हैं एवम इतिहास साक्षी है कि श्रमिकों के सक्रिय योगदान से ही राष्ट्र शक्तिशाली एवम सामर्थ्यवान होता है। उन्होंने पुरस्कृत किए जाने वाले समस्त रेलकर्मियों को बधाई देते हुए उनसे भविष्य में भी इसी प्रकार से प्रतिबद्ध एवम अनुकरणीय कार्यशैली का अनुसरण करते हुए कार्य करने की अपेक्षा की। इस कार्यक्रम में महिला कल्याण संगठन की समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्याओं सहित अन्य रेलकर्मी उपस्थित रहे।

बीबीएयू के डॉ. रवि शंकर वर्मा को हार्टिकल्चर के क्षेत्र में मिला डॉ. एचबी सिंह अवार्ड

लखनऊ। बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय के हार्टिकल्चर विभाग में कार्यरत असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. रवि शंकर वर्मा को यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज, रायचूर, कर्नाटक में आयोजित चतुर्थ अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी के दौरान डॉ. एचबी सिंह अवार्ड (उद्यान) से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार, उद्यान के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान करने वाले वैज्ञानिकों को दिया जाता है। यह संगोष्ठी यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज, रायचूर, कर्नाटक, संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय, सरगुजा, अंबिकापुर, अटल बिहारी बाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर, छत्तीसगढ़, वाइटल बायोटेक, कोटा एवं एग्रीकल्चर फोरम फॉर टेक्निकल एजुकेशन ऑफ फार्मिंग सोसायटी के संयुक्त तत्वाधान में 'आजीविका और पर्यावरणीय स्थिरता के लिए कृषि, खाद्य सुरक्षा, पशु चिकित्सा और संबद्ध विज्ञान में हालिया उन्नति विषय पर आयोजित की गयी थी। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने डॉ. रवि शंकर वर्मा को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं और उनकी इस सफलता को विश्वविद्यालय के लिए गौरव का विषय बताया। इसके अतिरिक्त विभाग के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने भी डॉ. वर्मा को इस अवसर पर बधाई दी।

क्रिएटिव कॉन्वेंट कॉलेज में पर्सनालिटी डेवलपमेंट कार्यक्रम का हुआ आयोजन

लखनऊ। शांति कुंज हरिद्वार द्वारा पर्सनालिटी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन शांतिनगर में स्थित क्रिएटिव कॉन्वेंट कॉलेज में किया गया। विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों के व्यक्तित्व को उभारना है और उन्हे विकसित करना था। बच्चों को जीवन में कैसे सफलता प्राप्त करनी है। उनके व्यक्तिगत व्यवहार, दृष्टिकोण, प्रस्तुति के तरीके, लोगों से बात करने के तरीके और स्वभाव में सुधार से संबंधित जानकारी इस कार्यक्रम के जरिए बच्चों को दी गई। विद्यालय में आयोजित शांति कुंज हरिद्वार के कार्यक्रम पर्सनालिटी डेवलपमेंट मे सेवानिवृत्त पीएनबी मुख्य समन्वयक अरुण श्रीवास्तव, पूर्व संकाय पीएनबी ए के गुप्ता, पूर्व सहायक महाप्रबंधक जीएस शर्मा, परियोजना प्रबंधक राजीव श्रीवास्तव, गायक आशीष पांडे, सेवानिवृत्त उड़ान अधिकारी एन के सक्सेना, मुख्य ट्रस्टी डॉ. एस एन सचान, शांति कुंज हरिद्वार संकाय रानी सचान, विद्यालय प्रबंधक इंजीनियर योगेंद्र सचान समेत अन्य शिक्षक भी मौजूद रहे जिन्होंने बच्चों को अपनी कमजोरियो को पहचानने और अपनी ताकत को बढ़ाने की बात कही।

विद्यालय का लक्ष्य बेहतर हो बच्चों का भविष्य: इ. योगेंद्र सचान

लखनऊ। विद्यालय में समय-समय पर इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। जिससे कि बच्चे कुछ नया सीख पाए। हमारे विद्यालय का मकसद है कि विद्यालय के बच्चे अपने लक्ष्य को पा सकें और आगे बढ़ सके। हमारे विद्यालय के टीचर भी बच्चों के मनोबल को बढ़ाने का काम किया करते हैं।

लविवि एनसीसी के कैडेटों को सीडब्ल्यूएस की ओर से मिला बेस्ट कैडेट अवार्ड

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। 64 यूपी बटालियन एनसीसी के लांस कॉरपोरल आयुष कुमार यादव ने प्रथम व कैडेट राघव बाजपेयी ने द्वातीय स्थान प्राप्त किया जिसके उपलक्ष्य में कैडेट्स को 4500 (प्रथम स्थान) व 3500 (द्वितीय स्थान) रुपए का चेक देकर सम्मानित किया गया, इन कैडेट्स ने कैडेट वेलफेयर सोसाइटी (सीडब्ल्यूएस) बेस्ट कैडेट प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए बेस्ट कैडेट प्रतियोगिता में प्रथम व द्वातीय स्थान प्राप्त किया। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए 64 यूपी बटालियन के एडम ऑफिसर ले. कर्नल अनिमेष राय ने कैडेट्स का उत्साहवर्धन किया और बताया कि ऐसी प्रतियोगितायें कैडेट के मानसिक विकास और नैतिक जिम्मेदारी को बढ़वा देती है। इस अवसर पर एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट (डॉ.) रजनीश कुमार यादव ने इन विजेता कैडेटों को उनकी इस महत्वपूर्ण सफलता पर हार्दिक बधाई और शुभकामनायें दी। उन्होंने कहा, हमारे कैडेटों ने जिस प्रकार की निष्ठा और उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया है वह अत्यंत प्रशंसनीय है। 'सी.डब्ल्यू.एस. बेस्ट कैडेट' प्रतियोगिता में यह सफलता न केवल उनकी व्यक्तिगत मेहनत का फल है, बल्कि हमारे पूरे बटालियन के प्रभावी प्रशिक्षण और कुशल मार्गदर्शन का भी प्रतीक है, जो कैडेटों के कल्याण को सर्वोपरि मानता है। इन प्रतिभाशाली युवाओं को नकद पुरस्कार से सम्मानित करना उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण को सराहने का एक महत्वपूर्ण तरीका है। इन सर्वश्रेष्ठ कैडेटों की यह सफलता अन्य कैडेटों के लिए एक प्रेरणास्त्रोत बनेगी और हमारे बटालियन को भविष्य में और भी अधिक सफलता की ओर अग्रसर करेगी। इस अवसर पर बटालियन के सूबेदार मेजर व अन्य स्टॉफ भी मौजूद रहें।

लुआक्टा ने क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी के तुगलकी फरमान का किया विरोध

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय सम्बद्ध महाविद्यालय शिक्षक संघ (लुआक्टा) ने अनेकों खामियां युक्त पोर्टल पर सूचना अपलोड किये जाने संबंधित क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी का तुगलकी फरमान जारी कर दिया। संगठन द्वारा सरकार से पोर्टल की खामियों को दूर करने का आग्रह किया गया लेकिन शासन द्वारा अभी तक कोई कार्यवाही नही की गयी। इस पर लुआक्टा ने रोष व्यक्त करते हुए कहा समर्थ पोर्टल की कमियों को दूर किये बिना 15 मई 25 तक भरने के लिए बाध्य किया जाता है तो आंदोलन किया जायेगा।

लुआक्टा ने अध्यक्ष डॉ. मनोज पांडे और महामंत्री प्रो. अंशु केडिया ने बताया कि क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, लखनऊ द्वारा अपने क्षेत्राधिकार जिसमें लखनऊ, अयोध्या, देवीपाटन मंडल और प्रतापगढ़ में आने वाले समस्त अशासकीय अनुदानित महविद्यालय सम्मिलित हैं, के प्राचार्यों को महाविद्यालय के शिक्षकों द्वारा समर्थ पोर्टल पर 15 मई 2025 तक 30 जून 2024 तक की समस्त सूचनाएं अपलोड किये जाने और प्राचार्यों द्वारा सत्यापित किए जाने का आदेश दिया गया है। सूच्य है कि पूर्व में निदेशक उच्च शिक्षा, उत्तर प्रदेश द्वारा 17 अप्रैल 25 को पत्र जारी किया गया था, जिसमें समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिये गये थे कि वे समस्त प्राचार्यों से सुनिश्चित करायें कि वे 15 मई 25 तक समस्त सूचनाएं शिक्षकों से अपलोड करवाएं एवं प्राचार्य उसे स्वयं सत्यापित करें। क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, लखनऊ द्वारा जारी आज के पत्र की लुआक्टा सख्त आपत्ति व्यक्त करता है।

बता दें कि शासन द्वारा समर्थ पोर्टल के सबन्ध में 16 अक्टूबर 24 को शासनादेश जारी किया गया था एवं स्पष्ट रूप से समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिये गये थे कि समस्त प्राचार्यों एवं आईक्यूएसी समन्वयक/सचिव प्रबंध समिति को प्रशिक्षण दिलायें लेकिन उसका कोई अनुपालन नहीं किया तथा अनेकों खामियां युक्त पोर्टल पर सूचना अपलोड किये जाने संबंधित इस तरह का तुगलकी फरमान जारी कर दिया, संगठन द्वारा सरकार से पोर्टल की खामियों को दूर करने का आग्रह किया गया, किंतु शासन द्वारा अभी तक कोई कार्यवाही नही की गयी।

गणित ओलम्पियाड में सीएमएस छात्र को स्टार परफार्मर अवार्ड

लखनऊ। सीएमएस के अशफार्बाद कैम्पस के कक्षा-1 के छात्र मोहम्मद हुसैन काजमी ने क्रेस्ट गणित ओलम्पियाड में स्टार परफार्मर अवार्ड अर्जित कर लखनऊ का गौरव बढ़ाया है। ओलम्पियाड का आयोजन सेंटर फॉर रिसर्च एण्ड एक्जाम इन साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी (क्रेस्ट) के तत्वावधान में किया गया। यह जानकारी सीएमएस के हेड, कम्युनिकेशन्स ऋषि खन्ना ने दी है। उन्होंने बताया कि इस ओलम्पियाड में कई प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग कर अपनी बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जिसमें इस प्रतिभाशाली छात्र ने अपनी गणित ज्ञान व तार्किक क्षमता का जोरदार प्रदर्शन कर स्टार परफार्मर होने का गौरव हासिल किया और साबित कर दिया कि आगे चलकर यह छात्र राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन करने को तत्पर है। आयोजकों ने छात्र की बहुमुखी प्रतिभा की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए स्टार मेडल व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। सीएमएस संस्थापिका-निदेशिका डा. भारती गांधी ने सीएमएस के इस प्रतिभाशाली छात्र के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

सपा और कांग्रेस के नेताओं ने ली रालोद की सदस्यता

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। राष्ट्रीय लोक दल ने लखनऊ पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के अमान गेस्ट हाउस में सक्रिय सदस्यता अभियान का सोमवार को आयोजन किया। सदस्यता अभियान में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे रालोद के राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे ने बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के लोगों को रालोद की सदस्यता ग्रहण करायी। पार्टी के प्रदेश सचिव अफसर अली की अध्यक्षता में हुए सदस्यता ग्रहण समारोह में प्रदेश महासचिव मनोज सिंह चौहान, रोहित अग्रवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह के संयोजक रालोद के पूर्व नगर अध्यक्ष उमर अली व मॉल ब्लाक के प्रधान रहे बराती लाल प्रमुख रहे।

अनिल दुबे ने सर्वप्रथम पूर्व प्रधान बराती लाल, उमर अली हकीमुद्दीन उर्फ पप्पू, अजमल खान, उमरदराज, डॉ. शेख मोहम्मद, सैफी खान और अताउर रहमान को पार्टी की सदस्यता ग्रहण करायी।

इस अवसर पर सदस्यता समारोह को संबोधित करते हुए दुबे ने कहा राष्ट्रीय लोकदल का सदस्यता अभियान डॉ.भीमराव अंबेडकर की जयंती 14 अप्रैल को शुरू किया गया जो 15 अक्टूबर तक सघन रूप से चलाया जाएगा, जिसके बाद 15 अक्टूबर से 15 नवंबर तक रालोद के सांगठनिक चुनाव संपन्न होंगे। उन्होंने कहा कि रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी समाज के भाईचारे को बनाने में पूरी तरीके से लगे हुए हैं और उनके नेतृत्व में किसानों तथा समाज के हर वर्ग के लिए रालोद उनके साथ खड़ा है और उनके हकों के लिए संघर्ष करता रहेगा। उन्होंने कहा कि दुकानों पर नाम लिखे जाने तथा सड़क पर नमाज अदा किए जाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा एफआईआर करने व पासपोर्ट जब्त करने का विरोध सबसे पहले रालोद ने ही किया। उन्होंने कहा कि जो काम कांग्रेस पिछले 40 वर्षों में नहीं कर पायी उसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसान मसीहा चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न से सम्मानित कर पूरा किया जिससे देश के किसानों का गौरव बढ़ा। रालोद व्यापार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष रोहित अग्रवाल ने कहा कि रालोद किसानों और नौजवानों के लिए योजना बनाकर काम कर रहा है और युवाओं के लिए जयंत चौधरी पूरे देश में रोजगार दिलाने में लगे। सदस्यता ग्रहण समारोह को मनोज सिंह चौहान व अफसर अली ने भी संबोधित किया। सदस्यता समारोह में पहुंचने पर राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे का व अन्य अतिथियों का जोरदार स्वागत व अभिनंदन किया। सदस्यता समारोह में भारी संख्या में अल्पसंख्यक समाज के लोग उपस्थित रहे।

नेपाल से राजधानी पहुंचा उच्च स्तरीय प्रतिनिधि मंडल

लखनऊ। उत्तर प्रदेश चैप्टर, पीएचडीसीसीआई ने सोमवार को पीएचडी हाउस, लखनऊ में नेपाल से आए एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ एक महत्वपूर्ण संवाद सत्र का आयोजन किया। इस सत्र का उद्देश्य क्षेत्रीय आर्थिक संबंधों को सुदृढ़ करना और कृषि, आतिथ्य, हर्बल तथा लकड़ी-आधारित उद्योगों में सीमा पार निवेश के अवसरों को तलाशना था। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व बीर बहादुर थापा, भूमि प्रबंधन, कृषि एवं सहकारिता मंत्री (सीपीएन-यूएमएल) ने किया। उनके साथ घनश्याम चौधरी, प्रांतीय विधानसभा सदस्य एवं संसदीय दल के नेता (नागरिक उन्मुक्ति पार्टी), नरेश शाही, प्रांतीय विधानसभा सदस्य एवं पूर्व मंत्री (सीपीएन-यूनिफाइड सोशलिस्ट) और झपट सौद, प्रांतीय विधानसभा सदस्य एवं पूर्व मंत्री सीपीएन-माओवादी सेंटर उपस्थित थे। प्रतिनिधिमंडल में अन्य वरिष्ठ अधिकारियों में डॉ. कमल प्रसाद पोखरेल शर्मा, मुख्य सचिव, सुदूरपश्चिम प्रदेश सरकार शेर बहादुर भंडारी, सदस्य, नीति एवं योजना आयोग सुरत कुमार बम, सचिव, भौतिक पूवाधार मंत्रालय, डॉ. जितु उपाध्याय, मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार तथा राम बहादुर बिस्टा, मुख्यमंत्री के निजी सचिव शामिल रहे। भारत सरकार के विदेश मंत्रालय (नेपाल डेस्क) से सकेता राजा मुसिनिपल्ली, उप सचिव भी प्रतिनिधिमंडल के साथ उपस्थित रहे। सत्र के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने नेपाल में विदेशी निवेश की अपार संभावनाओं को रेखांकित किया, विशेषकर उन क्षेत्रों में जो उत्तर प्रदेश की औद्योगिक क्षमता के पूरक हैं। उन्होंने भारतीय उद्यमियों को संयुक्त उद्यमों और व्यापार साझेदारियों की खोज के लिए आमंत्रित किया और नेपाल सरकार की पूर्ण सहयोग की प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश चैप्टर, पीएचडीसीसीआई के सक्रिय सदस्य मौजूद रहे। पीएचडीसीसीआई, उत्तर प्रदेश राज्य चैप्टर के क्षेत्रीय निदेशक अतुल श्रीवास्तव ने भारत के विकसित भारत दृष्टिकोण के तहत द्विपक्षीय सहयोग को प्रोत्साहित करने में चैंबर की भूमिका को रेखांकित किया और ऐसे संवादों की क्षेत्रीय आर्थिक विकास में भूमिका पर बल दिया। सत्र का समापन नेपाल प्रतिनिधिमंडल के सक्रिय सहभागिता के लिए आभार ज्ञापन के साथ हुआ, और यह द्विपक्षीय व्यापार और निवेश संबंधों को सशक्त बनाने की परस्पर प्रतिबद्धता के साथ संपन्न हुआ।

संक्षेप

नीरज विश्वकर्मा ने क्वालीफाई किया नेट/जेआरएफ

सुल्तानपुर। गनपत सहाय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के गणित विभाग के छात्र नीरज विश्वकर्मा सुपुत्र राजकुमार विश्वकर्मा ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (सी.एस.आई.आर.) की नेट/जे.आर.एफ. 2025 की परीक्षा उत्तीर्ण कर राष्ट्रीय स्तर पर 164 रैंक प्राप्त करते हुए जे.आर.एफ. की पात्रता प्राप्त की है। नीरज ने महाविद्यालय से एम.एस.सी. गणित की परीक्षा वर्ष 2024 में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की। छात्र की इस गौरवशाली उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ. ओम प्रकाश पाण्डेय बजरंगी, प्राचार्य प्रो (डॉ) अंग्रेज सिंह, गणित विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो (डॉ) जयशनाथ मिश्र, विभाग के प्राध्यापक रवि शंकर शुक्ल व डॉ शिशिर श्रीवास्तव और महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापकों तथा कर्मचारीगणों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए छात्र के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की।

मंदिर मे लगे घंटियों को चुरा ले गए चोर

कादीपुर, सुल्तानपुर (वीओएल)। चोरो ने मंदिर में लगे घंटे एवं घंटियों को चुरा ले गए। कोतवाली क्षेत्र के अल्देमऊ गांव में स्थित बरगद बाबा के मंदिर में लगे घंटे एवं घंटियां बीते 18 मार्च 2025 की रात को चुरा ले गए। जिनका वजन लगभग 50 किलो था। रविवार को खतीपुर गांव के शुभम पांडेय एवं मोहम्मदाबाद गांव के अविनाश सिंह, सत्यम मिश्रा, राजवंत की दी गई, तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात चोर के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है।

हत्या आरोपी के विरूद्ध पुलिस ने दर्ज किया केस

कादीपुर, सुल्तानपुर (वीओएल)। पुलिस ने दुराचार पॉक्सो एक्ट एवं हत्या के आरोपियों के विरुद्ध गैंगस्टर अधिनियम के अंतर्गत केस दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के पलियागोपालपुर गांव के विकास पांडेय एवं अनिल कुमार के विरुद्ध पुलिस ने जिला अधिकारी के अनुमोदन के बाद गैंगस्टर अधिनियम के अंतर्गत केस दर्ज किया है। दोनों के विरुद्ध पॉक्सो एक्ट दुराचार एवं हत्या के आरोप दर्ज है। प्रभारी निरीक्षक श्याम सुंदर ने बताया कि दोनों आरोपी जेल में है।

तीन वांछित गिरफ्तार

कादीपुर, सुल्तानपुर (वीओएल)। कोतवाली पुलिस ने अलग-अलग स्थानो से तीन वांछित आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। सोमवार को प्रभारी निरीक्षक श्याम सुंदर ने गोमती नदी के देवाढ़ घाट के पास से पास्को एक्ट के वांछित आरोपी उन्नाव जिले बिहार थाने के असरेखेड़ा गांव के गौरव सिंह एवं कूरेभार थाने के इछुरी गांव के शिवशंकर वर्मा को गिरफ्तार कर लिया। वहीं पर वरिष्ठ उपनिरीक्षक राजेश कुमार सिंह ने सोमवार को ही तैलागपुर मोड़ के पास से ही अल्देमऊ नूरपुर गांव के मोहमद सुभान को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी की तीन अदद पीली धातु की घंटी, दो अदद सफेद धातु की सीकड़, एक अदद पीली धातु की दीपदानी एवं एक अदद पीली धातु अगरबत्ती स्टैंड, एक अदद सफेद धातु की अगरबत्ती स्टैंड, एक अदद सफेद धातु की दीपदानी बरामद किया।

जातीय जनगणना से मिलेगा लाभ

सुभासपा कार्यकर्ताओं ने पीएम मोदी का जताया आभार

लम्भुआ, सुल्तानपुर (वीओएल)। सुभासपा कार्यकर्ताओं ने जातीय जनगणना के निर्णय पर पीएम मोदी का आभार जताते हुए स्थानीय तहसील पहुंचकर एसडीएम के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद ज्ञापन दिया। कार्यकर्ताओं ने बताया कि जाति जनगणना होने से शोषित वंचित जनजाति लोगों की संख्या का आकलन होगा, जिससे सरकार को उनके विषय में योजनाएं बनाने में मदद मिलेगी ऐसे लोग समाज के मुख्य धारा से जुड़ेंगे। सुभासपा पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष अवनीश सिंह की अगुवाई में प्रधानमंत्री को संबोधित उपजिलाधिकारी के माध्यम से लम्भुआ तहसील पर मौजूद तहसीलदार अरविन्द तिवारी को सौंपा गया। इस मौके पर पार्टी के ब्लॉक अध्यक्ष लम्भुआ मनोज शर्मा ने बताया किष्भारत की शोषित उपेक्षित वंचित जनमानस को समुचित भागीदारी दिलाने के लिए लंबित जातीय जनगणना कराने के लिए एनडीए सरकार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में साहसिक निर्णय लिया है। सरकार का यह निर्णय आने वाले समय में समस्त वंचित शोषित समाज को समुचित भागीदारी प्राप्ति के लिए कानूनी आधार बनेगा। विगत समय की विपक्षी सरकारों ने जातीय जनगणना को नहीं होने दिया। वंचित शाोषित समाज से संबंधित इस महत्वपूर्ण मांग को स्वीकार करना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की सामाजिक प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। उक्त निर्णय के लिए सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के समस्त पदाधिकारी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को हृदय से कोटिश: धन्यवाद ज्ञापित करते हैं। जिसके लिए एक धन्यवाद ज्ञापन आज स्थानीय तहसील में दिया गया है। इस मौके पर अवनीश सिंह विधानसभा अध्यक्ष लंभुआ, अनूप सिंह ब्लॉक अध्यक्ष पी पी कमैचा, राम भारत गौड़ ब्लॉक अध्यक्ष लंभुआ, राम बहादुर वर्मा ब्लाक अध्यक्ष भदैया, पंकज, गुड्डू सिंह, जिला उपाध्यक्ष बाबूलाल धुरिया, ब्लॉक अध्यक्ष लंभुआ मनोज शर्मा, पवन पांडेय, ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह प्रवक्ता प्रदेश उपाध्यक्ष, अवधेश कुमार, नंदलाल धुरिया, जितेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

डिजिटल इंडिया अभियान के साथ कदमताल कर रहा अयोध्या मेडिकल कॉलेज

- अयोध्या मेडिकल कालेज में अब रोगियों की दवा व मेडिकल हिस्ट्री एक क्लिक पर
- फार्मेसी व एमआरडी मॉड्यूल लागू, दवाओं की खपत की भी मिलेगी जानकारी

अयोध्या। दर्शननगर में स्थित राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज सरकार के डिजिटल इंडिया अभियान के साथ कदमताल कर रहा है। मरीजों के लाभ को प्राथमिकता देते हुए यह संस्थान लगातार नए ऑनलाइन मॉड्यूल लागू कर रहा है। इसी दिशा में कॉलेज प्रशासन ने अब फार्मेसी और मेडिकल रिकॉर्ड डिपार्टमेंट (एमआरडी) मॉड्यूल शुरू कर दिए हैं। इन सुविधाओं से मरीजों को काफी सहूलियत मिलेगी। इनके लागू होने से मरीज एक क्लिक में अपनी मेडिकल हिस्ट्री और इलाज के दौरान दी गई दवाओं की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के बाद देश-विदेश में बैठे रामभक्त अयोध्या पहुंच रहे हैं। बड़ी संख्या में आ रहे श्रद्धालु व सैलानियों की सेहत का ख्याल रखते हुए योगी सरकार रामनगरी की स्वास्थ्य सेवाओं को लगातार मजबूत करने का कार्य कर रहा है। इसी क्रम में मेडिकल कालेज प्रशासन ने रोगियों के हित को देखते हुए दो मॉड्यूल लागू किये हैं। मेडिकल कॉलेजों में ऑनलाइन सेवाएं हॉस्पिटल मैनेजमेंट इंफॉर्मेशन सिस्टम (एचएमआईएस) के माध्यम से संचालित की जाती है। फार्मेसी और एमआरडी मॉड्यूल को लागू करने के लिए पिछले कई दिनों से तैयारियां चल रही थीं, जो अब पूरी हो चुकी हैं। एचएमआईएस के इंजीनियर विकास पाठक के मुताबिक फार्मेसी मॉड्यूल के तहत अब दवा काउंटर पर मरीजों के पर्चे का ओआरडी नंबर सिस्टम में दर्ज किया जा रहा है। पर्चे में लिखी गई दवाओं का विवरण भी सिस्टम में अपलोड होगा। इससे मरीज को सालों बाद भी यह जानकारी मिल सकेगी कि उसे कब, किस डॉक्टर ने कौन-सी दवाएं लिखी थीं। साथ ही दवाओं के दुरुपयोग पर भी अंकुश लगेगा, क्योंकि खपत का पूरा लेखा-जोखा ऑनलाइन रहेगा। एमआरडी मॉड्यूल में मरीज कभी भी अपनी फाइल एक क्लिक में प्राप्त कर सकेंगे। डाटा सेव करने का कार्य किया जा रहा है। मेडिकल कॉलेजों की ऑनलाइन सेवाओं की जानकारी के लिए ई-सुश्रुत ऐप उपलब्ध है। इसे डाउनलोड करने के बाद मरीज अपनी निर्धारित दवाओं का विवरण देख सकते हैं।

गंदगी से बजबजा रही नालियां, सफाई कर्मी नदारद

जगदीशपुर, अमेठी। तैनात सफाई कर्मचारियों की लापरवाही के चलते नालियां गंदगी से पटी पड़ी बजबजा रही हैं जिसके चलते स्थानीय लोग संक्रमण बीमारी की चपेट में आकर अस्पताल पहुंच रहे हैं जिम्मेदार अधिकारी बेखबर हैं। विकासखंड क्षेत्र के अंतर्गत स्थित ग्राम पंचायत पालपुर के घोसियाना रोड पर स्थित नाली कीचड़ व गंदगी से पटी पड़ी है जिसमें से आ रही बदबू के कारण स्थानीय लोग संक्रमण बीमारी की चपेट में आकर आए दिन परेशान रहते हैं तो वहीं रोड से गुजरने वाले वाहन नालियों व रोड को छतिग्रस्त कर देते हैं जिससे स्थानीय लोगो व वाहन चालकों में आए दिन तू तू मैं मैं होना आम बात है गंदगी से परेशान होकर सोमनाथ फैयाज अहमद रिबन गुड्डू आदि स्थानीय लोगों ने विकास खंड स्तर पर इसकी शिकायत भी किया परंतु कोई कर्मचारी सफाई करने की जहमत नहीं उठाना चाहते जिसके चलते स्थानीय लोगों में आक्रोश व्याप्त है। इस सम्बंध मे खंड विकास अधिकारी तेजभान सिंह से दूरभाष द्वारा संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन उन्होने हमेशा की तरह फोन उठाना मुनासिब नहीं समझा।

लोकाधिकार सेवा समिति के नए अध्यक्ष बने प्रभाकर चंद्रशेखर शुक्ल

जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। क्षेत्र के बेलहरी ग्राम पंचायत के रेवारी निवासी प्रभाकर चंद्रशेखर शुक्ल को लोकाधिकार सेवा समिति का मुम्बई के घाटकोपर में आयोजित एक बैठक में सर्वसम्मति से राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया, जिसके बाद लोगों द्वारा नव नियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष को बधाई दिया जा रहा है। बता दें कि लोकाधिकार सेवा समिति एक रजिष्टर्ड स्वयं सेवी जन कल्याणकारी संस्था हैं। जो विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से वर्ष भर जनहित मे कार्य करती रहती है। संस्था सामूहिक विवाह रक्त दान शिविर, जेल मे अवरुद्ध कैदियों हेतु विभिन्न सुविधाएं मानस प्रवचन, कवि सम्मेलन, ठंडी मे मुक्त कंवल वितरण, दृष्टि वाधित लोगों हेतु मुफ्त नेत्र परीक्षण एवं चश्मा वितरण, विकलांगों हेतु विभिन्न उपकरण उपलब्ध कराती रहती है। गौरतलब है इस संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर शुक्ल थे जिनका गत दिनों निधन हो गया। पूर्व अध्यक्ष के निधन के पश्चात समिति की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में सर्वसम्मति से प्रभाकर चंद्रशेखर शुक्ल को राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया गया। उनके इस नियुक्ति पर दिवाकर मिश्र, रामबिलास पाठक, दलजीत पांडेय, सर्वदेव पांडेय, बृजेश शुक्ल, आदेश मिश्र, रत्नेश शुक्ल, जयसिंहपुर प्रमुख राहुल शुक्ल, दिनेश सिंह, अरविंद शुक्ल, शुभम सिंह, अवधेश तिवारी, रामतीरथ शर्मा, संदीप दुबे, बब्लू तिवारी, अंजनी यादव सहित तमाम शुभचिंतकों और समर्थकों ने नव नियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रभाकर शुक्ल के प्रति खुशी जाहिर करते हार्दिक शुभकामनाएं दी।

साधन सहकारी समिति के निलंबित सचिव के खिलाफ धन हड़पने का मुकदमा दर्ज

लालगंज रायबरेली। क्षेत्र के पूरे भीखी मजरे बहाई गांव की महिला शांती पत्नी मोतीलाल ने पुलिस अधीक्षक रायबरेली के यहां साधन सहकारी समिति बहाई के निलंबित सचिव बृजेंद्र तिवारी के खिलाफ 30 हजार रुपए हड़पने का आरोप लगाकर शिकायत की थी। मामले में पुलिस अधीक्षक के आदेश पर कोतवाली लालगंज में मुकदमा पंजीकृत हो गया है। पीड़ित महिला के दलित होने के चलते हरिजन एक्ट सहित कई धाराओं में मामला पंजीकृत हुआ है। महिला का कहना है कि उसने 31 जुलाई 2024 को लालगंज की सहकारी बैंक से 70 हजार रुपए लोन लिया था। बृजेंद्र तिवारी ने उसे मात्र 40हजार रुपए ही दिए हैं।30 हजार रुपए आज तक नहीं दिया है। जब भी बृजेंद्र तिवारी से पैसे मांगा तो उसने कहा कि पैसे मिल जाएंगे लेकिन आज तक उसके लोन के पैसे नहीं मिले हैं। पीड़ित महिला ने पुलिस अधीक्षक रायबरेली के यहां शिकायत किया था जिस पर अब बृजेंद्र तिवारी के खिलाफ मामला दर्ज हो गया है। क्षेत्राधिकारी अनिल कुमार सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज हुआ है। कार्रवाई की जाएगी।

तहसील और नगर पंचायत प्रशासन व्यापार मंडल के साथ बैठकर जाम के बाबत निकालेगा हल

लालगंज रायबरेली। उप जिलाधिकारी मिथिलेश त्रिपाठी ने बताया कि लालगंज में लगने वाले भारी जाम के मद्देनजर आज मंगलवार को तहसील सभागार में 2 बजे बैठक होगी जिसमें नगर पंचायत प्रशासन व्यापार मंडल और अन्य लोग रहेंगे। बैठक में सभी लोगों से वार्ताकर लालगंज क्षेत्र के लोगों को जाम से मुक्ति दिलाने के लिए कोई ठोस योजना अमल में लाई जाएगी जिससे भविष्य में लोग फिर से अतिक्रमण न कर सके। बताते चले कि शुक्रवार को नगर पंचायत प्रशासन के द्वारा बुलडोजर लेकर नगर में अतिक्रमण अभियान चलाया गया था जिसमें फुटपाथ ना खाली करा कर कुछ लोगों की टीन हटाई गई हैं और कुछ लोगों की नाली पर बनी सीढ़ियां तोड़ी गई है। नगर पंचायत के मनमानी तरीके की शिकायत एसडीएम से की गई थी जिस पर एसडीएम ने संज्ञान लेते हुए बैठक बुलाई है।

कमल श्रीवास्तव बने जिलाध्यक्ष

- प्रतिभा श्रीवास्तव को महिला जिलाध्यक्ष व अभिषेक श्रीवास्तव को नगर अध्यक्ष की जिम्मेदारी

रायबरेली। अखिल भारतीय चित्राँश महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव वर्मा ने कहा कि सामाजिक समरसता, शैक्षिक उत्थान व देश की आर्थिक प्रगति में हमेशा से चित्रांश महासभा का योगदान रहा है और भविष्य में रहेगा, बस जरूरत है कि हमारा चित्रांश महासभा परिवार एकजुट रहे। श्री वर्मा स्थानीय कैपिटल उत्सव लान में चित्रांश महासभा के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री वर्मा ने कहा कि चित्रांश समाज के सभी पदाधिकारियों का दायित्व है कि वे समाज को एक मंच पर लायें और समाज की आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक प्रगति के लिए प्रयास करते रहे। महासभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला श्रीमती सरिता वर्मा ने महिला पदाधिकारियों को जागरूक किया। राष्ट्रीय महासचिव युवा अमिताभ बिहारी वर्मा ने युवा पदाधिकारियों को तो राष्ट्रीय प्रशासनिक सचिव राजन सक्सेना ने महासभा परिवार को शक्तिशाली बनाने पर बल दिया। इसके साथ ही राष्ट्रीय

अध्यक्ष संजीव वर्मा ने जिले के कर्मठ व समाजसेवी कमल श्रीवास्तव को जिलाध्यक्ष पद की शपथ दिलायी और कहा कि वे समाज के लोगों को सक्रिय करके सामाजिक एकता बनायें और समाज के लोगो को दुःख दर्द पर नजर रखें। जिलाध्यक्ष की शपथ ग्रहण करने के साथ ही कमल श्रीवास्तव ने समाज को विश्वास दिलाया कि उन्हें महासभा ने जिस विश्वास के साथ जिम्मेदारी सौंपी है, उस कसौटी पर पूरा उतरने का प्रयास करूँगा। इसी कड़ी में राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा यशपाल सिंह एडवोकेट, विजय श्रीवास्तव, सुशील श्रीवास्तव, डा0 रमेश श्रीवास्तव सहित 12 संरक्षकों, मुकेश श्रीवास्तव, तनय श्रीवास्तव सहित 6 प्रदेश कार्यकारिणी के पदाधिकारियों दिनेश कुमार श्रीवास्तव, अनूप कुमार श्रीवास्तव सहित 12 विधिक प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों दुर्गेश रमन श्रीवास्तव जिला महामंत्री, सुबोध श्रीवास्तव महामंत्री समेत 28 जिला कमेटी के पदाधिकारियों, अभिषेक श्रीवास्तव नगर अध्यक्ष, कुशल श्रीवास्तव नगर महामंत्री, सहित 21 नगर के पदाधिकारियों तथा श्रीमती प्रतिभा श्रीवास्तव जिलाध्यक्ष महिला व सपना श्रीवास्तव जिला महासचिव सहित 13 पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता बी.एस. सक्सेना ने की व संचालन रवीन्द्र श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम में पधारे अतिथि के रूप में राष्ट्रीय सचिव प्रमिल खरे, वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष सर्वेश श्रीवास्तव, प्रदेश सचिव दीपक श्रीवास्तव, प्रदेश उपाध्यक्ष लाल जी श्रीवास्तव एवं प्रदेश सचिव कुलदीप खरे का स्वागत किया।

काशी तालाब के सुंदरीकरण की जिलाधिकारी से हुई मांग

रायबरेली। लालगंज नगर पंचायत के वार्ड नंबर 12 के सभासद व जिला योजना समिति के सदस्य राघवेंद्र सूर्यवंशी ने काशी तालाब के सुंदरीकरण कार्य को पुनः शुरू कराने की मांग की है। इस संबंध में उन्होंने जिलाधिकारी को एक प्रार्थना पत्र सौंपा है। सभासद ने बताया कि वित्त वर्ष 2023-24 में नगरीय तालाब संरक्षण योजना के तहत काशी तालाब की मरम्मत का कार्य शुरू कराया गया था, लेकिन कार्य की रफ्तार बेहद धीमी रही। बार-बार अनुरोध के बाद एक माह पूर्व नगर पंचायत की ओर से कार्य दोबारा शुरू कराया गया। लेकिन कुछ लोगों के समूह ने काशी तालाब और धर्मशाला पर स्वामित्व का दावा करते हुए कार्य रुकवा दिया गया। उपजिलाधिकारी ने आपत्तिकताओं को 10 दिन के भीतर स्वामित्व संबंधी दस्तावेज नगर पंचायत कार्यालय में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था, लेकिन तय समयसीमा बीत जाने के बावजूद वे कोई प्रमाणित दस्तावेज उपलब्ध नहीं करा सके। सभासद सूर्यवंशी ने पत्र में यह भी बताया कि काशी तालाब की वर्तमान स्थिति अत्यंत दयनीय है। तालाब में गंदगी जमा है। जिससे मोहल्ले के लोगों को दुर्गंध का सामना करना पड़ रहा है। मरम्मत और देखरेख के अभाव में तालाब का अस्तित्व खतरे में है। उन्होंने जिलाधिकारी से आग्रह किया कि जनहित को ध्यान में रखते हुए तालाब के सुंदरीकरण का कार्य पुनः प्रारंभ कराया जाए। बताया कि जिलाधिकारी ने भी मामले की गंभीरता को समझते हुए एडीएम प्रशासन को कार्य शुरू कराने के निर्देश दिए हैं।

अवैध कार्यों पर होगी कड़ी कार्यवाही

जिला पूर्ति अधिकारी ने गो गैस गोदाम पर मारा छापा, मिले 300 अवैध सिलेंडर

सुलतानपुर (वीओएल)। गैस वितरक गो गैस के गोदाम पर जिला पूर्ति अधिकारी जीवेश कुमार मौर्य ने एसडीएम सदर विपिन द्विवेदी के साथ छापा मारा जिसमें बड़ी मात्रा में अवैध रूप से भंडारित कमर्शियल सिलेंडर मौके पर बरामद किया गया। जनपद सुल्तानपुर में जिला पूर्ति अधिकारी ने बड़ी कार्यवाही की और 300 सिलेंडरों को अपने कब्जे में लिया। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि अवैध तरीके से सिलेंडरों के भंडारण की सूचना प्राप्त हुई थी जिस पर संबंधित गैस एजेंसी (गोदाम) का आकस्मिक निरीक्षण किया गया जिसमें भारी मात्रा में अवैध गैस सिलेंडर प्राप्त हुए हैं। उन्होंने आगे बताया कि भविष्य में अगर इस तरह की शिकायत प्राप्त हुई तो गैस वितरक के विरुद्ध कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। जिला पूर्ति अधिकारी के इस कार्यवाही से गैस वितरकों में हड़कंप मचा है। जिला पूर्ति अधिकारी की इस त्वरित कार्यवाही को जनमानस न्यायसंगत और उपभोक्ता के हितार्थ मान रही है। डिस्ट्रीब्यूटर के खिलाफ कार्यवाही की तैयारी प्रस्तावित है। इस कार्यवाही से जनपद में काला बाजारी पर अंकुश लगेगा।

जैविक खेती के जरिए किसान बढ़ा सकते हैं अपनी आमदनीः रंजना

रायबरेली। कृषि विभाग ने सोमवार को लालगंज विकासखंड सभागार में गौ आधारीय प्राकृतिक खेती पर चर्चा

विषय पर विकासखंड स्तरीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम नेशनल मिशन आन नेचुरल फार्मिंग योजना अंतर्गत आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कृषि विभाग के एसएमएस रंजन द्विवेदी ने कहा कि सभी किसान भाइयों को जैविक खेती पर जोर देना चाहिए जिससे होने वाली बीमारियों से भी छुटकारा मिल सकता है और अच्छा खासा मुनाफा भी कमा सकते हैं। वहीं कार्यक्रम में उपस्थित एसएमएस मनोज कुमार ने कहा कि किसान भाइयों को रासायनिक उर्वरक की जगह गोबर की खाद, केंचुए की खाद व अन्य जैविक उर्वरक का उपयोग करना चाहिए। जिससे आने वाले समय में किसानों को रासायनिक उर्वरक पर निर्भर नहीं होना पड़ेगा। बीज भंडार प्रभारी जयराम शर्मा ने कहा कि जैविक खेती व गौ आधारित प्राकृतिक खेती से किसानों की आय को बढ़ाया जा सकता है कार्यक्रम में वीटीएम अंजनी कुमार, एटीएम बद्रीनारायण, अवनीश कुमार सहित वीसी सखी एवं भारी संख्या में प्रगतिशील कृषक मौजूद रहे।

मंडलायुक्त ने अयोध्या के फतेहगंज क्षेत्र में तालाब का किया स्थलीय निरीक्षण

अयोध्या। मण्डलायुक्त गौरव दयाल द्वारा सोमवार को जनपद के फतेहगंज से चैक की ओर स्थित सुभाष नगर गड़ेरिया क्षेत्र में एक पुराने तालाब का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मण्डलायुक्त ने पाया कि तालाब के समीप कूड़े का ढेर डंप किया जा रहा है, जिससे न केवल पर्यावरणीय दृष्टिकोण से असुविधा उत्पन्न हो रही है, बल्कि तालाब की मूल संरचना व सौंदर्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने इस पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए तत्काल प्रभाव से उचित कार्रवाई के निर्देश दिए। मण्डलायुक्त ने जिलाधिकारी अयोध्या को निर्देशित किया कि संबंधित तालाब की शीघ्र पैमाइश कराई जाए तथा यदि तालाब की भूमि पर कहीं भी अतिक्रमण पाया जाए तो विधिक प्रक्रिया के तहत तत्काल अतिक्रमण हटवाया जाए। इसके साथ ही नगर आयुक्त को निर्देशित किया गया कि तालाब के समुचित सौंदर्यीकरण, सफाई एवं वृक्षारोपण आदि कार्यों हेतु एक विस्तृत प्रस्ताव तैयार कर शीघ्र प्रस्तुत करें।

मील का पत्थर साबित होगी ओम प्रॉपर्टीज : सुनील सिंह

लालगंज रायबरेली। बक्शी मेमोरियल पब्लिक स्कूल के प्रबंध निदेशक सुनील सिंह ने ओम प्रॉपर्टीज ऑफिस का फीता काटकर भव्य शुभारंभ किया। तत्पश्चात श्री सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि ओम प्रॉपर्टीज नगर वासियों के लिए मील का पत्थर साबित होगी। कस्बे की लखनऊ रोड पर महादेव परिसर में स्थित ओम प्रॉपर्टीज के भव्य उद्घाटन के पश्चात प्रोपराइटर चेतन सिंह ने बताया कि लखनऊ जी-20 समिट के बाद उत्तर प्रदेश में निवेश का जो सिलसिला शुरू हुआ था, उसका असर अब राजधानी लखनऊ में भी जमीन के दामों में देखने को मिल रहा है। इसी कड़ी में ओम प्रॉपर्टीज ने वृंदावन योजना में एक भव्य प्रोजेक्ट की घोषणा की है। कंपनी यहां क्षेत्र में वाटर पार्क के साथ-साथ कमर्शियल और रेजिडेंशियल टाउनशिप विकसित करने जा रही है।प्रोजेक्ट की खासियत यह होगी कि इसमें 30 फीट और 40 फीट चैड़ी सड़कें, अत्याधुनिक सुविधाएं और हरियाली से भरपूर फार्म हाउस भी तैयार किए जाएंगे। यह क्षेत्र लखनऊ के विकासमान इलाकों में से एक है, जहां निवेशकों की रुचि तेजी से बढ़ रही है। श्री सिंह ने कहा कि ष्यह प्रोजेक्ट न केवल लखनऊ के रियल एस्टेट सेक्टर को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा, बल्कि स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित करेगा। वहीं जहां क्षेत्र का कायाकल्प होगा, बल्कि आसपास के गाँवों को भी शहरी विकास का सीधा लाभ मिलेगा। इस मौके पर प्रमुख व्यवसाय पीके गुप्ता, पदमधर सिंह, सीबी सिंह, सौरभ सिंह, राघवेंद्र सिंह, बबलू सिंह सहित भारी संख्या में प्रबुद्ध जन मौजूद रहे।

दो युवकों की हत्या से आक्रोश, शव रखकर किया प्रदर्शन

- परिजनों ने शव को सड़क पर रख कर लगाया जाम
- सीओ समेत स्थानीय पुलिस बल मौके पर मौजूद



गौरीगंज, अमेठी। शनिवार / रविवार की रात शादी में शामिल होने के दो युवकों की पीट-पीट कर हत्या के मामले से नाराज परिजन सोमवार को उग्र हो गए और बड़ी संख्या में ग्रामीणों के साथ शव को रायबरेली सुल्तानपुर मार्ग पर रखकर जाम लगा दिया। पूरा मामला गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र के वार्ड नंबर 24 का है जहां के रहने वाले दो युवक सरिया गांव के पास अपनी मौसी के यहां शादी में गए थे जहां खाने को लेकर बारातियों से कुछ विवाद हुआ जिसके बाद और मौके से बाइक लेकर भाग निकली लेकिन रास्ते में एक पेड़ से टकराकर गिर पड़े आरोप है कि पीछे से आए दबंगों ने उन दोनों पर लाठी डंडों और धारदार हथियार हमला किया जिससे वह दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए दोनों को इलाज के लिए ट्रामा सेंटर रेफर किया गया जहां एक युवक ने रास्ते में एक ने दम तोड़ दिया जबकि दूसरे ने इलाज के दौरान दम तोड़ा घटना के बाद पुलिस में एक युवक के पिता की तहरीर पर 8 नामजद समेत पांच अज्ञात हमलावरों के खिलाफ कई गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया।? बीती रात दोनों लोगों का शव गांव पहुंचा इसके बाद आज परिजनों ग्रामीण आक्रोशित हो गए परिजन दोनों युवकों के शव को लेकर टांडा बांदा मार्ग पर पहुंचे और जाम लगा दिया सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण सड़क पर बैठकर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं जाम की सूचना मिलते ही गौरीगंज एस ओ श्याम नारायण पांडे और गौरीगंज सीओ अखिलेश वर्मा दलबल के साथ मौके पर पहुंचे हैं और परिजनों को समझाने बुझाने के बाद जाम समाप्त हुआ। वहीं लोगों का कहना था कि गौरीगंज कोतवाल मृतको के परिजनों को सांत्वना देने के बजाय परिजनों से गर्म मिजाज के साथ व्यवहार किया जिससे लोगों में गुस्सा व्याप्त है।

संविदा कर्मचारियों की छंटनी रोकने की मांग

अयोध्या। उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन संविदा संघ ने अपनी मांगों को लेकर विधायक वेदप्रकाश गुप्त व रामचंद्र यादव को ज्ञापन सौंपा। संघ ने आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की अनावश्यक छंटनी पर तत्काल रोक लगाने, कार्य के अनुरूप अनुबंध कराए जाने तथा न्यूनतम 18,000 रुपये वेतन नियत करने की मांग की है। ज्ञापन सौंपते हुए कर्मचारियों ने कहा कि लगातार छंटनी और अनुचित वेतन नीतियों के चलते संविदा कर्मियों का भविष्य असुरक्षित हो गया है। विधायक वेदप्रकाश गुप्त ने कर्मचारियों की समस्याएं सुनीं कहा कि किसी का शोषण नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा, सरकार सबका साथ, सबका विकास के सिद्धांत पर काम कर रही है। किसी के साथ अन्याय नहीं होगा। विधायक रामचंद्र यादव ने कहा कि जिलाधिकारी से मिलकर इस विषय पर विस्तृत वार्ता करेंगे।

राष्ट्रीय लोकदल के सदस्यता अभियान का हुआ शुभारम्भ



अयोध्या। सोमवार को राष्ट्रीय लोकदल के अवध जोन की संगठनात्मक बैठक एवं सदस्यता अभियान कार्यक्रम प्रेस क्लब में आयोजित हुआ कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि रालोद के राष्ट्रीय महासचिव संगठन त्रिलोक त्यागी व बतौर विशिष्ट अतिथि उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग सदस्य रामकृष्ण सिंह पटेल एवं राष्ट्रीय सचिव अनुपम मिश्रा शामिल हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता अवध जोन अध्यक्ष चैधरी रामसिंह पटेल व संचालन जिला महासचिव संगठन रामशंकर वर्मा ने किया। राष्ट्रीय लोकदल में सदस्यता का नवीनीकरण व नये सदस्य बनाने का कार्यक्रम चल रहा जो एक अभियान के रूप में चलाया जा रहा है। बैठक में अवध जोन में आने वाले सभी जिलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। अयोध्या के रामगुलेला मंदिर व मार्केट के आसपास के सभी मठों मंदिरों एवं माकेर्टों से जुड़े बड़ी संख्या व्यापारियों एवं संतों ने स्थानीय समस्याओं को लेकर केंद्रीय मंत्री स्वतंत्र प्रभार चैधरी जयंत सिंह को संबोधित एक पत्र मुख्य अतिथि त्रिलोक त्यागी को सौंपा। श्री निर्भय सिंह औद्योगिक इंटर कालेज के इंग्लिश प्रवक्ता मनोज कुमार सिंह ने अपने दर्जनों शिक्षक साथियों के साथ राष्ट्रीय लोकदल की सदस्यता ग्रहण की।

पाक की चौतरफा घेरेबंदी

पहलगाम आतंकी हमले के बाद सरकार ने दूसरे ही दिन कई बड़े फैसले किये थे जिसमें मुख्य था इंडस-वॉटर ट्रीटी को सस्पेंड करना। जब केन्द्र सरकार ने 1960 में हुए सिंधु-जलि संधि को निलंबित किया था, तो बहुतों ने सवाल उठाया था कि आखिर पानी कैसा रोका जा सकता है। इसका कोई असर फिलहाल नहीं होने वाला है आदि आदि। लेकिन सिंधु जल संधि को स्थगित करने के दो सप्ताह के भीतर जिस तरह भारत सरकार ने चिनाव नदी का पानी पाकिस्तान जाने से रोक दिया और इसे बगलिहार डैम में भरा जा रहा है उससे स्पष्ट है कि सरकार का फैसला बहुत सुविचारित था और इससे पाकिस्तान व्यापक रूप से प्रभावित होगा। चिनाव नदी का पानी रोकने के बाद सरकार झेलम नदी का पानी रोकने के लिए भी काम कर रही है और उम्मीद है जल्द ही झेलम नदी का पानी दूसरे डैम में रोका जायेगा। इससे भारत को फायदा होगा और पाकिस्तान में इससे पेयजल संकट, सिंचाई संकट, बिजली संकट और अगर पानी एकत्र कर अचानक भारी मात्रा में छोड़ दिया जाये, तो बाढ़ का संकट भी उत्पन्न होगा। इस तरह पाकिस्तान को आतंकवाद की सजा देने का सिलसिला जारी है। देश की सेना पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए लगातार युद्ध अभ्यास कर रही है, रणनीतियां बना रही है और व्यापक तैयारियों के साथ पाकिस्तान पर धावा बोलने की तैयारी कर रही है। दूसरी तरफ सरकार एक के बाद एक आर्थिक और कूटनीतिक फैसलों के जरिए पाकिस्तान पर चोट कर रही है। भारत ने पाकिस्तान पर फिलहाल आर्थिक स्ट्राइक की है। हर तरह के आयात-निर्यात पर पाबंदी लगा दी गई है। किसी और देश के जरिए भी पाकिस्तान का सामान नहीं आ सकेगा। हालांकि 2024-25 में पाकिस्तान से मात्र 4 करोड़ रुपये का आयात किया गया, जबकि भारत का निर्यात 3764 करोड़ रुपये का था। कारोबार बंद करने से नुकसान भारत का ही होगा, लेकिन दुश्मन को चारों खाने चित करने की यह भी एक कारगर रणनीति है। पाकिस्तान में पंजीकृत या उसके झंडे वाले जहाज और नौकाएं भारतीय बंदरगाहों पर नहीं आ सकेंगी। उनके प्रवेश पर भी पाबंदी लगा दी गई है। सभी तरह की डाक सेवाएं भी बंद कर दी गई हैं। पाकिस्तान की चौतरफा घेरेबंदी की जा रही है। भारत अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ), विश्व बैंक, एशियाई विकास बैंक में भी शिकायत दर्ज करेगा कि पाकिस्तान को दिए जा रहे कर्जों की गहन समीक्षा की जाये, क्योंकि गुरबत और गरीबी के नाम पर जारी किए जा रहे कर्जों का पैसा आतंकवाद पर खर्च किया जा रहा है। आईएमएफ ने पाकिस्तान को 7 अरब डॉलर का कर्ज देना तय किया था। जुलाई, 2024 से इस कर्ज की किस्तें शुरू हुई हैं। कुल 37 किस्तों में यह कर्ज दिया जाना है। मई, 2025 में ही आईएमएफ का बोर्ड 1.3 अरब डॉलर के कर्ज पर विमर्श करेगा। भारत इस आर्थिक स्रोत को भी बाधित कर पाकिस्तान की भुखमरी और बदहाली को इतना बढ़ाना चाहता है, जो उचित भी है। इससे पाकिस्तान बिलबिला उठेगा और आतंकियों को पालने-पोसने लायक भी नहीं रह जायेगा। पाकिस्तान फिलहाल कर्ज पर ही चल रहा है। यदि भारत के आग्रह और साक्ष्यों के आधार पर पाकिस्तान को मिलने वाले ये कर्ज रद्द या कम अथवा स्थगित कर दिए जाते हैं, तो वहां की अवाम सड़कों पर उतर कर मुल्क की हुकूमत के खिलाफ विद्रोह कर सकती है। पाकिस्तान की 40 फीसदी से अधिक अवाम गरीबी-रेखा के नीचे जीने को विवश है। पाकिस्तान की आर्थिक विकास दर 2 फीसदी के करीब है। भारत की आर्थिक स्ट्राइक पाकिस्तान को और अधिक नीचे ले जायेगी और पाकिस्तान को आतंकवाद की भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। वहां जरूरी वस्तुओं का अकाल पड़ सकता है। चीन और तुर्किये सरीखे देश पाकिस्तान को मदद करेंगे लेकिन इस मदद के बदले वे पाकिस्तान से भारी कीमत भी वसूलेंगे। सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात सरीखे इस्लामिक देशों ने आतंकवाद के मुद्दे पर भारत का समर्थन किया है। पाकिस्तान के साथ चीन, टर्किए, अदरबैजान जैसे देश ही हैं जबकि भारत को रूस, अमरीका, यूरोप, जापान, फ्रांस जैसे बड़े देशों का समर्थन है और समग्र रूप से कूटनीतिक मोर्चे पर भी भारत का पलड़ा बहुत भारी है।



सेना व्यापक तैयारी के साथ पाकिस्तान पर धावा बोलने के लिए युद्ध अभ्यास कर रही है, तो दूसरी तरफ सरकार एक के बाद एक फैसले कर पाकिस्तान पर कूटनीतिक एवं आर्थिक प्रहार कर रही।

विचार

जब तक मन नहीं जीता जाता और राग-द्वेष शांत नहीं होते, तब तक मनुष्य इन्द्रियों का गुलाम बना रहता है।
–विनोबा भावे.

किसी भी प्रकार की गरीबी हमारा ईश्वर से उचित संबंध जोड़ देती है। जबकि मन या धन की अमीरी हमारा सबसे विच्छेद कर देती है।
–फ्रैंक कासले.

किसी से घृणा मत करो। सबको हृदय से लगाओ। घृणित वह नहीं है जिससे घृणा की जाती है किन्तु घृणित वह है जो घृणा करते हैं, क्योंकि उसके ही हृदय में घृणा भरी है।
–भगवान महावीर.

चिता मृत मनुष्य को एक ही बार जलाती है, परन्तु चिंता जीवित मनुष्य को रह रहकर जलाती रहती है।
–चैनिंग.

संयम और परिश्रम मनुष्य के दो सर्वोत्तम चिकित्सक हैं। परिश्रम से भूख तेज होती और संयम अति भोग से रोकता है।
–रूसो.

भारत में जाति की जटिलताओं को समझिये

शाहिद ए चौधरी

चिंतन

भारत में धर्म अस्थायी है, जाति स्थायी है। व्यक्ति धर्म बदल सकता है, लेकिन जाति नहीं बदल सकता। इसलिए जिन लोगों ने सिद्धांतः जाति विहीन समाज की कल्पना करने वाले इस्लाम को अपनाया, उनमें भी त्यागी, राजपूत, जाट, गुर्जर, दलित आदि जातियां हैं। हद तो यह है कि जातियों में भी उप-जातियां हैं। मसलन, अंसारी (जुलाहे) बिरादरी में तीन उप-जातियां हैं- थमैती, पारवे और देसवाले। यह उप-जातियां आपस में रोटी-बेटी का रिश्ता नहीं रखती हैं। इनमें जो आर्थिक, सामाजिक, शैक्षिक व राजनीतिक असमानताएं हैं, वह जग जाहिर हैं। यह हाल मुस्लिमों की लगभग सभी जातियों का है। इसका अंदाजा सर्विदित है, लेकिन ठोस डाटा का अभाव है। इसलिए आगामी राष्ट्रीय जनगणना में जो जाति जनगणना (मुस्लिमों की जातिगत जनगणना सहित) को शामिल किया गया है, वह स्वागतयोग्य कदम है। इससे मुस्लिम जातियों की वास्तविक स्थिति भी मालूम हो जायेगी और डाटा की रोशनी में उनके विकास के लिए भी उचित कदम उठाये जा सकेंगे। हालांकि सच्चर कमेटी की रिपोर्ट ने मुस्लिमों की दयनीय स्थिति को उजागर कर दिया था, लेकिन उन्हें आरक्षण जैसी सुविधाओं से इसलिए वंचित रखा गया, क्योंकि संविधान में धर्म के आधार पर आरक्षण देने का प्रावधान नहीं है। कुछ राज्यों, जैसे आंध्रप्रदेश व कर्नाटक ने मुस्लिमों को 4.5 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रयास किया, लेकिन उक्त कारण से कभी अदालत ने तो कभी नई राज्य सरकार ने उस पर विराम लगा दिया। कुछ राज्यों में ओबीसी मुस्लिमों को अवश्य आरक्षण का लाभ प्राप्त है। अनुमान यह है कि जनगणना से जब मुस्लिमों की जातिगत स्थिति सामने आ जायेगी तो उनकी कमजोर जातियों के विकास के लिए सरकारों की तरफ से कुछ कदम भी जरूर उठाये जायेंगे।

बहरहाल, मुस्लिमों में जो सम्पन्न अशरफ जातियां हैं (सैयद, शेख, मुगल, पठान आदि) वह अब भी ख्वाब की दुनिया में ही रहना चाहती हैं या अपने राजनीतिक वर्चस्व को खोना नहीं चाहतीं। उनकी तरफ से यह मुहिम चलायी जा रही है कि जनगणना में धर्म इस्लाम व जाति मुस्लिम लिखवायी जाये। यह हकीकत से शुतुरमुर्ग की तरह बालू में मुंह छुपाना है। मुस्लिम कोई जाति नहीं है। जो भी इस्लाम को मानता है, वह मुस्लिम है। भारतीय उपमहाद्वीप के मुस्लिमों में जातियों का होना एक सामाजिक सच्चाई है, जिस पर अनेक शोध हो चुके हैं, विशेषकर जेएनयू के शोधकताओं द्वारा। इस्लामी विद्वान अशरफ अली थानवी, जिन्हें मुस्लिम हकीम-उल-उम्मत मानते हैं, ने तो अपनी चर्चित पुस्तक 'बहिश्ती जेवर' में बताया है कि मुस्लिमों की कौन सी जातियां आपस में ब्याह कर सकती हैं और कौन सी नहीं। यह बात कुरआन के विरुद्ध अवश्य है, लेकिन जमीनी हकीकत यही है। इसलिए यह आश्चर्य नहीं है कि मुस्लिमों में जातियों के आधार पर राजनीतिक दल व सामाजिक संगठन हैं। अगर सवर्ण मुस्लिमों ने एसएसएमपी (सैयद, शेख, मुगल, पठान) पार्टी बनायी हुई है, तो ओबीसी मुस्लिमों के पसमांदा संगठन हैं। यह जातिगत झुकाव चुनावी मतदान में भी नजर आता है। यही वजह है कि बीजेपी की दिलचस्पी पसमांदा में बढ़ती जा रही है और उसने इस सिलसिले में अनेक सम्मेलन आयोजित किये हैं।

दरअसल, समाजशास्त्रियों के अनुसार भारत के हिन्दुओं व मुस्लिमों में 97.5 प्रतिशत समानताएं हैं। इसलिए यह सोचना ही फिजूल है कि उनके व्यवहार या किसी भी मुद्दे पर प्रतिक्रिया में कोई खास अंतर होगा। अगर हम चाहते हैं कि कल को जाति का महत्व कम हो जाये तो हमें सबसे पहले यह समझना होगा कि आज भी जाति का महत्व क्या है? इसके लिए जनगणना, आवश्यक होने के बावजूद पर्याप्त नहीं है। केवल गहरे सैंपल सर्वे ही विस्तृत डायग्नोसिस प्रदान कर सकते हैं। हां, इस बात से इंकार नहीं है कि जाति जनगणना साक्ष्य-आधारित, समावेशी प्रशासन की ओर परिवर्तनकारी कदम हो सकती है अगर उसे ध्यान पूर्वक, स्पष्टता व उद्देश्य के साथ लागू किया जाये। दशकों से हम जाति को अनदेखा करते हुए विकास कर रहे हैं। हमने जीडीपी विकास, डिजिटाइजेशन व ग्लोबल प्रतिस्पर्धा का तो पीछा किया, लेकिन जाति को अक्सर अनदेखा किया, जबकि जाति एक ऐसी संरचना है जो शिक्षा, रोजगार, हेल्थकेयर, हाउसिंग व न्याय को आकार दे रही है। हम डाटा को लिंग, भूगोल व आयु के आधार पर विभाजित करते हैं, लेकिन सांख्यिकीय की दृष्टि से जाति अनदेखी ही रही है, जबकि जीवन के नतीजों को तय करने में जाति की भूमिका निरंतर बनी रही है। अनदेखा करने की इस प्रवृत्ति ने एक विरोधाभास उत्पन्न कर दिया है। हम आरक्षण नीतियों पर बहस करते हैं बिना यह जाने कि वास्तविक नुकसान का वितरण कहां है और गहरे विभाजित समाज में जाति-तटस्थ नीतियां लागू करने का प्रयास करते हैं। अच्छे उद्देश्य वाली नीतियां भी अक्सर निशाने पर नहीं लगतीं, क्योंकि सूचना का आधार अधूरा होता है। जाति जनगणना इसे सुधारने का अवसर प्रदान करती है। इससे न सिर्फ.यह मालूम होगा कि किस जाति की कितनी संख्या है बल्कि यह भी जानकारी मिलेगी कि वह किन आर्थिक व सामाजिक स्थितियों में अपना जीवन व्यतीत कर रही है। यह पहचान स्थापित करना नहीं है बल्कि संरचनात्मक असमानताओं को पहचानना है। कल का जातिविहीन समाज निर्मित करने के लिए आज जो जाति की हकीकत है, उसे समझना जरूरी है। लेकिन साथ ही यह समझना भी आवश्यक है कि जनगणना वैज्ञानिक सैंपल सर्वे का विकल्प नहीं है। जनगणना से दायरा मिलता है, गहराई नहीं। जनगणना की भूमिका विविधता का बुनियादी नक्शा प्रदान करने के संदर्भ में है, विस्तृत डायग्नोसिस देने के सिलसिले में नहीं। इससे वह प्रश्न प्रासंगिक हो जाते हैं जो सामाजिक व आर्थिक हकीकत की तस्वीर दिखाते हैं, जैसे शिक्षा, रोजगार, एसेट कितने हैं और बुनियादी सेवाओं तक कितनी एक्सेस है। यह डाटा जब एकत्र हो जाये तब गहरे, आवश्यकता-आधारित अध्ययनों की जरुरत होगी। नेशनल सैंपल सर्वे ऑफिस या स्वतंत्र शोध संस्थाओं द्वारा फोकस सर्वे कराने होंगे ताकि क्षेत्रीय, समुदाय-विशिष्ट आदि असमानताएं मालूम हो सकें। इसी तरह ब्राजील व दक्षिण अफ्रीका जैसे देशों में ठोस, साक्ष्य-आधारित नीतियां बनती हैं। इस किस्म के डाटा से ही सही जाति-आधारित कल्याणकारी योजनाएं और आरक्षण नीतियां बन सकती हैं। विश्वसनीय साक्ष्य हाथ में होंगे तो नीति निर्माता जान सकेंगे कि योजनाओं का लाभ हाशिये पर पड़े लोगों तक पहुंच रहा है या केवल प्रशासनिक श्रेणियों की ही सेवा हो रही है। इससे ही विकास का अधिक समावेशी व स्थायी मॉडल तैयार हो सकेगा।

एक अन्य महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि क्या जाति जनगणना से जातिगत राजनीति पर विराम लग सकेगा? इस सिलसिले में एक राय तो यह है कि अगर जाति जनगणना से पूर्णतः साबित हो जाता है कि जातियों के शक्तिशाली नेता अपनी जाति के आर्थिक सशक्तिकरण की गारंटी नहीं हैं तो इन नेताओं का सियासी प्रभाव कम हो सकता है। दूसरी राय यह है कि अगर जाति जनगणना और वैज्ञानिक सैंपल सर्वे से पहचानी गईं हाशिये पर पड़ी जातियों के विकास के लिए ठोस योजनाएं व नीतियां बनायी जाती हैं और उन्हें ईमानदारी से लागू किया जाता है तो समाज में सामाजिक परिवर्तन अवश्य आयेगा। देखने में आया है कि शिक्षित व आर्थिक रूप से सम्पन्न व्यक्ति का सामाजिक स्तर बढ़ जाता है और उससे उसकी कोई जाति मालूम नहीं करता। जातिवहीन समाज बनाने के दो ही गुण हैं- शिक्षा व पैसा और यह हर धर्म की जाति पर लागू होते हैं।

मुस्लिमों में जो सम्पन्न अशरफ जातियां हैं (सैयद, शेख, मुगल, पठान आदि) वह अब भी ख्वाब की दुनिया में ही रहना चाहती हैं या अपने राजनीतिक वर्चस्व को खोना नहीं चाहतीं। उनकी तरफ से यह मुहिम चलायी जा रही है कि जनगणना में धर्म इस्लाम व जाति मुस्लिम लिखवायी जाये। यह हकीकत से मुंह छुपाना है।

सोशल मीडिया

आज लखनऊ स्थित सरकारी आवास पर सुदूर पश्चिम प्रदेश नेपाल के मुख्यमंत्री श्री कमल बहादुर शाह जी एवं उनके नेतृत्व में आये शिष्टमंडल से भेंट की। सीएम योगी.

आरदणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदीजी के नेतृत्व में केन्द्रीय कैबिनेट ने जनगणना में जातिगत आधारित जनगणना कराने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। जेपी नड्डा.

भाजपा ने किसी एक किसान नेता की नहीं बल्कि हर किसान नेता की पगड़ी उछाली है, आ. चौधरी चरण सिंह जी ने जीवन भर किसानों के मान सम्मान की लड़ाई लड़ी। अखिलेश यादव

कला अनंत अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम है

कला जगत

धीरज बसाक

साल 1902 में जब महान चित्रकार पाब्लो पिकासो ने अपने एक करीबी दोस्त की दुखद मृत्यु पर एक 'ब्लू न्यूड पेंटिंग' बनायी तो देखते ही देखते कला जगत में उसे मास्टर पीस का दर्जा दिया गया। यह न्यूड पीस ऑब्सट्रैक्ट या अमूर्त कला का एक शानदार उदाहरण थी। साल 2010 में न्यूयार्क में यह पेंटिंग 10,64,82,500 डॉलर में बिकी। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि कला की दुनिया में इस पेंटिंग का किस स्तर का महत्व है। यह न्यूड पेंटिंग इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि आधुनिक अमूर्त कला की यह सबसे प्रतिनिधि पेंटिंग है। हालांकि अमूर्त कला, कला की दुनिया में कोई हालिया पैदा हुई शैली नहीं है, यह बहुत पुरानी है। अगर अमूर्त कला के इतिहास को खंगाले तो जो शुरूआती संस्कृतियों की कलाएं हैं, जिन्हें आमतौर पर मिट्टी के बर्तनों, कपड़ों और शिलालेखों के रूप में व्यक्त किया गया है, वो सरल ज्यामितीय और रैखिक रूपों का ही एक प्रकार है, जो कि अमूर्त कला का आधार है।

चीनी और इस्लामिक सुलेख की सुंदरता कलाओं के समरूप ही हैं, हालांकि इन्हें कला का दर्जा नहीं दिया जाता। लेकिन अगर अमूर्त कला के आईने में देखें तो ये कलाएं ही हैं। चीन में सिर्फ सुलेख तक ही अमूर्त कला सीमित नहीं है बल्कि तांग राजवंश के चित्रकार वांग मो जिनके बारे में समझा जाता है कि उन्होंने स्प्लैश्ड-इंक पेंटिंग शैली का आविष्कार किया है। बाद में यह शैली सांग वंश के चित्रों में भी साफ तौरपर दिखायी देती है। बुद्धवादी चित्रकार लियांग काई सी (1140-1210) ने अपनी इमोशनल इन स्प्लैश्ड इंक में जो चित्र बनाये हैं, वह भी अमूर्त चित्रकला की ही एक उदाहरण है। लेकिन आधुनिक अमूर्त चित्रकला 19वीं सदी में उभरकर आती है, जब कला आंदोलनों के चलते कला का विकास होता है और रोमांटिकवाद, प्रभाववाद और अभिव्यक्तिवाद कला की तीन मजबूत शैलियां उभरकर आती हैं। इनकी आपसी प्रतिस्पर्धा में भी अमूर्त कला मजबूती के साथ विकसित होती है।

आधुनिक अमूर्त चित्रकारों में निःसंदेश पाब्लो पिकासो अप्रतिम हैं। कला दुनिया में अमूर्त कला इसलिए खास है, क्योंकि बाकी कला की हर शैली की अभिव्यक्ति की एक सीमा है, लेकिन अमूर्त कलाशैली में कला अभिव्यक्ति की कोई सीमा नहीं है, इसलिए सृजनात्मकता को जो ऊंचाई अमूर्त कला में मिली है, वैसी ऊंचाई अब के पहले कभी किसी भी कलाशैली में नहीं मिली। अमूर्त कला का भारत से भी गहरा रिश्ता है। सच बात तो यह है कि अमूर्त चित्रकला को सबसे बेहतर तरीके से मूर्तिकला के माध्यम से समझा जा सकता है। भारतीय चिंतन परंपरा में अमूर्त और समूर्त रूपंकरों की गहन आध्यात्मिक और दर्शनिक मौजूदगी सदियों से है, यह मौजूदगी दार्शनिक मीमांसा और भाषिक स्वरूप के साथ साथ सौंदर्य चेतना के रूप में भी उपस्थित रही है। भारतीय चिंतन परंपरा में निराकार की कल्पना और उसके महत्व को हमेशा से तरजीह दी गई है बल्कि सच तो यह है कि भारत में निराकर परंपरा साकार परंपरा से कहीं ज्यादा गहरी, विस्तृत और बहुआयामी है।

समूचा वैदिक आध्यात्म आख्यान के स्तर पर अमूर्त ही है। वेदों में मूर्त उपासना का कहीं भी जिक्र नहीं है। भारत में जो ज्ञान मीमांसा या ज्ञान दर्शन की परंपरा रही है, वह वास्तव में अमूर्त परंपरा ही है। भारत में बहुत बाद में मूर्तियों का विकास होता है और कला के स्तर पर भी साकार अभिव्यक्तियां अपनी जगह पाती हैं। इसके पहले सारी अभिव्यक्तियां भाव तक सीमित थीं, जो कि एक अमूर्त या निराकार अभिव्यक्ति है। भारतीय नाट्यशास्त्र में भी इस कला का सैद्धांतिक सूत्र मिलता है, क्योंकि नाट्यशास्त्र मानता है कि जो घट चुका है, उसे अब सिर्फ कहा ही जा सकता है। मतलब यह कि सिर्फ भावों में ही प्रकट किया जा सकता है। सिर्फ नाटक में ही नहीं भारत के तमाम शास्त्रीय संगीत में भी भाव का रस से ही संबंध है और ये दोनों आयाम अमूर्तता के गहन परिचायक हैं। भारतीय कला परंपरा पश्चिम की कला परंपरा से भले अलग है, लेकिन गहरे स्तर पर अमूर्त की अभिव्यक्ति में दोनो एक जैसी हैं। इसलिए अगर सैद्धांतिक और दार्शनिक दृष्टि से अमूर्त कला के इतिहास को देखें तो वह चीन या यूरोप में नहीं बल्कि उसकी सबसे गहरी जड़ें भारत में हैं।

अनीति के विरुद्ध

अंतर्दृष्टि

आत्म निग्रह में अस्वाद व्रत, उपवास, ब्रह्मचर्य, मौन, सर्दी-गर्मी के ऋतुप्रवाह का सहन, सादगी, मितव्ययता, दिनचर्या निर्धारण और उसका कड़ाई से पालन। जैसी शरीर और मन की पुरानी अवांछनीय आदतों पर रोक थाम के लिए बरती हुई कड़ाई तप के साधना के तितीक्षा वर्ग में आती है। दान, पुण्य, सेवा, सहायता, सामूहिक सत्कर्मो में सहयोग, लोक कल्याण की प्रवृत्तियों में रस लेना और उसके लिए समय, श्रम एवं धन का एक अंश नियमित रूप से लगाना। अनीति के विरूद्ध संघर्ष करने में लगने वाली चोटों को सहने के लिए साहस एकत्रित करना। उदारता के कारण अपनी सुविधाओं में कमी के लिए तैयार रहना। इसमें अप्रतिष्ठता एवं संबंधियों के स्वार्थों में कमी आने से उनकी नाराजगी सहने को प्रस्तुत रहना। लोक प्रवाह से विपरीत चलने के कारण उपहार अपमान, विरोध एवं प्रहार की संभवना मान कर चलना और उनका धैर्य पूर्वक सामना करना। इस प्रकार की कष्ट सहिष्णुता तप साधना का दूसरा चरण है। तीसरे तप वर्ग में विभिन्न प्रकार के साधनात्मक कर्मकाण्ड आते हैं। जप, ध्यान, प्राणायाम, देवपूजा, संध्या अनुष्ठान, पुरश्चरण आदि अनेकों सम्प्रदयों में प्रचलित अनेकों विधि विधान इसी उपासना वर्ग में आते हैं। योग साधना के चार और तप साधन के तीन कुल मिलाकर अध्यात्म के सात सोपान हैं। इन्हीं को सप्तलोक, सप्तऋषि, सप्तमहाव्रत कहा गया है। सप्त द्वीप, सप्त समुद्र सप्त शिखर, सप्त रत्न, सप्त धातु, सप्त सूर्य किरणें, सप्ताह आदि की संगति इन्हीं सात सोपानों से मिलती है। विभिन्न अलंकारों के साथ इन्हीं सात तथ्यों को मनीषियों ने विभिन्न प्रतिपादनों के साथ प्रतिष्ठिापित करने का प्रयास किया है। आध्यात्म के ज्ञान पक्ष और विज्ञान पक्ष को समझने के लिए जो अनेकानेक शास्त्र पढ़ाने को और विद्वानों के प्रवचन प्रतिपादन सुनने को मिलते हैं, उनमें इन सात महातथ्यों के अतिरिक्त और कुछ नहीं है। यदि उन्हें सही रीति से समझा और अपनाया जा सके तो मनुष्य में देवत्व का अवतरण हो सकना सुनिश्चित है। विज्ञान पक्ष की साधना में तपश्चर्या को केन्द्र मानकर चलने वाले विधि विधानों का उद्देश्य- प्रसुप्ति से निवृत्ति मूर्छना से मुक्तिद्ध इसके लिए गर्मी उत्पन्न करनी पड़ी है। गर्मी पाकर प्रसुप्ति से मुक्ति मिलती है। सूर्योदय की बेला निकट आने पर प्राणियों की निद्रा टूटती है और वे जागते उठते एवं कार्यरत होते हैं। रात्रि में कलियां सिकुड़ी पड़ी रहती हैं, पर जैसे ही सूर्य निकलता है वे हंसने खिलने लगती हैं। मानवी सत्ता के अन्तर्गत बहुत कुछ है। अत्युक्ति न समझी जाये तो यह भी कहा जा सकता है कि सब कुछ है। किन्तु है वह मूर्छित। इस मूर्छना को जगाने के लिए धूप, आग, बिजली आदि से उत्पन्न बाहरी गर्मी से काम नहीं चलता।

दलाल तांत्रिकों का जलवा

व्यंग्यलोक

महंगाई, भ्रष्टाचारी और बेरोजगारी के माहौल में इंसान तो कब का रोना भूल चुका है। इंसान रोते-रोते इतना रोने लग गया है कि अब अच्छे-खासे भूत भी रोने लगे हैं। भूतों के रोने की आवाज बहुत ही अटपटी सी होती है। भूत इंसान की तुलना में जोर-जोर से रोता है। भूत इसलिए रोता है क्योंकि इंसान के मरने के बाद भी उसकी आवश्यकताएं पूरी नहीं हो पाती है और ना ही कोई उसकी इच्छाओं को पूरी करता है। आजकल भूतों के रोने का कार्यक्रम बहुत तेज गति से बढ़ा है। जितनी भी सरकारें आती है, वे जनता की इच्छाओं को पूरी करने का झुनझुना बजाती है। संकल्प पत्र सजाती हैं। पार्टी का घोषणा पत्र हवा में लहराती हैं। वोट खींचने के लिए यात्राओं के मेले रचाती है। वोट लेने के बाद व्यक्तियों की आवश्यकताओं की पूर्ति नहीं हो पाती है। जितने भी पार्टी बाज नेता खड़े हैं। ये सब अच्छे-खासे इंसान को भूत बनाने में सिद्धहस्त हैं। इंसान कभी भी किसी भी समय रोने लगते हैं। अपनी आंखों के दीये खोने लगते हैं। भूत लोग बहुत बड़े टाइम के पक्के होते हैं। जैसे ही रात के 12 बजते, ये नियमानुसार रोने लगते हैं। भूत लोग भूत आयोग के द्वारा जारी दिशा-निदेर्शों का अक्षरशः पालन करते हैं। भूतों के टाइम मैनेजमेंट से ही देश दुनिया के बड़े-बड़े नेता, व्यापारी और अफसर अपना मैनेजमेंट करते हैं। समय के पक्के और कर्तव्यनिष्ठ भूत दिन के उजाले में किसी भी प्रकार का अनिष्ट नहीं करते हैं, लेकिन नेताओं के लिए यह बात लागू नहीं होती है। वे चौबीसों घंटे अपनी कुर्सी बचाने के लिए किसी का भी अनिष्ट करने के लिए तत्पर रहते हैं। मार्केट में भूत भगाने की दुकानों का भी बड़ा जलवा है। इन दुकानों की आड़ में ही अघोरियों का बड़ा बलवा है। देश की तमाम राजधानियों के तहखानों-कैंटीनों आदि में भ्रष्टाचारी, अपचारी तांत्रिकों का काला धंधा खुलेआम चल रहा है। अगरबत्तियां और चिराग जल रहे हैं। सत्ता के दलाल तांत्रिक दरवाजा पकड़कर अपने ढंग की माला फेर रहे हैं। शासन सचिवालय के कोने-कोने में इस तरह के दलाल टाइप तांत्रिक मिल जाएंगे, जो फाइलों में लगी चुड़ैलों को भगाने के लिए, नोट शीट पर अटके पड़े कामों के भूत मारने के लिए तंत्र-मंत्र करते हैं। वातावरण में भ्रष्टाचार के गुलाबी फूलों की पंखुड़ियां उड़ रही है। परेशान लोगों को भूत भगाने का सब्ज बाग दिखा रहे हैं। बहुत पुराने समय में जीर्ण इमारतें, शाही मकान, किले, बंगले, घाट आदि भूत पीड़ित स्थान हुआ करते थे। समय बदला और अब नेताओं निवास स्थान, शासन सचिवालय, सरकारी कार्यालय आदि भूत पीड़ित स्थल बन गए हैं।

राम विलास जॉगिड़

आप की बात

अपराधियों में जरूरी है भय

महिलाओं की सुरक्षा के लिए देश में कठोर कानून बने हैं लेकिन फिर भी अपराधी इससे डर नहीं रहे हैं। फांसी जैसी सजा का प्रावधान होने के बावजूद लगातार दुराचार की घटनाएं बढ़ रही हैं। क्राइम रिकार्ड ब्यूरो के आंकड़ों पर गौर करें तो हर दिन सौ से अधिक महिलाओं के साथ रेप की घटनाएं होती हैं। दहेज हत्या, छेड़छाड़, घरेलू हिंसा, एसिड अटैक जैसे अपराध आज इतने वीभत्स रूप में हमारे सामने आये हैं कि इनका जिक्र करने पर भी शर्मिंदगी महसूस होती है। कई बार रेप की घटना होने पर भी पुलिस न्याय के लिए दौड़ाती रहती है। कई बार तो मेधावी छात्राएं, खिलाड़ी तक इसकी शिकार हो चुकी हैं। जब राज्य का गौरव बढ़ाने वाली लड़कियां सुरक्षित नहीं होंगी तो सामान्य के साथ कैसा बर्ताव होता होगा इसकी कल्पना की जा सकती है। झारखण्ड में एक स्कूल में ऐसा मामला एक साल पहले सामने आया जिसमें एक नाबालिग छात्रा के साथ स्कूल के प्रिंसीपल, शिक्षक के साथ दर्जन भर छात्रों ने भी दुराचार की शर्मनाक घटना को अंजाम दिया। बिहार में आश्रय गृहों में रह रही बेटियों के साथ जो शर्मकांड हुआ उसको याद करने से ही मन सिहर जाता है। उत्तराखण्ड में एक स्कूल में नाबालिग छात्रा से स्कूल कर्मियों के साथ करीब एक दर्जन छात्रों ने भी गैंगरेप का शर्मनाक कृत्य किया। समझ में नहीं आता है कि ये आश्रयगृह, ये स्कूल शिक्षा एवं संरक्षण के आश्रय हैं या यातना एवं उत्पीड़न गृह। जिस तरह आज बेटियों के लिए, महिलाओं के लिए हर जगह खतरनाक होती जा रही है उसमें एक सभ्य परिवार के पुरुषों को अपने ही घर में, अपने ही मां, बहन व बेटियों के सामने शर्मसार होना पड़ता है। कुछ गुंडों, अपराधियों के कारण पूरा पुरुष समाज शर्मिंदगी का दंश झेलने के लिए अभिशप्त है। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि बेटियों की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित होगी? रेप पर फांसी की सजाएं भी दी जा रही हैं लेकिन अपराधी इतने डीठ हो गये हैं कि उनके मन में दहशत का भाव कभी आता ही नहीं है। हैदराबाद में एनकाउंटर कांड के बाद जिस तरह से देश में हर्ष का माहौल देखने को मिला वह दरअसल न्याय न मिलने की कुंठा ही थी। अन्यथा ऐसे न्याय को कौन बर्दाशत करता। हाथरस, उन्नाव, अमेठी की घटनाएं यह साबित करती हैं कि अपराधियों में अभी भी कानून का डर नहीं है।

मदन मोहन श्रीवास्तव, लखनऊ.

जन कल्याण की योजनाएं

प्रदेश सरकार अनेक योजनाएं चला रही है लेकिन प्रायः जिनको जरूरत है उनको योजना का लाभ नहीं मिलता है। सरकार एक करोड़ से अधिक स्मार्ट फोन व टैबलेट बांट नहीं है लेकिन जहां कालेज छात्रों को सबको दिया जा रहा है वहीं गरीबों के बच्चे स्कूलों में इससे वंचित रहेंगे जबकि कोरोना काल में सबकी हालत खस्ता हो गयी है। इसलिए जिन लोगों की आय कम है उनके बच्चों को भी स्मार्टफोन या टेबलेट देना चाहिए। प्रधानमंत्री जनआरोग्य अभियान अर्थात आयुष्मान भारत योजना को लागू हुए कई साल हो गये हैं। लेकिन इसका लाभ अभी बहुत सीमित लोगों को ही मिला है। पीएम-जय से आच्छादित परिवार गंभीर बीमारियों में सरकारी या सूचीबद्ध निजी अस्पताल में पांच लाख रुपये तक का निःशुल्क इलाज करा सकेंगे। कैंसर सहित 1350 बीमारियों में चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने वाली आयुष्मान भारत योजना दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य सुरक्षा योजना है। योजना में तमाम तैयारियों के बावजूद इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि बहुत सी खामियां सामने आयेंगी। अस्पताल अनेक गड़बड़ियां करेंगे। फर्जी बिल बाउचर से भुगतान लेने की घटनाएं सामने आयेंगी, जैसा कि सरकारी कामों में होता है। बहुत से पात्र योजना में छूट जायेंगे और अपात्र लाभान्वित होंगे। इन तमाम तथ्यों के बावजूद भी सरकार कोई सत्यापन करने के बजाय यों ही योजना लागू कर देती है इससे सही लोगों को लाभ नहीं मिल पाता।

प्रमोद कुमार वर्मा, बाराबंकी.

संक्षेप

आगरा की लाइफ लाइन जाम से हांफ रही

आगरा। एमजी रोड पर सुबह और शाम को जाम लगा रहा। रोड पर मेट्रो के काम के चलते जाम की समस्या रहती ही है लेकिन रविवार को यह और बढ़ गई। शहर में रविवार को 2 से 5 बजे तक 22 केंद्रों पर नीट की परीक्षा आयोजित हुई थी। करीब 10 हजार छात्र-छात्राओं ने परीक्षा में भाग लिया। इसके कारण एमजी रोड पर परीक्षा शुरू होने से पहले और शाम को परीक्षा खत्म होने के बाद वाहन फंसे रहे। एमजी रोड पर आगरा कॉलेज और सेंट जोंस कॉलेज को परीक्षा केंद्र बनाया गया था। परीक्षा केंद्रों पर सुबह 11:30 बजे से प्रवेश शुरू होना था। काफी संख्या में परीक्षार्थियों के परिजन अपने निजी वाहनों से परीक्षा केंद्रों पर पहुंचे। उन्होंने अपने वाहनों को सड़क किनारे खड़ा कर दिया। मेट्रो के कार्य के लिए की गई बेरिकेडिंग के कारण एमजी रोड पहले से ही संकरी हो गई है। ऐसे में करीब आधा घंटा तक जाम लगा रहा। शाम 5 बजे परीक्षा छूटने के बाद करीब आधा घंटे तक वाहनों के पहिए थमे रहे।

बिना हैंडब्रेक के खड़ी कार पीछे खिसकी, पांच-छह पर्यटक घायल

आगरा। ताजमहल की पश्चिमी पार्किंग में ढलान पर बिना हैंडब्रेक के खड़ी कार के अचानक पीछे चले आने से गाइड कैनोपी के पास खड़े पांच-छह पर्यटक घायल हो गए। इसमें महिलाएं भी शामिल हैं घायलों को आनन फानन में एम्बुलेंस से उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया दिल्ली नम्बर डीएल 9 सीबीजी 2333 बैगन आर कार को उसका चालक बिना हैंडब्रेक लगाए ताजमहल की ओर चला गया। गाड़ी ढलान पर खड़ी थी। अचानक तेज हवा के झौंके से कार पीछे की ओर चलना शुरू हो गई। जब तक लोग कुछ समझ पाते उससे पहले कार पार्किंग में बनी गाइड कैनोपी में जा घुसी। कैनोपी के बाहर कई पर्यटक खड़े हुए थे। इससे पांच-छह पर्यटक कार की चपेट में आकर घायल हो गए। इस हादसे से पार्किंग स्थल पर अफरा तफरी मच गई। घायलों को अस्पताल पहुंचाने के लिए एंबुलेंस बुलाई गई। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया।

ताजमहल के मुख्य गुंबद पर युवक ने कराया फोटोशूट, उठी कार्रवाई की मांग

आगरा। ताजमहल में अलर्ट के बाद सुरक्षा बढ़ाई गई है। लेकिन इसी सुरक्षा के बाद भी ताजमहल में नियम टूट रहे हैं। प्रमोशन के लिए फोटो शूट हो रहे हैं। इसी तरह के फोटो शूट के कुछ वीडियो सामने आए हैं। जहां ताजमहल के मुख्य गुंबद पर वीडियो वायरल हुए हैं। जो वीडियो सामने आया है, वो ताजमहल के मुख्य गुंबद का है। यहां फोटोशूट या वीडियोग्राफी की बिल्कुल मनाही है। वायरल वीडियो में कुछ युवक-युवतियां कैमरे के सामने पोज देते नजर आ रहे हैं। दो लोग एक आउटफिट को पकड़ कर हवा में उड़ा रहे हैं, जिसकी फोटो खींची जा रही है।

एक दूसरे वीडियो में सफेद रंग के आउटफिट में दो युवाओं की फोटो खींची जा रही है। आसपास कई पर्यटक इस फोटोशूट को देख रहे हैं। एएसआई के नियमों के अनुसार ताजमहल के मुख्य मकबरे में प्रोफेशनल कैमरा, ड्रोन, ट्राइपॉड या किसी भी प्रकार की प्रमोशनल शूटिंग पूर्ण रूप से प्रतिबंधित है। ताजमहल के अंदर अब खाने की चीजें ले जाने तक पर पाबंदी लगा दी गई है। पिछले दिनों ही एक खुफिया इनपुट के बाद ताजमहल में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। सीआईएसएफ के जवानों की संख्या भी बढ़ा दी गई है। इसके बावजूद रंग-बिरंगे आउटफिट में मॉडल्स अंदर कैसे पहुंचे, यह सवाल खड़े हो रहे हैं।

संतों के आशीर्वाद से होगा श्रीकृष्ण मंदिर निर्माण, सत्य की होगी जीतः महेन्द्र प्रताप

जिला संवाददाता

मथुरा। अयोध्या में भगवान श्रीराम जी के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जल ग्रहण कर उनका उपवास तुड़वाने वाले श्रीराम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष स्वामी गोविंददेव गिरी जी महाराज से श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्यास के अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह विशाल मंदिर बना था, जिसको आक्रांता मुगल औरंगजेब ने ध्वस्त कराकर करीब ढाई एकड़ हिस्से में मस्जिद का निर्माण करवाया था। मस्जिद श्रीकृष्ण जन्मभूमि (मूल गर्भ गृह) के ऊपर बनी हुई है। इसे वहां से हटवा कर उस स्थान पर एक विशाल भव्य मंदिर निर्माण कराने की मांग को ले कर न्यायालय मुकदमा विचाराधीन है और वह उस मुकदमा के वादी हैं।

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष स्वामी गोविंददेव गिरी जी महाराज और श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्यास के अध्यक्ष महेंद्र प्रताप के बीच वृन्दावन में हुई गहन चर्चा

एडवोकेट ने फोगला आश्रम में मुलाकात की। दोनों के मध्य करीब आधे घंटे हुई गहन वार्ता के केंद्र में श्री कृष्ण जन्मस्थान और ईदगाह मस्जिद का विवाद रहा। स्वामी जी ने मुक्ति न्यास अध्यक्ष को सफलता का आशीर्वाद देते हुए कहा कि चिंता न करें जल्द इसे भी देखा जाएगा श्रीराम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष स्वामी गोविंददेव गिरी जी महाराज की वृंदावन के फोगला आश्रम में श्रीमद्भागवत कथा चल रही। न्यास के अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट ने स्वामी जी को बताया कि श्रीकृष्ण जन्मस्थान की 13.37 एकड़ जमीन है। इसपर भगवान श्रीकृष्ण का एक

महेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट ने स्वामी जी को यह भी बताया, शाही ईदगाह मस्जिद को विवादित ढांचा घोषित किए जाने की मांग को लेकर उन्होंने पूर्व में कोर्ट में एक प्रार्थना पत्र दिया था, जिस पर मुस्लिम पक्ष ने अपनी आपत्ति व्यक्त की थी, अब उसका जवाब छह मई को कोर्ट में दिया जाएगा। इसकी मजबूती से तैयारी की गई है। उन्होंने स्वामीजी को यह भी जानकारी दी कि इसका आधार अयोध्या की बाबरी मस्जिद मामले का निर्णय आने से पहले कोर्ट ने ही मस्जिद को विवादित ढांचा घोषित किया था। उन्होंने संत को बताया कि सत्य की जीत होगी और भगवान श्री कृष्ण का मंदिर बनेगा। उन्होंने कोर्ट में प्रस्तुत किए जाने वाले साक्ष्यों की जानकारी देते हुए आगामी रणनीति से भी अवगत कराया। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष स्वामी गोविंददेव जी महाराज ने श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्यास के अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट से कोर्ट द्वारा अब तक इस मामले को लेकर के दिए गए एक एक आदेश निर्देशों की भी जानकारी मांग ली और जन आंदोलन की स्थिति पर भी विस्तार से चर्चा की। न्यास के अध्यक्ष ने बताया कि वृंदावन में पिछले साल नवम्बर में बुलाई गई धर्म संसद में देश विदेश के प्रमुख साधु संतों ने भागीदारी की थी। उसके बाद ही जनवरी में श्रीकृष्ण जन्मभूमि के मुख्य द्वार से हस्ताक्षर अभियान आरंभ किया। छह करोड़ से ज्यादा लोगों ने अपने हस्ताक्षर कर हमारे आंदोलन का समर्थन दिया है, यह अभियान अभी जारी है। स्पेन और ऑस्ट्रेलिया में आंदोलन आरंभ हो गया है, अगस्त में इंग्लैंड के लंदन में बड़ा आंदोलन शुरू किए जाने की तैयारियों अंतिम दौर में चल रही है। न्यास अध्यक्ष ने महाकुंभ महासंवाद और धर्मसंसद में लिए गए निर्णयों की भी जानकारी श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष स्वामी गोविंददेव गिरी जी को दी। स्वामी जी ने न्यास के अध्यक्ष को आंदोलन की सफलता का आशीर्वाद देते हुए कहा कि हमारा आशीर्वाद आपके साथ है।

बूंदाबांदी के बाद मौसम हुआ सुहाना

मथुरा। सोमवार दोपहर बाद अचानक मौसम में परिवर्तन के साथ ही आंधी बूंदाबांदी के बाद बदलों के घिरने से रोज निकल रही धूप से जहां मौसम सुहाना हुआ वहीं आंधी और वर्षा को देखते हुए विद्युत विभाग की सप्लाई ठप्प कर दी गई। इससे लोगों को भारी कठिनाई का समना करना पड़ा। पिछले चार दिनों से कभी वर्षा कभी धूप निकलने और कभी बादलों के घिरने का सिलसिला रोजाना चल रहा है। आज दिन में धूप निकली तो लोगों को परेशानी होनी लगी लेकिन अचानक दोपहर दो बजे के बाद बादल घिर आए ठंडी हवाएं चलने लगी और आंधी के कारण हल्की बूंदाबांदी भी होने लगी। मौसम एक दम ठंडक आ गई।

तेज आंधी और बूंदाबांदी के चलते बाजारों में सामान बचाने की होड़ लग गई। रोज-रोज बदल रहे मौसम के कारण बीमारियां लोगों को परेशान करने लगी हैं। सरकारी अस्पताल के अलावा प्राइवेट चिकित्सकों के यहां भी रोगियों की भीड़ लग रही है। हालांकि मौसम विभाग ने आज फिर सात मई तक के लिए अलर्ट जारी किया है। इससे लगता है कि आगामी समय में वर्षा और आंधी का लोगों का सामना करना पड़ेगा।

मानव कल्याण एसोसिएशन की बैठक संपन्न

बाराबंकी। मानव कल्याण एसोसिएशन के तत्वाधान में बेगमगंज स्थित कार्यालय पर संगठन अध्यक्ष हरि नाम वर्मा की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में संगठन द्वारा किए गए कार्यों एवं भविष्य में सामाजिक कार्य एवं संगठन के उत्थान हेतु प्रस्तावित रूपरेखा को लेकर चर्चा की गई। बैठक में चन्द्रशेखर कांडपाल ने वृद्धाश्रम में मेडिकल कैम्प लगाने एवं एक वृद्धा आश्रम स्थापित किये जाने के मुद्दे पर चर्चा की। बैठक में मीडिया प्रभारी आसिफ अहमद खान और संगठन सचिव हेमंत श्रीवास्तव ने कहा कि समाज में मानवाधिकार हनन की जानकारी होने पर हमें उस पर तुरंत कार्यवाही करनी चाहिए। बैठक में राजीव श्रीवास्तव, महासचिव सुरजीत सिंह, वेद प्रकाश पांडे, कार्यालय अधीक्षक जुबेर खान, अलीम खान, गुरमीत सिंह, शोभित शाह, रामराज, विमला देवी, मुन्नी, कुंवर सिंह आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

नाविक ने की आत्महत्या

आगरा। थाना खेड़ा राठौर क्षेत्र के नंदगवां गांव में एक दुखद घटना सामने आई है। एक नाविक ने घरेलू कलह से परेशान होकर आत्महत्या कर ली। मृतक घाट पर नाव चलाने का काम करता था। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई है, मौके पर फॉरेंसिक को भी बुलाया गया है। जानकारी के मुताबिक थाना खेड़ा राठौर क्षेत्र के नंदगवां गांव का रहने वाला 35 वर्षीय मेहरबान सिंह पुत्र केशव सिंह गांव के ही पास बने चंबल नदी के घाट पर नाव चलाने का काम करता था। ग्रामीणों के मुताबिक देर शाम उसकी पत्नी से कुछ विवाद हुआ। इसके बाद युवक ने अपनी पत्नी की साड़ी का फंदा बनाकर कमरे के अंदर आत्महत्या कर ली। सुबह जब काफी देर तक कमरे से बाहर नहीं निकला, तो परिजनों ने जांच की। कमरे में उसका शव फंदे पर लटका मिला। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रारंभिक जांच में घरेलू विवाद आत्महत्या का कारण सामने आया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मृतक युवक के तीन बच्चे हैं आर्थिक स्थिति भी ठीक नहीं है परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

बड़ी संख्या में बंदर मृत मिलने से सनसनी

पूछताछ के लिए विदेशी महिला हिरासत में

जिला संवाददाता

मथुरा। गोवर्धन कस्बा के आन्यौर परिक्रमा मार्ग में गोविन्द कुंड के पास आज सुबह बड़ी संख्या में बंदरों के मृत पाए जाने से लोगों में आक्रोश फैल गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने इस मामले में एक विदेशी को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है।

वहीं घायल मिले एक बंदर का पशु चिकित्सक का इलाज किया गया है। एसपी देहात का कहना है कि लगभग एक दर्जन से अधिक बंदर मृत अवस्था में पाए गए हैं। जिनकी जानकारी जा रही है। जांच पड़ताल के बाद दोषियों के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी।

गोवर्धन के आन्यौर गांव गोविंद कुंड स्थित आश्रम के बाहर पिछले डेढ़ महीने से बंदरों की मौत का सिलसिला जारी है, लेकिन लोगों को पता नहीं चल पा रहा था कि बंदरों की मौत आखिर किस वजह से हो रही है। वहीं सोमवार को कई दर्जनों बंदरों के मरने और कई दर्जनों बंदरों के घायल होने की सूचना जैसे ही ग्रामीणों को लगी तो भारी संख्या में ग्रामीणों का हुजूम लग गया। लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची पशु चिकित्सा टीम द्वारा पाया गया कि घायल बंदर के सिर में एयर गन के छर्रे लगे हुए पाए गए, जिनका उपचार चिकित्सकों द्वारा कर किया जा रहा है। स्थानीय ग्रामीणों ने सोमवार की दोपहर 12 बजे आश्रम के महंत जानकी दास पर बंदरों को मारने का आरोप लगाया है।

आक्रोशित ग्रामीणों की भीड़ को देखते हुए आश्रम के चारों ओर पुलिस तैनात कर दी गई है। बंदरों की निर्मम हत्या के बाद गौ रक्षक दल के कार्यकर्ताओं में आक्रोश है। वहीं थाना गोवर्धन पुलिस द्वारा आश्रम में रह रहे यूक्रेन निवासी युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर कर दी है।

एसपी देहात त्रिगुण बिसेन ने बताया कि बंदरों के पोस्टमार्टम के लिए वेटरनरी कॉलेज से चिकित्सकों की टीम बुलाई गई है। पोस्टमार्टम के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

भगतजी के शांति यज्ञ व प्रसादी में उमड़ा जनसैलाब

मथुरा। जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी के पिताजी की आत्म शांति के लिए शांति यज्ञ एवं महाप्रसादी, पुष्पांजलि, पाग रस्म के आयोजन में ब्रजमंडल की सरदारी, खुटटल पट्टी सहित हजारों की संख्या में लोग पहुंचे। इसमें पूर्वमंत्री, भाजपा विधायक, जनप्रतिनिधि, मुज्जफर नगर के न्यायाधीश, वेटरिनरी विवि के कुलपति समेत कई अधिकारियों के आने का सिलसिला जारी रहा। सभी आंगुतकों का जिला पंचायत अध्यक्ष ने स्वामी विवेकानंद प्रवेश द्वार से आगंतुकों का स्वागत सत्कार, गणमान्य नागरिकों ने भी जिला पंचायत अध्यक्ष का पाग बांध कर सम्मान किया। इस आयोजन में केएमयू परिवार के युवा, बुजुर्ग महिला शक्ति की भागीदारी देखने को मिली।

जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी के पिताजी मोहन सिंह भगतजी का गोलोक गमन 24 अप्रैल को हो गया था उनकी आत्मा की शांति के लिए केएम विवि प्रांगण में शांति यज्ञ और महाप्रसादी का आयोजन किया गया। गोलोकवासी स्वर्गीय मोहन सिंह (भगतजी) के बड़े पुत्र देवी सिंह, करन सिंह, कालीचरन, करन सिंह,

किशन चौधरी (जिला पंचायत अध्यक्ष), भूप सिंह शांति यज्ञ में भाग लिया और साधु संतों सहित विश्व प्रसिद्ध भागवताचार्य श्रीकृष्णचन्द्र शास्त्री (ठाकुरजी महाराज) का आशीर्वचन ग्रहण किया। संतों ने भगतजी के बड़े पुत्र देवी सिंह से पुष्पांजलि कार्यक्रम सम्पन्न करवाया और कहा ऐसे सतकर्मों से कुटुम्ब भक्ति अंकुर प्रकट होता है, उसके पितर तृप्ति को प्राप्त कर लेते है और देवता नृत्य करते हुए आशीर्वाद प्रदान करते है।

इस अवसर पर चिंतामणि कुंज के अध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी आदित्यानंद गिरि महाराज, भागवताचार्य ठाकुर श्रीकृष्णचन्द्र शास्त्री, फूलडोलबिहारीजी महाराज, राजानंद प्रपन्नाचार्य महाराज, गोविन्दनंद तीर्थ महाराज, फूलडोल दास महाराज, बलराम देवाचार्य महाराज, महामंडलेश्वर स्वामी नवलगिरि महाराज आदि सहित दर्जनों संतों का जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी ने पटुका पहनाकर स्वागत सम्मान किया और संतों ने उन्हें आशीर्वाद प्रदान किया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष के साथ आने वाले आगुंतकों ने सेल्फी करवाई। कार्यक्रम का संचालन रामकटोर पांडेय ने करते हुए व्यवस्थापकों का उत्साह बढ़ाया और कुलाधिपति सहित भाजपा के दिग्गज हस्तियों तथा आगुंतकों के व्यक्तित्व का बखान किया।

खेलकूद प्रतियोगिताओं का शुभारंभ

बाराबंकी। केडी सिंह बाबू स्टेडियम में केंद्रीय विद्यालय संगठन के 54वें तीन दिवसीय संभाग स्तरीय प्रतियोगिताओं का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने गुब्बारे उड़ाकर एंव फीता काटकर किया। समारोह में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। समारोह में मुख्य अतिथि जिलाधिकारी ने छात्रों को खेल की भावना से खेलते हुए टीम भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का आह्वान किया। खेलकूद प्रतियोगिताओं में केंद्रीय विद्यालय संगठन के लखनऊ संभाग के विभिन्न केंद्रीय विद्यालयों की बैडमिंटन की अंडर 14, अंडर 17, अंडर-19 की 19 टीमें तथा क्रिकेट के अंडर 14 की 6 टीमों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

सोशल मीडिया पर असलहा के साथ फोटो अपलोड करने वाले को किया गिरफ्तार

फिरोजाबाद। थाना दक्षिण पुलिस टीम द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अवैध असलहा के साथ वायरल हुए फोटो का तत्काल संज्ञान लेते हुए एक व्यक्ति को अवैध असलहा सहित गिरफ्तार किया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अवैध असलहा के साथ वायरल हुए फोटो का थाना दक्षिण पुलिस ने तत्काल संज्ञान लेते हुए एक व्यक्ति को अवैध असलहा सहित गिरफ्तार किया गया, अभियुक्त की पहचान वसीम पुत्र इस्लाम निवासी देवनगर गली नं0 2 थाना दक्षिण के रूप में हुई, पुलिस ने गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर आर्म्स एक्ट में न्यायालय भेजा है।

जातीय जनगणना से असमानताओं को समझने में मिलेगी मददः वसीम राईन

जिला संवाददाता

बाराबंकी। जातीय जनगणना के जरिये यह सामने आएगा कि समाज के किन वर्गों को अब तक शिक्षा, रोजगार, राजनीतिक प्रतिनिधित्व और सामाजिक अवसरों में बराबरी नहीं मिली है। खासकर यह पता चल सकेगा कि कौन अशराफ यानी पारंपरिक रूप से उच्च वर्ग के 15 प्रतिशत मुसलमान हैं, और कौन पसमांदा।

यानी वह दलित, पिछड़े और आर्थिक रूप से कमजोर मुसलमान जो लंबे समय से हाशिये पर रहे हैं। यही नहीं 85 प्रतिशत मुस्लिम आबादी के नाम पर चल रही मनमानी पर भी लगाम लग जाएगी। उक्त उद्गार ऑल इंडिया पसमान्दा मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने व्यक्त किये।

उन्होंने आगे कहा कि इससे मुस्लिम समाज के भीतर मौजूद सामाजिक असमानताओं को समझने में मदद मिलेगी। जातीय जनगणना का उद्देश्य किसी समुदाय को बांटना नहीं, बल्कि उनकी विविधताओं को समझकर सबको समान अवसर देना है। यह केवल आंकड़ों का खेल नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय की बुनियाद है। इससे मुस्लिम समाज के भीतर एक नया विमर्श खड़ा होगा जो समावेशी विकास, पहचान और हकदारी की ओर अग्रसर करेगा। साथ ही, यह पहल भारत की लोकतांत्रिक और सामाजिक न्याय आधारित व्यवस्था को और मजबूत बनाएगी।

नववर्ष मेला समिति की समीक्षा बैठक आज

मथुरा। नववर्ष मेला समिति के महामंत्री प्रदीप श्रीवास्तव के अनुसार विक्रम संवत 2082 की पूर्व संध्या पर 29 मार्च को आयोजित हुए नववर्ष मेला की समीक्षा बैठक 6 मई दिन मंगलवार सायं 6 बजे से सरस्वती शिशु मंदिर दीनदयाल नगर में आयोजित होगी। इसमें ब्रज प्रांत कार्यवाह राजकुमार उपस्थित रहेंगे।

कॉन्ट्रैक्ट पर हुई ज्वैलर की हत्या

आगरा। ज्वेलर योगेश चौधरी की हत्या 20 लाख के जेवर लूटने के लिए की गई। पुलिस जांच में यह थ्योरी बदल रही है। वारदात का पैटर्न इशारा करता है कि यह कॉन्ट्रैक्ट किलर का काम हो सकता है। इसके शुरूआती सबूत उमिले हैं। पुलिस इस थ्योरी तक 3 वजह से पहुंची है पहली थ्योरी- बदमाशों ने काउंटर पर पहुंचते ही पूछा कि अंकल जी कहां हैं? अमूमन लुटेरे ओनर के बारे में नहीं पूछते, वो सीधे ज्वेलरी और कैश लूटकर भाग निकलते हैं। दूसरी थ्योरी- सीसीटीवी में दिखा कि बदमाश शोरूम से बाहर आते हैं, योगेश भी उसी वक्त वहां पहुंचते हैं। वह बदमाशों की तरफ बढ़ते हैं। मगर धक्का-मुक्की होने से पहले ही एक बदमाश उनको गोली मार

हत्या से किसे फायदा, मोटिव तलाश रही पुलिस

देता है। अमूमन छीनाझपटी होने के बाद ही बदमाश गोली मारते हैं। तीसरी थ्योरी- गोली मारने के बाद भी बदमाशों की बॉडी लैंग्वेज नॉर्मल रहती है। ऐसा लगता है कि यह उन्होंने पहली बार किसी के साथ नहीं किया। वह पहले भी यह सब करते रहे हैं। ये बदमाश प्रोफेशनल थे। पहले आगरा पुलिस मान रही थी कि लोकल बदमाशों ने लूट के लिए वारदात की। इसलिए संदिग्ध बदमाशों की खोजबीन चल रही थी। जांच का पैटर्न बदलने के बाद अब पुलिस पेशेवर बदमाशों को ट्रेस कर रही है।

अब थ्योरी के बदलते ही पुलिस ने जांच के तरीके भी बदले हैं। अब पहचान ऐप की मदद से बदमाशों का हुलिया स्टेट के बदमाशों के रिकॉर्ड से मिलान करवाया जा रहा है। सीसीटीवी की फुटेज जो बदमाश दिख रहे हैं, उनका हुलिया पहचान ऐप में पोस्ट किया गया है। इस ऐप में यूपी के बदमाशों का रिकॉर्ड है। डेटा मैच होने पर यह खुद ही बदमाश की डिटेल बता देता है। ज्वेलर की हत्या मामले में पुलिस के रडार पर परिवार के परिचित, दुकान का स्टाफ और बैंक्वेट के रेस्टोरेंट में काम करने वाले लोग हैं। साथ ही पिछले 6 महीने में काम छोड़कर गए स्टाफ का भी पता लगाया जा रहा है। देखा जा रहा है कि योगेश का पिछले दिनों किसी से विवाद तो नहीं हुआ था। उनकी हत्या होने से किसको फायदा हो सकता है। अमूमन माना जाता है कि एक्टिव बदमाशों के कुछ साथी जेल में बंद होते हैं। किसी भी वारदात के बाद जेल में बंद बदमाशों को भी पता चल जाता है कि इसके पीछे कौन शामिल है। इसलिए पुलिस ने जेल के बदमाशों के पास भी बदमाशों की डिटेल भेजी है। साथ ही, पिछले 6 महीने में जेल से छूटकर आए बदमाशों के बारे में भी पुलिस पता कर रही है। जांच में पुलिस को स्ट्रॉन्ग इनपुट मिले हैं कि वारदात में 2 नहीं, बल्कि 3 बदमाश थे। उठाउठ में दो ही बदमाश नजर आए हैं। पुलिस सोर्स के मुताबिक, बदमाश बोदला चौराहा से पहले ही दहतोरा की तरफ चले गए, यहां से शास्त्रीपुरम पहुंचे थे। यहीं पर एक पेट्रोल पंप के पास उनका तीसरा साथी खड़ा था, जिसे उन्होंने बाइक पर बैठा लिया था। इसके इनपुट के लिए पुलिस ने 500 से ज्यादा उठाउठ कैमरे देखे हैं। चूंकि, वारदात के पीछे शातिर बदमाशों के शामिल होने का अंदेशा है, इसलिए पुलिस ने मध्यप्रदेश और राजस्थान में बॉर्डर के थानों को बदमाशों के फुटेज भेजे हैं। माना जा रहा है कि कॉन्ट्रैक्ट पर मारने के लिए, बदमाश यहां से बुलाए गए होंगे। ये भी देखा जा रहा है कि कारगिल चौराहे के पास लगे मोबाइल टावर की लोकेशन में क्या कोई नए नंबर आए थे। अगर नंबर ट्रेस हुए तो उनका मूवमेंट किस तरफ हुआ। इस मामले के खुलासे के लिए आगरा की एसओजी, सर्विलांस और रक्षक के साथ 2 हजार पुलिसकर्मियों को लगाया गया है। फुटेज के सहारे बदमाशों का सुराग तलाशा जा रहा है। सीसीटीवी में दिखा कि एक बदमाश ने मुंह पर काले सफेद चेक वाला गमछा पहना था, जबकि दूसरे ने मास्क लगा रखा था। पुलिस आगरा के सभी कपड़ा व्यापारियों तक भी पहुंच रही है, ताकि पता चले कि दोनों ने मुंह ढकने के लिए कपड़े कहां से खरीदे थे।

जिला जज प्रतिमा श्रीवास्तव ने न्यायालय पीठासीन अधिकारियों के साथ की बैठक

बाराबंकी। जनपद न्यायाधीश/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष प्रतिमा श्रीवास्तव की अध्यक्षता में 10 मई 2025 राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न प्रकृति के दीवानी वादों एवं फौजदारी वादों को नियत व निस्तारित कराये जाने को लेकर बैठक हुई। बैठक में जनपद न्यायाधीश ने आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में चिन्हित वादों का अवलोकन किया। तथा समस्त न्यायालयों के पीठासीन अधिकारियों को लोक अदालत को सफल आयोजन हेतु ज्यादा से ज्यादा वादों को चिन्हित कर निस्तारण करने, विभिन्न प्रकीर्ण वादों, विभिन्न अधिनियमों के निस्तारण योग्य वादों तथा परक्राम्य लिखत अधिनियम के अधिकाधिक वादों को चिन्हित करने हेतु निर्देशित किया। इस अवसर पर प्रधान न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय सत्येंद्र गुप्ता, विनय कुमार अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम विनय कुमार, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत प्रण विजय सिंह आदि मौजूद रहे।

अल्पसंख्यक प्रबुद्ध नागरिक संवाद कार्यक्रम आयोजित

टूंडला। सोमवार को नगर के राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित गुलाब वाटिका के हॉल में भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह की अध्यक्षता में वक्फ सुधार जन जागरण अभियान के अंतर्गत अल्पसंख्यक प्रबुद्ध नागरिक संवाद कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि दुर्विजय सिंह शाक्य क्षेत्रीय अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी ब्रज क्षेत्र व बतौर विशिष्ट अतिथि अरशद अल्वी प्रदेश मंत्री भारतीय जनता अल्पसंख्यक मोर्चा रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य ने उपस्थित अल्पसंख्यक समाज को वक्फ संशोधन अधिनियम पर संक्षिप्त जानकारी देते हुए संबोधित करते हुए कहा कि वक्फ इस्लामी कानून के अंतर्गत स्थापित एक अपरिवर्तनीय धर्मार्थ निधि है, जिसे भारत में वक्फ अधिनियम 1995 के तहत मान्यता प्राप्त है, और विनियमित किया जाता

है। इस शब्द में इस्लामी कानून के तहत पवित्र, धार्मिक या धर्मार्थ कर्म के से किए गए सभी दान शामिल हैं। वक्फ बोर्ड और उनके द्वारा नियंत्रित संपत्तियां भारत में इस्लामी जीवन के महत्वपूर्ण अंग हैं। क्योंकि वह अनगिनत मस्जिदों, धार्मिक और परोपकारी संस्थाओं के संरक्षक के रूप में कार्य करते हैं। वक्फ की व्यवस्थापन प्रणाली बहुत दुर्बल रही है जिसमें लगभग कोई जवाब दे ही नहीं रही। इसी कारण वक्फ अधिनियम 2025 बनाया गया है, ताकि वक्फ के शासन को सुव्यवस्था किया जा सके। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश मंत्री अरशद अल्वी ने कहा कि तीन तलाक जैसे गंभीर मुद्दे इस्लाम से कतई ताल्लुक नहीं रखते हैं। कुछ राजनीतिक पार्टियों वोट बैंक की राजनीति के लिए इन सभी मुद्दों को इस्लाम से जोड़कर अपनी राजनीतिक रोटियां सेकती हैं। वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 की आवश्यकता क्यों थी इस विषय पर प्रकाश डालते हुए अल्वी ने कहा कि 2013 अधिनियम के तहत वक्फ बोर्ड न्यूनतम जांच और संतुलन के साथ एक तरफा रूप से संपत्तियों को वक्फ घोषित कर सकते थे। खास तौर पर विवादास्पद उपयोगकर्ता द्वारा वक्फ प्रावधान के माध्यम से जिसके तहत केवल लंबे समय तक धार्मिक उपयोग के आधार पर संपत्तियों पर दावा करने की अनुमति दी गई थी। इससे मनवाने ढंग से संपत्ति के दावे अतिक्रमण और सरकारी संपत्तियों को वक्फ घोषित करने सहित कई मुद्दे सामने आए। वर्तमान अधिनियम वक्फ प्रबंधन में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने मनमाने ढंग से संपत्ति अधिग्रहण को रोकने तथा धार्मिक स्वतंत्रता और सामान्य से संबंधित संवैधानिक चिंताओं को दूर करने के लिए बनाया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे हैं जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने

डीएम द्वारा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के लिए किया जा रहा प्रयास ला रहा है रंग

फिरोजाबाद। जिलाधिकारी के प्रयासों के परिणाम स्वरुप उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन जनपद फिरोजाबाद के 9 विकास खण्डों के 1025 स्वयं सहायता समूह को सामुदायिक निवेश निधि सी0आई0एफ0 की धनराशि 15 करोड़ 37 लाख 50 हजार रुपए प्राप्त हुई है, इस धनराशि से ग्रामीण क्षेत्रों की समूहों से आच्छादित महिलाओं को स्वरोजगार हेतु ऋण उपलब्ध कराया जाएगा, मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन और जिलाधिकारी के नेतृत्व में यह प्रयास किया जा रहा है कि महिलाएं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनें, जिलाधिकारी का यह निरंतर प्रयास है कि समूह की महिलाओं को अपने उत्पादों को बनाने में आर्थिक तंगी का सामना न करना पड़े, समूह की महिलाओं के द्वारा कांच की चूड़ियां, कांच के कंगन, कांच के खिलौने, कांच की मूर्तियां आदि बनाने का कार्य किया जा रहा है, इसके अलावा इनके द्वारा गोवंश के गोबर से दीपक मूर्तियां, माला आदि बनाये जा रही हैं, जिलाधिकारी का प्रयास है कि ज्यादा से ज्यादा महिलाएं समूहों से जुड़ें जिससे उनकी आत्मनिर्भरता तो बढ़े ही, साथ ही वह अपने परिवार के लिए एक मजबूत स्तंभ भी बन सकें।

एसएसपी ने देर रात किया महावन थाने का निरीक्षण

मथुरा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने देर रात महावन थाने का औचक निरीक्षण किया। उनके अचानक पहुंचने से थाना परिसर में हड़कंप मच गया। एसएसपी ने थाने में महत्वपूर्ण अभिलेखों के रखरखाव, महिला हेल्प डेस्क, मलखाना, हवालात, मैस और विवेचना कक्ष का निरीक्षण किया। थाने की साफ-सफाई की भी जांच की।

संक्षेप

अवीवा लाइफ बना इंडियाज मोस्ट ट्रस्टेड प्राइवेट लाइफ इंश्योरर

नई दिल्ली। अवीवा लाइफ इंश्योरेंस लगातार सातवें साल टीआरए की ब्रांड ट्रस्ट रिपोर्ट 2025 में इंडियाज मोस्ट ट्रस्टेड प्राइवेट लाइफ इंश्योरर बनकर सामने आया है। प्राइवेट लाइफ इंश्योरेंस सेक्टर में अपनी लीडरशिप को और मजबूती देते हुए अवीवा इंडिया ने वित्त वर्ष 2023-24 में 100% क्लेम 30 दिन के भीतर सेटल किए, जो बेस्ट क्लेम सेटलमेंट टर्नअराउंड टाइम में से है। अवीवा में हम केवल पारंपरिक बीमा सुरक्षा तक सीमित नहीं हैं, बल्कि हम जीवन बीमा को नए रूप में परिभाषित कर रहे हैं जहां जहां हमारा ध्यान रोकथाम, स्वास्थ्य और समग्र कल्याण पर है। अपने ग्राहकों को प्रोएक्टिव सॉल्यूशंस, वेलनेस रिसोर्स और पर्सनलाइज्ड गाइडेंस के माध्यम से सशक्त करते हुए हम उन्हें ज्यादा स्वस्थ एवं प्रसन्न जीवन जीने में मदद करना चाहते हैं। लगातार सातवें साल भारत के सबसे भरोसेमंद प्राइवेट लाइफ इंश्योरेंस ब्रांड के रूप में चुना जाना इस बात की पुष्टि करता है कि हमारे प्रयास वास्तव में ग्राहकों की जरूरतों व अपेक्षाओं के अनुरूप हैं।

लौह अयस्क उत्पादन 4.3 प्रतिशत बढ़कर 28.9 करोड़ टन पर

नयी दिल्ली। देश का लौह अयस्क उत्पादन बीते वित्त वर्ष 2024-25 में 4.3 प्रतिशत बढ़कर 28.9 करोड़ टन रहा है। खान मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान में यह जानकारी दी। लौह अयस्क का उत्पादन 2023-24 में 27.7 करोड़ टन रहा था। लौह अयस्क के उत्पादन में निरंतर वृद्धि उपयोगकर्ता उद्योग यानी इस्पात में मजबूत मांग की स्थिति को दर्शाता है। मैंगनीज अयस्क का उत्पादन 2024-25 में बढ़कर 38 लाख टन हो गया, जो 2023-24 में 34 लाख टन था। प्राथमिक एल्युमीनियम उत्पादन 2023-24 के 41.6 लाख टन (एलटी) से बढ़कर पिछले वित्त वर्ष में 42 लाख टन हो गया। परिष्कृत तांबे के उत्पादन में 12.6 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, जो 2023-24 के 5.09 लाख टन से बढ़कर 2024-25 में 5.73 लाख टन हो गया। भारत दूसरा सबसे बड़ा एल्युमीनियम उत्पादक है। इसके अलावा यह परिष्कृत तांबे के शीर्ष 10 उत्पादकों में से एक है और दुनिया में चौथा सबसे बड़ा लौह अयस्क उत्पादक है।

अनफॉरगेटेबल जर्नीज कैंपेन लॉन्च

नई दिल्ली। एक्सॉनमोबिल लुब्रिकेंट्स प्राइवेट लिमिटेड, जो भारत में मोबिल ब्रांड के लुब्रिकेंट्स बेचती है, ने आज अपने अनफॉरगेटेबल जर्नीज कैंपेन की लॉन्च की। इस फिल्म में बॉलीवुड सुपरस्टार ऋतिक रोशन नजर आएंगे और इसमें दुनिया के अग्रणी सिंथेटिक इंजन ऑयल ब्रांड मोबिल 1™ को प्रमुखता से दिखाया गया है। यह कैंपेन ऋतिक के जुनून, भारत जैसे देश के सपने देखने वाले और मेहनती लोगों की सोच, और मोबिल 1™ के शानदार प्रदर्शन को एक साथ जोड़ता है। ये तीनों बातें एक समान भावना से जुड़ी हैं, कुछ अलग और बेहतर करने की लगातार चाह। यह है कि इसमें पहली बार ऋतिक रोशन अपने पिता, मशहूर फिल्म निमार्ता और निर्देशक राकेश रोशन के साथ स्क्रीन पर दिखाई दे रहे हैं। ऋतिक की पहली सुपरहिट फिल्म कहो ना प्यार है को 25 साल पूरे हो गए हैं। यह कैंपेन उनके कभी न रुकने वाले जोश और यादगार परफॉर्मेंसेस की तलाश को सलाम करता है।

अब ट्रंप की देश के बाहर बनी फिल्म पर 100 प्रतिशत का शुल्क लगाने की धमकी

न्यूयॉर्क। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अब देश के बाहर बनी फिल्म (मूवी) पर 100 प्रतिशत का शुल्क लगाने की धमकी दी है। ट्रंप ने सोशल मीडिया मंच ट्रुथ पर रविवार रात को एक पोस्ट में कहा कि उन्होंने वाणिज्य विभाग और अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय को हमारे देश में आने वाली विदेशी जमीन में बनी किसी भी फिल्म पर 100 प्रतिशत का शुल्क लगाने के लिए अधिकृत किया है। उन्होंने लिखा, अमेरिका में फिल्म उद्योग बहुत तेजी से मर रहा है।

पाक से तनाव बढ़ने से भारत अपेक्षाकृत अछूता रहेगाः मूडीज

नयी दिल्ली। भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ने से भारत में कोई बड़ी आर्थिक बाधा उत्पन्न नहीं होगी। हालांकि, यह पाकिस्तान के लिए झटका होगा क्योंकि इससे उसका विदेशी मुद्रा भंडार दबाव में आ सकता है और उसकी वृद्धि दर प्रभावित हो सकती है। रेटिंग एजेंसी मूडीज रेटिंग्स ने भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव से पाकिस्तान की वृद्धि पर असर शीर्षक से सोमवार को रिपोर्ट जारी की।

सेंसेक्स में 295 अंकों की उछाल

मुंबई। विदेशी कोषों का निवेश जारी रहने और कच्चे तेल की अंतरराष्ट्रीय कीमतों में तेज गिरावट आने के बीच सोमवार को स्थानीय शेयर बाजारों में लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में तेजी रही और दोनों मानक सूचकांक सेंसेक्स एवं निफ्टी इस साल के अपने उच्चतम स्तर पर बंद हुए।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 294.85 अंक यानी 0.37 प्रतिशत चढ़कर 80,796.84 अंक पर बंद हुआ। यह चार महीनों में से अधिक समय का इसका उच्चतम बंद स्तर है। कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स 547.04 अंक बढ़कर 81,049.03 अंक पर पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी भी 114.45 अंक यानी 0.47 प्रतिशत बढ़कर 24,461.15 अंक पर पहुंच गया। निफ्टी के लिए भी यह वर्ष 2025 का अब तक का सबसे ऊंचा बंद स्तर है। सेंसेक्स की कंपनियों में से अदाणी पोर्ट्स के शेयर में सर्वाधिक 6.29 प्रतिशत की तेजी देखी गई। सेंसेक्स की कंपनियों में बजाज फिनसर्व, महिंद्रा एंड महिंद्रा, इटर्नल (पूर्व में जोमैटो), पावर ग्रिड, आईटीसी, टाटा मोटर्स, एशियन पेंट्स और हिंदुस्तान यूनिलीवर भी लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, कोटक महिंद्रा बैंक में 4.57 प्रतिशत की बड़ी गिरावट दर्ज की गई। निजी क्षेत्र के इस बैंक का वित्त वर्ष 2024-25 की मार्च तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 7.57 प्रतिशत गिर गया है। इसके अलावा भारतीय स्टेट बैंक, एक्सिस बैंक, टाइटन और इंडसइंड बैंक के शेयर भी गिरावट के साथ बंद हुए। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुक्रवार को 2,769.81 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की शुद्ध खरीदारी की। अनुकूल वैश्विक संकेतों और मजबूत घरेलू बुनियादी आंकड़ों के बीच विदेशी निवेशकों ने अप्रैल महीने में भारतीय शेयर बाजार में शुद्ध रूप से 4,223 करोड़ रुपये डाले हैं और तीन माह बाद वे पहली बार शुद्ध लिवाल बने हैं। इससे पहले इस साल मार्च में 3,973 करोड़ रुपये, फरवरी में 34,574 करोड़ रुपये और जनवरी में 78,027 करोड़ रुपये की लगातार शुद्ध निकासी देखी गई थी। बाजार ने अपनी सकारात्मक गति को बनाए रखा है, हालांकि आशावाद थोड़ा कम हुआ है। अप्रैल में निरंतर विदेशी प्रवाह और रिकॉर्ड जीएसटी संग्रह आर्थिक गतिविधियों में मजबूती को दर्शाता है, जिससे हल्की उम्मीद पैदा होती है। कमजोर डॉलर और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट ने भी एफआईआई की धारणा को मजबूत किया है। व्यापक बाजार में बीएसई मिडकैप सूचकांक ने 1.45 प्रतिशत की छलांग लगाई जबकि स्मॉलकैप में 1.23 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई।

रुपया 24 पैसे बढ़कर 84.33 प्रति डॉलर पर

मुंबई। कच्चे तेल की कीमतों में तेज गिरावट और घरेलू शेयर बाजार में सकारात्मक रुख के चलते सोमवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 24 पैसे बढ़कर 84.33 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर पहुंच गया।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 84.45 पर खुला और डॉलर के मुकाबले 84.10 के दिन के उच्चतम स्तर और 84.47 के निम्नतम स्तर के बीच घूमता रहा। कारोबार के अंत में रुपया 84.33 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ, जो अपने पिछले बंद स्तर से 24 पैसे की बढ़त है। शुक्रवार को रुपये में काफी उतार-चढ़ाव रहा और यह सात महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था 84 डॉलर प्रति डॉलर के स्तर को पार कर गया, लेकिन फिर भी यह अपनी सारी बढ़त गंवाकर तीन पैसे की गिरावट के साथ 84.57 डॉलर प्रति डॉलर पर बंद हुआ। एलकेपी सिक्योरिटीज के उपाध्यक्ष शोध विश्लेषक जिंस और मुद्रा जतिन त्रिवेदी ने कहा कि विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के निरंतर निवेश से रुपये को समर्थन मिला है। इसके अलावा, कच्चे तेल की कीमतों में इस साल अब तक 20 प्रतिशत से अधिक की तीव्र गिरावट ने भी इसे और समर्थन दिया है, जिससे भारत के आयात खर्च में कमी आई है। इस बीच, विश्व की छह प्रतिस्पर्धी मुद्राओं की तुलना में डॉलर की मजबूती को मापने वाला, डॉलर इंडेक्स 0.38 प्रतिशत की गिरावट के साथ 99.64 पर कारोबार कर रहा था।

वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड वायदा कारोबार में 1.26 प्रतिशत गिरकर 60.52 डॉलर प्रति बैरल रह गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि अधिक आपूर्ति और कमजोर मांग की संभावना ने कच्चे तेल की कीमतों पर भारी दबाव डाला, जो इस कैलेंडर वर्ष में अब तक भारी नुकसान का सामना कर रहे थे। घरेलू शेयर बाजार में, 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 294.85 अंक बढ़कर 80,796.84 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 114.45 अंक बढ़कर 24,461.15 पर बंद हुआ। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) पूंजी बाजार में शुद्ध लिवाल रहे। उन्होंने शुक्रवार को शुद्ध आधार पर 2,769.81 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। इस बीच, भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को कहा कि 25 अप्रैल को समाप्त सप्ताह के दौरान भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 1.98 अरब डॉलर बढ़कर 688.13 अरब डॉलर हो गया।

सोना 550 रुपये उछलकर 97,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर, चांदी में 400 रुपये की गिरावट

नयी दिल्ली। वैश्विक बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में तेजी के बीच सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 550 रुपये बढ़कर 97,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई।

अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत शुक्रवार को 96,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी सोमवार को 550 रुपये बढ़कर 96,900 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। पिछले सत्र में सोने की कीमत 96,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। हालांकि, चांदी 400 रुपये टूटकर 96,700 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी का भाव 97,100 रुपये प्रति किलोग्राम रहा था। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में हाजिर सोना 46.34 डॉलर बढ़कर 3,286.83 डॉलर प्रति औंस हो गया। कोटक सिक्योरिटीज में एवीपी-जिंस शोध कायनात चैनवाला ने कहा, मंगलवार से शुरू होने वाली अमेरिकी फेडरल रिजर्व की दो दिवसीय फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की बैठक से पहले डॉलर में नरमी के कारण सोना 3,280 डॉलर प्रति औंस हो गया। इसके अलावा, अमेरिकी-चीन व्यापार घटनाक्रमों को लेकर अनिश्चितता से जोखिम भावना सतर्क रहने की संभावना है।

वाहनों की खुदरा बिक्री बढ़कर 22.87 लाख इकाई पर

नयी दिल्ली। देश में वाहनों की कुल खुदरा बिक्री इस साल अप्रैल में मामूली 2.95 प्रतिशत बढ़कर 22,87,952 इकाई हो गई। वाहन डीलर संघों के महासंघ (फाडा) ने यह जानकारी दी है। फाडा ने कहा कि चैत्र नवरात्रि, अक्षय तृतीया, बंगाली नव वर्ष, बैसाखी और विशु के आसपास ग्राहकों द्वारा खरीदारी पूरी करने से अप्रैल का अंत सकारात्मक रुख के साथ हुआ।

अप्रैल, 2024 में वाहनों की कुल खुदरा बिक्री 22,22,463 इकाई रही थी। फाडा ने कहा कि वाणिज्यिक वाहनों (सीवी) को छोड़कर सभी श्रेणियों में अप्रैल में बिक्री में बढ़ोतरी दर्ज हुई है। समीक्षाधीन अवधि में दोपहिया, तिपहिया, यात्री वाहन और ट्रैक्टर बिक्री में क्रमशः 2.25 प्रतिशत, 24.5 प्रतिशत, 1.5 प्रतिशत और 7.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। वहीं वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री एक प्रतिशत घट गई। अप्रैल में दोपहिया वाहनों की खुदरा बिक्री 16,86,774 इकाई रही, जबकि पिछले साल इसी महीने में यह 16,49,591 इकाई रही थी। इस तरह दोपहिया वाहनों की बिक्री में 2.25 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज हुई। समीक्षाधीन महीने में यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री 3,49,939 इकाई रही, जबकि अप्रैल, 2024 में यह आंकड़ा 3,44,594 इकाई रहा था। इस तरह यात्री वाहनों की बिक्री 1.55 प्रतिशत बढ़ी। शुल्क युद्ध थमने के साथ शेयर बाजारों में सुधार हुआ है। ऐसे में निवेशकों की चिंता कम हुई है। इस तरह ग्राहकों ने चैत्र नवरात्रि, अक्षय तृतीया, बंगाली नव वर्ष, बैसाखी और विशु का लाभ उठाकर खरीदारी पूरी की, जिससे अप्रैल का आंकड़ा सकारात्मक रहा। पिछले महीने वाणिज्यिक वाहनों की खुदरा बिक्री 1.05 प्रतिशत घटकर 90,558 इकाई रह गई।

चालू वित्त वर्ष में रेपो दर में कुल 1.5 प्रतिशत तक कटौती संभव

नयी दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक)(आरबीआई) चालू वित्त वर्ष में मुद्रास्फीति को काबू में रखने के साथ ही नीतिगत दरों में कुल 1.25-1.5 प्रतिशत तक कटौती कर सकता है। एसबीआई रिसर्च के एक अध्ययन में सोमवार को यह अनुमान जताया गया।

इसमें सुझाव दिया गया कि केंद्रीय बैंक को रेपो में आधा प्रतिशत की बड़ी कटौती करनी चाहिए, क्योंकि यह अधिक प्रभावी होगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित मुद्रास्फीति में तेज गिरावट हुई है और यह मार्च, 2025 में 67 महीने के निचले स्तर 3.34 प्रतिशत पर आ गई है। खाद्य मुद्रास्फीति में तेजी से सुधार के चलते ऐसा संभव हो सका। भारतीय स्टेट बैंक के आर्थिक अनुसंधान विभाग की मुद्रास्फीति और दर कटौती प्रक्षेप पथ शीर्षक वाली शोध रिपोर्ट में कहा गया कि वित्त वर्ष 2025-26 के लिए चालू कीमतों पर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि 9-9.5 प्रतिशत की सीमा में रहने की उम्मीद है। ऐसे में कम वृद्धि और कम मुद्रास्फीति को देखते हुए नीतिगत दरों में कटौती के लिए एक अच्छी गुंजाइश बनती है। रिपोर्ट में कहा गया, मार्च में बहु-वर्षीय निम्न मुद्रास्फीति और आगे चलकर सामान्य मुद्रास्फीति के अनुमान के साथ, हम जून और अगस्त में दर में 0.75 प्रतिशत की दर में कटौती और चालू वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में आधा प्रतिशत कटौती की उम्मीद कर रहे हैं।

छत्तीसगढ़ को छह माह में मिले 4.5 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव

रायपुर। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि पिछले साल नवंबर में नई औद्योगिक नीति की शुरुआत के बाद राज्य ने विभिन्न क्षेत्रों में 4.50 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव आकर्षित किए हैं और इनका लाभ दो साल में दिखाई देगा। साय ने रविवार को पीटीआई वीडियो के साथ साक्षात्कार में यह भी दावा किया कि उनकी सरकार ने कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में व्याप्त गड़बड़ियों और भ्रष्टाचार पर लगाम लगा दी है जिससे राज्य का राजस्व संग्रह बढ़ा है।

साय ने कहा कि हमारी नई औद्योगिक नीति को पेश हुए छह महीने से ज्यादा नहीं हुए हैं और इतने कम समय में हमें 4.50 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। उन्होंने कहा कि इस अवधि में राज्य सरकार ने दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु और रायपुर में इन्वेस्टर-कनेक्ट कार्यक्रम आयोजित किए, जिनमें सैकड़ों उद्यमियों ने भाग लिया और उनमें से कई ने राज्य में निवेश करने का प्रस्ताव किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि परियोजनाओं के क्रियान्वयन पर काम भी शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि राज्य की पहली सेमीकंडक्टर विनिर्माण इकाई और देश का पहला कृत्रिम मेधा (एआई) आधारित डेटा सेंटर पार्क यहां नवा रायपुर अटल नगर में बनेगा और इनका शिलान्यास हो चुका है। उन्होंने कहा कि निवेश को आकार लेने में समय लगेगा। साय ने कहा कि हमें लगता है कि राज्य को इन निवेश से डेढ़ से दो साल बाद फायदा होगा। छत्तीसगढ़ की आगामी राजधानी नवा रायपुर के विकास की गति के बारे में पूछे जाने पर साय ने कहा, हां, यह थोड़ा धीमी रफ्तार से विकसित हो रही है, लेकिन हमें लगता है कि आने वाले समय में यह एक आईटी हब के रूप में विकसित होगी और वहां कई अन्य चीजें आ रही हैं।

बैगलाइन ने उत्तर प्रदेश मे किया अपना का विस्तार

लखनऊ। ब्रांड कॉन्सेप्ट्स लिमिटेड ने पूरे भारत में अपना 47वां और लखनऊ के हजरतगंज में अपना चौथा बैगलाइन स्टोर भव्य रूप से लॉन्च किया है। यह नया स्टोर लखनऊ में कंपनी के विस्तार की रणनीति का हिस्सा है और यह दशार्ता है कि बैगलाइन अपने ग्राहकों को लग्जरी और स्टाइल का बेहतरीन अनुभव देने के लिए प्रतिबद्ध है। इस स्टोर में टॉमी हिलफिगर ट्रैवल गियर, यूनाइटेड कलर्स ऑफ बेनेटन और एरोपोस्टल जैसे प्रसिद्ध ब्रांडों के शानदार कलेक्शन उपलब्ध हैं। स्टोर को आधुनिक और आकर्षक तरीके से डिजाइन किया गया है ताकि ग्राहकों को एक शानदार शॉपिंग अनुभव मिल सके। चाहे आपको अपने लुक को निखारने के लिए स्टाइलिश हैंडबैग चाहिए हो, यात्रा के लिए मजबूत बैकपैक, रोजमर्रा के सामान के लिए प्रैक्टिकल टोट बैग, या ऑफिस के लिए सोफिस्टिकेटेड ब्रीफकेस—यहां सबकुछ मौजूद है। हर प्रोडक्ट में स्टाइल और कंफर्ट का शानदार मेल है। इस स्टोर का उद्घाटन 4 मई, 2025 को हुआ। इस मौके पर चेतन्य मालटेरे, हेड ऑफ रिटेल ऑपरेशंस, ब्रांड कॉन्सेप्ट्स लिमिटेड ने कहा कि हमें लखनऊ में अपना चौथा और भारत का 47वां बैगलाइन स्टोर खोलने की खुशी है। हमारा उद्देश्य ग्राहकों को एक पर्सनलाइज्ड और बेहतरीन रिटेल अनुभव देना है। हमारी टीम पूरी लगन से काम कर रही है ताकि हर ग्राहक को ऐसा बैग मिले जो उसे लंबे समय तक पसंद आए।

आईएमएफ के बोर्ड में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे विश्व बैंक के कार्यकारी निदेशक अय्यर

नयी दिल्ली। विश्व बैंक के कार्यकारी निदेशक (ईडी) परमेश्वरन अय्यर को नौ मई की महत्वपूर्ण बैठक से पहले अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के बोर्ड में अस्थायी रूप से भारत के नामित निदेशक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सूत्रों ने यह जानकारी दी है।

सरकार ने आईएमएफ में कार्यकारी निदेशक के रूप में के वी सुब्रमण्यन की सेवाओं को उनका तीन साल का कार्यकाल पूरा होने से छह महीने पहले समाप्त कर दिया था। इस बाद कार्यकारी निदेशक का पद रिक्त हो गया था, जिसपर अब सरकार ने अय्यर को अस्थायी रूप से नामित किया है। सरकार का यह फैसला इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि आईएमएफ कार्यकारी बोर्ड की नौ मई को बैठक होनी है जिसमें जलवायु कार्यक्रम के तहत पाकिस्तान को 1.3 अरब अमेरिकी डॉलर के नए ज ण के साथ मौजूदा सात अरब डॉलर के राहत पैकेज की पहली समीक्षा की जाएगी। गौरतलब है कि भारत कूटनीतिक और विभिन्न वैश्विक मंचों पर पाकिस्तान को घेरने का प्रयास कर रहा है। सूत्रों के अनुसार, यदि भारत ने अय्यर को नामित नहीं किया होता, बहुपक्षीय वित्तपोषण एजेंसी के नियमों के तहत श्रीलंका के वैकल्पिक कार्यकारी निदेशक हरिश्चंद्र पहाथ कुम्बुरे गेदारा ईडी के कर्तव्यों का निर्वहन करते। मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने 30 अप्रैल, 2025 से सुब्रमण्यन की सेवाओं को समाप्त कर दिया है। हालांकि, सुब्रमण्यन को हटाने की कोई आधिकारिक वजह नहीं बताई गई है। सूत्रों के अनुसार, सुब्रमण्यन ने आईएमएफ के डेटासेट के बारे में सवाल उठाए हैं, जिसे बहुपक्षीय एजेंसी ने अच्छा नहीं माना था। अतीत में भी, आईएमएफ सुब्रमण्यन द्वारा दिए गए कुछ बयानों से नाखुश रहा है, खासकर भारत की ऋण स्थिति के बारे में।

पेज एक का शेष

गृह मंत्रालय ने

अंजाम देने वालों और साजिश करने वालों का दुनिया के आखिरी छोर तक पीछा करने और उनकी कल्पना से भी ज्यादा कठोर सजा देने का संकल्प जताया है।

आतंकवाद के

न्याय के कठघरे में लाया जाना चाहिए। जायसवाल ने कहा कि मोदी तथा पुतिन ने भारत-रूस विशेष एवं विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को और प्रगाढ़ बनाने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने रूस के विक्टरी डे की 80वीं वर्षगांठ के अवसर पर रूसी राष्ट्रपति को शुभकामनाएं दीं और उन्हें इस वर्ष के अंत में भारत में होने वाले भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए आमंत्रित किया। रूसी वक्तव्य में कहा गया कि राष्ट्रपति ने पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए बर्बर आतंकवादी हमले में भारतीय नागरिकों की मृत्यु पर गहरा शोक जताया। इसमें कहा गया कि बातचीत के दौरान विशेष एवं विशेषाधिकार प्राप्त साझेदारी के रूप में रूस-भारत संबंधों की रणनीतिक प्रकृति पर जोर दिया गया। वक्तव्य में कहा गया कि ये संबंध बाहरी प्रभाव के अधीन नहीं हैं तथा सभी क्षेत्रों में गतिशील रूप से विकसित हो रहे हैं। इसमें कहा गया कि मोदी ने पुतिन और सभी रूसी लोगों को विक्टरी डे की 80वीं वर्षगांठ की बधाई दी।

पैदल चिनाब

के निचले हिस्से, विशेषकर अखनूर सेक्टर में जलस्तर में काफी गिरावट आई। जलप्रवाह कम होने पर कई स्थानों पर सैकड़ों लोग पैदल चिनाब नदी पार करते हुए वीडियो बनाने के लिए उमड़ पड़े। नदी में कई उत्सुक स्थानीय लोगों ने टखने तक गहरे पानी में सोने-चांदी के आभूषण और सिक्के भी तलाशने शुरू कर दिए। खतरे को भांपते हुए, अधिकारियों के नेतृत्व में पुलिस दल लोगों को निकालने के लिए आगे आए, क्योंकि दोपहर बाद जल स्तर फिर बढ़ने लगा। पुलिस कर्मियों को लाउडस्पीकर के माध्यम से लोगों को पैदल नदी पार न करने की चेतावनी देते हुए देखा गया। एक पुलिस अधिकारी ने लोगों से बाहर निकलने का अनुरोध करते हुए कहा कि जलग्रहण क्षेत्र में बारिश हुई है और अचानक जल-स्तर बढ़ने की आशंका है। स्थानीय ग्रामीणों ने कहा कि उन्होंने कभी भी जल प्रवाह में इस स्तर तक गिरावट नहीं देखी। स्थानीय निवासी अंकुर शर्मा ने कहा, संधि के निलंबन से सरकार को पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए बाढ़ और सूखे जैसे चक्र को शुरू करने का मौका मिल गया। उन्हें पता होना चाहिए कि वे हर बार निर्दोष लोगों की हत्या करके बचकर नहीं भाग सकते।

पाकिस्तानी सैनिकों

से गोलीबारी की गई, जबकि उसके बाद जम्मू जिले में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास परगवाल सेक्टर में गोलीबारी की गई। भारत और पाकिस्तान के सैन्य संचालन महानिदेशकों (डीजीएमओ) के बीच 29 अप्रैल को हॉटलाइन पर बातचीत हुई थी। इस दौरान भारत ने पाकिस्तान की ओर से जम्मू कश्मीर में एलओसी पर बिना उकसावे के की जा रही गोलीबारी पर चर्चा की थी। इसके बावजूद संघर्ष विराम का उल्लंघन करते हुए गोलीबारी की जा रही है। ऐसा माना जा रहा है कि भारतीय पक्ष ने पाकिस्तानी पक्ष को बिना उकसावे के की गई गोलीबारी के बारे में चेतावनी दी थी।

गाजा पर

में इजराइल और हमास के बीच युद्ध विराम टूटने के बाद इजराइल ने इस क्षेत्र पर भयंकर हमले किए हैं, जिसमें सैकड़ों लोग मारे गए हैं। उसने कई इलाकों पर कब्जा कर लिया है और अब गाजा के लगभग 50 प्रतिशत हिस्से पर इसका नियंत्रण है। युद्ध विराम समाप्त होने से पहले, इजराइल ने गाजा में भोजन, ईंधन और पानी सहित सभी मानवीय सहायता रोक दी थी, जिससे लगभग 19 महीनों के युद्ध में सबसे खराब मानवीय संकट पैदा हो गया है। सहायता प्रतिबंधित करने से भुखमरी की स्थिति बन गई और आवश्यक वस्तुओं की कमी होने से लूटपाट की आशंका भी पैदा हो गई। इजराइल धीरे-धीरे हमास पर दबाव बढ़ाने की कोशिश कर रहा है। इजराइल के अधिकारियों ने कहा कि इस योजना में पट्टी पर कब्जा करना और क्षेत्रों को नियंत्रण में लेना शामिल है। इस योजना में चरमपंथी हमास समूह को मानवीय सहायता वितरित करने से रोकने की भी कोशिश की जाएगी, जिसके बारे में इजराइल का कहना है कि इससे गाजा में समूह का शासन मजबूत होगा। अधिकारियों ने कहा कि इस योजना में हमास के ठिकानों पर शक्तिशाली हमले करना भी शामिल है। अधिकारियों ने कहा कि इजराइल गाजा पर कब्जा करने और वहां के लोगों को स्थानांतरित करने की अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की योजना को लेकर कई देशों के संपर्क में है, जिसे इजराइल ने स्वैच्छिक विस्थापन कहा है। यूरोप और अरब देशों में इजराइल के सहयोगियों ने इसकी निंदा की है। एक अधिकारी ने कहा कि इस योजना को धीरे-धीरे अमल में लाया जाएगा। दोनों अधिकारियों ने नाम जाहिर नहीं होने की शर्त पर ये दावे किए। इजराइल पिछले कई हफ्तों से हमास पर दबाव बढ़ाने और उस पर युद्ध विराम वार्ता में ज्यादा लचीलापन दिखाने के लिए दबाव डालने की कोशिश कर रहा है। लेकिन, दोनों पक्षों को एक नए समझौते की ओर लाने की कोशिश कर रहे अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थों को काफी संघर्ष करना पड़ा है। सहायता समूहों के बीच प्रसारित और एसोसिएटेड प्रेस को प्राप्त हुए एक आंतरिक ज्ञापन के अनुसार, इजराइल ने संयुक्त राष्ट्र को बताया कि वह गाजा में सहायता वितरण को नियंत्रित करने के लिए निजी सुरक्षा कंपनियों का उपयोग करेगा। संयुक्त राष्ट्र ने रविवार को एक बयान में कहा कि वह प्रस्तुत की गई योजना में भाग नहीं लेगा, क्योंकि यह उसके मूल सिद्धांतों का उल्लंघन करता है।

टीकाकरण के

थी, जबकि उसे भी समय पर टीका लगाया गया था। निया की मां ने पत्रकारों से कहा, हमारे घर के पास कूड़े का ढेर लगा रहता है। हमने कई बार लोगों से वहां कूड़ा नहीं फेंकने की अपील की, लेकिन किसी ने नहीं सुनी। उसी कूड़े की वजह से आवारा कुत्ते वहां इकट्ठा होते थे और एक दिन उन्होंने मेरे सामने ही मेरी बेटी पर हमला कर दिया। उन्होंने सवाल किया, आवारा कुत्ते एसएटी अस्पताल परिसर में भी खुलेआम घुसते देखे गए है, ऐसे में वहां इलाज के वास्ते आने वाले बच्चों को सुरक्षा कैसे मिलेगी? परिजनों ने पृथक-वास प्रोटोकॉल का पालन करते हुए बच्ची के शव को उसके घर नहीं ले जाकर उसके पैतृक गांव में ही दफना दिया। एसएटी अस्पताल के अधिकारियों ने बाद में यहां संवाददाताओं को बताया कि ऐसे मामलें में टीकों को दोष नहीं दिया जा सकता। एसएटी अस्पताल की अधीक्षक एस. बिन्दु ने कहा कि कुत्ते के काटने की स्थिति और तीव्रता के आधार पर, वैक्सीन एंटीबॉडी के प्रभावी होने से पहले वायरस के मस्तिष्क को संक्रमित करने की संभावना होती है और ऐसा निया के मामले में भी हुआ होगा। एक अन्य वरिष्ठ चिकित्सक ने कहा, कुत्ते के काटने से बच्ची शरीर पर घाव के गहरे निशान थे, खासकर उन जगहों पर जहां तंत्रिका घनत्व अधिक था। जब नसों पर कोई काटता है तो टीके के प्रभावी होने से पहले ही वायरस मस्तिष्क तक पहुंच जाता है। एक प्रश्न का उत्तर देते हुए चिकित्सकों ने कहा कि सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली में यह कहना सही नहीं है कि टीके अप्रभावी हैं। उन्होंने कहा कि टीके मानक दिशा-निर्देशों के अनुसार लगाए जाते हैं और स्वास्थ्य क्षेत्र में संबंधित व्यक्तियों को इनके अनुसार टीके लगाने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है। बच्ची के परिवार और चिकित्सकों ने शुक्रवार को पुष्टि की कि बच्ची को रेबीज रोधी टीके निर्धारित अंतराल में दिए गए थे, इसके बावजूद वह वायरस के संक्रमण से नहीं बच सकी। निया की मां के अनुसार, आठ अप्रैल को निया घर के पास खड़ी थी। इसी दौरान एक आवारा कुत्ते ने बच्ची की कोहनी पर काट लिया था। इसके बाद परिजनों ने तत्काल उसके जख्म को धोया और उसे नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां उसे रेबीज रोधी टीका लगाया गया। राज्य की स्वास्थ्य मंत्री वीणा जॉर्ज ने कहा कि केरल के सरकारी अस्पतालों में टीके गुणवत्ता जांच के बाद ही लगाए जाते हैं।

वैज्ञानिकों की टीमें

अनुरोध किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य में जंगली जानवरों से सुरक्षा के लिए घेरबाड़ के लिए लगभग 1 हजार 53 करोड़ रुपये की मांग पर केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि इसके लिए चरणबद्ध तरीके से प्रस्ताव भेजे जाएं। कृषि यंत्रीकरण को प्रोत्साहन के लिए 1 हजार फार्म मशीनरी बैंक की स्थापना के लिए 400 करोड़ रुपये की मांग पर उन्होंने कहा कि पहले चरण की धनराशि खर्च करने के बाद दूसरे चरण में धनराशि दी जाएगी। राज्य बीज उत्पादन संस्था को दलहन, तिलहन और सीड हब बनाने के लिए उन्होंने सहयोग का आश्वासन दिया। राज्य में सेब की अति सघन बागवानी के लिए 1150 करोड़ की धनराशि की मांग की। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि झंगोरा राज्य में मुख्य पारम्परिक फसल है, जो 38 हजार हेक्टेयर क्षेत्रफल में उत्पादित की जा रही है, इसलिए किसानों के हित में मंडुआ की तर्ज पर झंगोरा के लिए भी न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित किया जाना चाहिए। इस पर केंद्रीय मंत्री ने सकारात्मक होकर विचार करने का भरोसा दिलाया।

गन्ना भुगतान

भुगतान की स्थिति की भी समीक्षा की। जानकारी दी गई कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में अब तक 2,85,994 करोड़ का भुगतान हुआ है, जो 1995-2017 के 2,13,520 करोड़ की तुलना में 72,474 करोड़ अधिक है। वर्ष 2024-25 में निर्धारित 34,466.22 करोड़ में से 83.8 प्रतिशत यानी 28,873.55 करोड़ का भुगतान 2 मई तक संपन्न हो चुका है। मुख्यमंत्री ने भुगतान चक्र को और सुचारु बनाने के निर्देश दिए ताकि सभी किसानों को शीघ्र और पूर्ण भुगतान मिल सके। गन्ने के क्षेत्रीय विस्तार की जानकारी देते हुए बताया गया कि 2016-17 में गन्ना क्षेत्रफल 20.54 लाख हेक्टेयर था, जो 2024-25 में बढ़कर 29.51 लाख हेक्टेयर हो गया है। इसी अवधि में उत्पादकता भी 72.38 टन/हेक्टेयर से बढ़कर 84.10 टन/हेक्टेयर तक पहुंची है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में उत्पादन और उत्पादकता में दो गुना वृद्धि की पूरी संभावना है, यदि सुनियोजित प्रयास किए जाएं। उन्होंने गन्ना किसानों के हित में पारदर्शिता, समयबद्धता और तकनीक आधारित नवाचार को सरकार की प्राथमिकता बताया और सभी संबंधित पक्षों को इस दिशा में आवश्यक प्रयास करने के निर्देश दिए। बैठक में यह भी बताया गया कि राज्य में 45 जिलों में संचालित 122 चीनी मिलें, 236 खांडसारी इकाइयां, 8,707 कोल्हू इकाइयां, 65 कोजेन इकाइयां और 44 डिस्टिलरी इकाइयां सक्रिय, जिनकी कुल क्रशिंग क्षमता 7,856 केएलपीडी है। इन इकाइयों से प्रत्यक्ष रूप से 9.81 लाख लोगों को रोजगार प्राप्त हो रहा है। एथेनॉल उत्पादन के संदर्भ में बताया गया कि 2023-24 में राज्य की 102 सक्रिय डिस्टिलरियों से 150.39 करोड़ लीटर एथेनॉल का उत्पादन हुआ है। साथ ही, निजी निवेश से 6,771.87 करोड़ रुपये की लागत से अतिरिक्त 105.65 करोड़ लीटर उत्पादन क्षमता स्थापित की जा रही है। मुख्यमंत्री ने इस पहल को ऊर्जा सुरक्षा और किसानों की आय बढ़ाने के लिए अत्यंत लाभकारी बताया और ईंधन मिश्रण में एथेनॉल अनुपात बढ़ाने की योजनाओं को शीघ्र क्रियान्वित करने के निर्देश दिए।

...एक ऐसा गांव

उसे जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने सम्मानित किया और उसकी आगे की पढ़ाई की फीस माफ करने की घोषणा भी की। रामकेवल के पिता जगदीश मजदूरी करते हैं जबकि मां पुष्पा एक प्राथमिक विद्यालय में खाना बनाने का काम करती हैं। गांव के लोग रामकेवल की इस सफलता से बेहद खुश हैं और उन्हें उम्मीद है कि आने वाले वक्त में गांव के और भी बच्चे उसी के नक्शेकदम पर चलते हुए आगे बढ़ेंगे।

बारिश से मैच रद, एक-एक अंक मिले

आईपीएल 2025 : दिल्ली ने हैदराबाद को दिया था 134 रनों का लक्ष्य

एजेंसी

हैदराबाद । सनराइजर्स हैदराबाद आईपीएल-2025 में प्लेऑफ रेस से बाहर हो गई है। दिल्ली के खिलाफ उसका मुकाबला बारिश के कारण बेनतीजा रहा है। अंपायर्स ने मैदान का निरीक्षण करने के बाद मैच रद्द करने का फैसला लिया। ऐसे में दोनों टीमों को एक-एक अंक मिले। इसी के साथ हैदराबाद के 7 अंक हो गए हैं। टीम अब अपने आखिरी 3 मैच जीतकर 13 अंक तक ही पहुंच सकेगी। बारिश आने से पहले दिल्ली ने हैदराबाद को 134 रन का टारगेट दिया था। टीम ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 133 रन बनाए। एक समय टीम ने 62 रन पर 6 विकेट गंवा दिए थे। यहां से ट्रिस्टन स्टब्स (41 रन) और आशुतोष शर्मा (41 रन) ने टीम को 100 पार पहुंचाया। दोनों ने 45 बॉल पर 66 रनों की साझेदारी की। पैट कमिंस ने 3 विकेट झटके।

दिल्ली कैपिटल्स ने आईपीएल 2025 के 55वें मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद को जीत के लिए 134 रन का टारगेट दिया है। राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में हैदराबाद ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला लिया है। दिल्ली ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 133 रन बना लिए हैं। एक समय टीम ने 62 रन पर 6 विकेट गंवा दिए थे। ट्रिस्टन स्टब्स 41 रन बनाकर नाबाद लौटे, जबकि आशुतोष शर्मा 41 रन बनाकर आउट हुए। दोनों ने 45 बॉल पर 66 रनों की साझेदारी की। विपराज निगम ने 18 और केएल राहुल ने 10 रन बनाए। पैट कमिंस ने 3 विकेट झटके। जयदेव उनादकट, हर्षल पटेल और इशान मलिंगा को एक-एक विकेट मिला।

पारी के आखिरी ओवर से 9 रन और एक विकेट आया। इशान मलिंगा ने इस ओवर में आशुतोष शर्मा को अभिनव मनोहर के हाथों कैच कराया। आशुतोष 41 रन बनाकर आउट हुए। इस तरह दिल्ली ने 20 ओवर में 133 रन बनाने में कामयाब रही। 18वें ओवर में ट्रिस्टन स्टब्स और आशुतोष शर्मा ने फिफ्टी पार्टनरशिप कर ली है। इशान मलिंगा के ओवर की आखिरी बॉल पर स्टब्स ने चौका लगाकर साझेदारी को 50 पार पहुंचाया। 17वें ओवर में दिल्ली ने 100 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। आशुतोष शर्मा ने हर्षल पटेल के ओवर की आखिरी दो बॉल पर चौके लगाकर स्कोर 100 पार पहुंचाया। टीम ने 62 रन पर छठा विकेट गंवा दिया था। विपराज के रनआउट होने के बाद दिल्ली ने आशुतोष शर्मा को इम्पैक्ट प्लेयर बनाया है। वे अभिषेक पोरेल की जगह मैदान पर आए। 13वें ओवर में दिल्ली ने छठा विकेट गंवाया। यहां विपराज निगम 18 रन बनाकर रन आउट हुए। जीशान अंसारी के ओवर की पहली बॉल को स्टब्स ने मिड विकेट के लिए खेला। वे एक रन पूरा करके दूसरे रन के लिए निकल आए, लेकिन विपराज इसके लिए तैयार नहीं थे। कन्फ्यूजन में विपराज खुद को क्रीज से बाहर ले आए, ताकि स्टब्स का विकेट बचाया जा सके। क्योंकि स्टब्स दूसरे छोर तक पहुंच चुके थे। 11वें ओवर में दिल्ली ने 50 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। विपराज निगम और ट्रिस्टन स्टब्स पारी संभालने में जुटे हैं।

8वें ओवर की पहली बॉल पर दिल्ली ने 5वां विकेट गंवाया। यहां केएल राहुल 10 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें जयदेव उनादकट ने विकेटकीपर ईशान किशन के हाथों कैच कराया। टॉस हारकर बैटिंग कर रही दिल्ली की शुरूआत खराब रही है। टीम ने पावरप्ले के 6 ओवर में 26 रन बनाने में 4 विकेट गंवा दिए हैं। कप्तान अक्षर पटेल 6, अभिषेक पोरेल 8 रन, फाफ डु प्लेसिस 3 रन और करुण नायर शून्य पर आउट हुए। 5वें ओवर की पहली बॉल पर पैट कमिंस ने अभिषेक पोरेल (8 रन) को पवेलियन भेजा। उन्हें लगातार तीसरे ओवर की पहली बॉल पर विकेट मिला है। तीसरे ओवर में दिल्ली ने दूसरा विकेट गंवाया। यहां फाफ डु प्लेसिस 3 रन बनाकर आउट हुए।

चौधरी ने जूनियर विश्व कप चैंपियनशिप में जीता कांस्य

लीमा (पेरू)। भारतीय भारोत्तोलक पर्व चौधरी ने यहां आईडब्ल्यूएफ युवा और जूनियर विश्व भारोत्तोलन चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता। पर्व ने लड़कों के युवा वर्ग के 96 किग्रा भार वर्ग में कुल 315 किग्रा वजन उठाया। उन्होंने स्नैच में 140 किग्रा वजन उठाया। क्लीन एवं जर्क में उन्होंने 175 किग्रा वजन उठाकर कांस्य पदक हासिल किया। मौजूदा टूर्नामेंट में यह भारत का तीसरा पदक है। ज्योशना सबर (40 किग्रा) और हर्षबर्धन साहू (49 किग्रा) ने भी पिछले सप्ताह अपने-अपने भार वर्ग में कांस्य पदक जीते थे। विश्व चैंपियनशिप में, ओलंपिक खेलों के विपरीत, स्नैच, क्लीन एवं जर्क और कुल वजन के लिए अलग-अलग पदक दिए जाते हैं।

पंकज आडवाणी ने लगातार तीसरी बारसीसीआई बिलियर्ड्स क्लासिक जीता

मुंबई। दिग्गज क्यू खिलाड़ी (बिलियर्ड्स और पूल) पंकज आडवाणी ने फाइनल में धीमी शुरुआत से उबरते हुए ध्रुव सितवाला को 5-2 से हराकर अपना तीसरा सीसीआई बिलियर्ड्स क्लासिक खिताब जीता। आडवाणी ने सितवाला के खिलाफ 10-150, 150-148, 81- 150, 150-96, 150-136, 150-147, 150-137 से हराया।

रविवार को देर रात खेले गए फाइनल के शुरुआती तीन फ्रेम में आडवाणी अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से काफी दूर थे लेकिन उन्होंने दूसरे फ्रेम में सितवाला द्वारा दिए गए अवसरों का पूरा फायदा उठाते हुए जीत दर्ज की। आडवाणी ने चौथा फ्रेम जीतकर स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया और लय हासिल करने के बाद खेल पर नियंत्रण बना लिया। उन्होंने अगले तीन फ्रेम जीतकर जीत सुनिश्चित की और ढाई लाख रुपये की पुरस्कार राशि हासिल की। उप विजेता सितवाला को डेढ़ लाख रुपये की इनामी राशि मिली। आडवाणी ने कहा, यह जीत मेरे लिए विशेष है। आडवाणी ने इससे पहले 2023 और 2024 में भी यह खिताब जीता।

संक्षेप

नीरज चोपड़ा क्लासिक के टिकटों की बिकी शुरू

बेंगलुरु। नीरज चोपड़ा क्लासिक के टिकटों की बिक्री शुरू हो गई है। आयोजकों ने सोमवार को इसकी घोषणा की। इस प्रतियोगिता में चोपड़ा, थॉमस रोहलर और एंडरसन पीटर्स सहित कई ओलंपिक पदक विजेता खिलाड़ी भाग लेंगे। यह भारत में होने वाली भाला फेंक की पहली अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता है। आयोजकों की विज्ञप्ति के अनुसार टिकट 199 रुपये से 9,999 रुपये की रेंज में उपलब्ध है। ज़ोमैटो इस प्रतियोगिता का आधिकारिक टिकट भागीदार है। विज्ञप्ति के अनुसार 44,999 रुपये की कीमत वाले पांच कॉर्पोरेट बॉक्स भी उपलब्ध हैं। कर्नाटक ओलंपिक संघ (केओए) और युवा सशक्तिकरण और खेल विभाग (डीवाईईएस) सहित राज्य संघ और सरकारी निकाय विश्व स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन करने के लिए कर्नाटक सरकार के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। यह प्रतियोगिता विश्व में एथलेटिक्स की सर्वोच्च संस्था वर्ल्ड एथलेटिक्स से मान्यता प्राप्त है जिसने इसे गोल्ड लेवल का दर्जा दिया है।

राजस्थान की एयर पिस्टल टीम ने जीता पहला स्वर्ण

नयी दिल्ली। प्राची और मयंक चौधरी की राजस्थान की जोड़ी ने सोमवार को यहां 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा के फाइनल में उत्तर प्रदेश को हराकर खेलो इंडिया युवा खेलों गेम्स (केआईवाईजी) का पहला स्वर्ण पदक अपने नाम किया। दोनों टीमें 15-15 से बराबरी पर थी तभी अपने दूसरे केआईवाईजी में भाग ले रही प्राची ने 10.6 के निशाने के साथ उत्तर प्रदेश की देव प्रताप और उर्वा चौधरी की जोड़ी के खिलाफ राजस्थान की जीत पक्की कर दी। प्राची ने पिछले आयोजन में इस स्पर्धा का रजत पदक जीता था। उत्तर प्रदेश के 14 साल के देव प्रताप ने इस दौरान अपने खेल से प्रभावित किया। उन्हें 17 साल की उर्वा का अच्छा साथ मिला जो तीसरी बार केआईवाईजी में भाग ले रही है। दिल्ली के हार्दिक बंसल और नियमिका राणा की जोड़ी ने कांस्य पदक के मैच में प्रतिक शेओकांड और कनक की हरियाणा की जोड़ी को 16-14 से हराया।

प्लेआफ का सपना अभी भी बरकरार : पंत

धर्मशाला। खराब प्रदर्शन से निराश लखनऊ सुपर जाइंट्स के कप्तान ऋषभ पंत ने अभी भी आईपीएल प्लेआफ में प्रवेश की उम्मीद छोड़ी नहीं है और उनका मानना है कि बाकी तीन मैचों में उनकी टीम हालात बदल सकती है। बल्लेबाजों के एक बार फिर खराब प्रदर्शन के कारण लखनऊ को रविवार को पंजाब किंग्स ने 37 रन से हराया।

रूड ने ड्रेपर को हराकर अपना पहला मास्टर्स एक हजार खिताब जीता

एजेंसी

मैड्रिड। कैस्पर रूड रविवार को मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में जैक ड्रेपर को 7-5, 3-6, 6-4 से हराकर मास्टर्स 1000 खिताब जीतने वाले पहले नॉर्वे के पहले खिलाड़ी बन गये। रूड ने पहले सेट में 5-3 से पिछड़ने के बाद वापसी की और तीसरे सेट में अपने एकमात्र ब्रेक प्वांइट का फायदा उठाकर जीत पक्की कर ली।

रूड ने मैच के बाद कहा, यहां चैंपियन बनना मेरे बड़े लक्ष्यों में से एक था जिसके बारे में मैंने तब सपना देखा था जब मैं छोटा था, इसलिए इसे पूरा करना एक अविश्वसनीय अहसास है। इस जीत से रूड विश्व रैंकिंग में फिर से चोटी के 10 खिलाड़ियों में शामिल हो गए हैं।

यानिक सिनर का डोपिंग प्रतिबंध खत्म, इटालियन ओपन में करेंगे वापसी

रोम। विश्व के नंबर एक पुरुष खिलाड़ी यानिक सिनर पर डोपिंग के लिए लगा तीन महीने का प्रतिबंध सोमवार को खत्म हो गया और वह अपने घरेलू टूर्नामेंट इटालियन ओपन से कोर्ट पर वापसी करने के लिए तैयार हैं। सिनर ने इस साल के शुरू में लगातार दूसरी बार ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीतने के बाद कोई टूर्नामेंट नहीं खेला है। इसके बाद उन्हें विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी के साथ हुए समझौते के तहत तीन महीने का प्रतिबंध झेलना पड़ा था। इटालियन ओपन में यह पहला अवसर होगा जब कोई स्थानीय खिलाड़ी विश्व के नंबर एक खिलाड़ी के रूप में अपनी चुनौती पेश करेगा। इटालियन ओपन 25 मई से शुरू होने वाले साल के दूसरे ग्रैंड स्लैम फ्रेंच ओपन से पहले आखिरी बड़ा क्लेकोर्ट टूर्नामेंट है। सिनर को पहले दौर में बाई मिली है। वह शुक्रवार या शनिवार को अपना पहला मैच खेलेंगे।

तैराकों ने केआईवाईजी में कर्नाटक को दिलाई शानदार शुरुआत

एजेंसी

पटना। महाराष्ट्र की अदिति सतीश हेगड़े ने सोमवार को यहां खेलो इंडिया युवा खेलों में लड़कियों की 200 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता जबकि कर्नाटक ने सात में से चार स्वर्ण पदक जीतकर तरणताल में दबदबा कायम करते हुए तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया।

लद्दाख में जन्मी और एनसीओई (राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र) गांधीनगर में प्रशिक्षित जूडोका स्टैनजिन दीचन (63 किग्रा वर्ग) और गार्गी टोकस (40 किग्रा) ने यहां ज्ञान भवन में स्वर्ण पदक जीतकर दिल्ली की पदक तालिका में जगह पक्की की। निशानेबाजी में प्राची और मयंक चौधरी की राजस्थान की जोड़ी ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा के फाइनल में उत्तर प्रदेश को हराकर केआईवाईजी का पहला स्वर्ण पदक अपने नाम किया। दोनों टीमें 15-15 से बराबरी पर थी तभी अपने दूसरे केआईवाईजी में भाग ले रही प्राची ने 10.6 के निशाने के साथ उत्तर प्रदेश की देव प्रताप और उर्वा चौधरी की जोड़ी के खिलाफ राजस्थान की जीत पक्की कर दी। प्राची ने पिछले आयोजन में इस स्पर्धा का रजत पदक जीता था।

उत्तर प्रदेश के 14 साल के देव प्रताप ने इस दौरान अपने खेल से प्रभावित किया। उन्हें 17 साल की उर्वा का अच्छा साथ मिला जो तीसरी बार केआईवाईजी में भाग ले रही है। दिल्ली के हार्दिक बंसल और नियमिका राणा की जोड़ी ने कांस्य पदक के मैच में प्रतिक शेओकांड और कनक की हरियाणा की जोड़ी को 16-14 से हराया। राजस्थान को जूडोका अश्विन भारद्वाज (81 किग्रा) ने दिन का दूसरा स्वर्ण पदक दिलाया। कृष सुकुमार ने लड़कों की 100 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक स्पर्धा को ।:06.39 सेकंड में जीतने के साथ ही कर्नाटक का पहला स्वर्ण अपने नाम किय। लड़कियों की 100 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक स्पर्धा राज्य की मानवी वर्मा ।:18.30 सेकंड के समय के साथ शीर्ष पर रही। उन्होंने 50 मीटर बटरफ्लाई फाइनल में 28.87 सेकेंड में जीत दर्ज कर दिन में दो स्वर्ण पदक अपने नाम किए। कर्नाटक के लिए चौथा स्वर्ण श्री चरणी तुमू ने जीता। उन्होंने अपनी टीम की साथी अदिति मुले और महाराष्ट्र की हेगड़े को पछाड़ते हुए लड़कियों की 800 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा 9:22.29 सेकंड में जीती। तैराकी में दिन के दो अन्य स्वर्ण पदक केरल के एस अभिनव (लड़कों की 200 मीटर फ्रीस्टाइल, ।:55.32 सेकंड) और असम के जनंजय ज्योति हजारिका (लड़कों की 50 मीटर बटरफ्लाई, 24.98 सेकंड) ने जीते।

सोनीपत स्थित साइ केंद्र के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में प्रशिक्षण लेने वाले तमिलनाडु के स्मरण सर्वेश ने सेमीफाइनल में उत्तर प्रदेश के विशु को 6-2 से हराकर लड़कों की रिकर्व तीरंदाजी स्पर्धा के फाइनल में प्रवेश किया। विशु ने अंतिम चार चरण तक पहुंचने के दौरान उच्च रैंक वाले दक्ष मलिक (हरियाणा) और शीर्ष रैंकिंग वाले कोडंडापानी थारुनीश जाथ्या (आंध्र प्रदेश) को हराया था। स्मरण का मुकाबला महाराष्ट्र के उज्ज्वल भारत ओलेकर से होगा, जिन्होंने सेमीफाइनल में दूसरे रैंकिंग पर काबिज देवराज महापात्रा (मेघालय) को 6-2 से मात दी। कंपाउंड वर्ग में मानव गणेशराव जाधव (महाराष्ट्र) के सामने खिताबी मुकाबले में दिवांशु सिंह (झारखंड) की चुनौती होगी।

मोहन बागान एसजी के नए खिलाड़ियों के पंजीकरण पर प्रतिबंध

नयी दिल्ली। इंडियन सुपर लीग विजेता मोहन बागान सुपर जायंट पर ऑस्ट्रेलियाई स्ट्राइकर जेसन कमिंग्स के स्थानांतरण से जुड़ी तकनीकी त्रुटि के कारण नए खिलाड़ियों के पंजीकरण पर राष्ट्रीय प्रतिबंध लगा दिया गया है। यह घटनाक्रम की जानकारी फीफा (फुटबॉल की वैश्विक निकाय) न्यायिक निकायों के निदेशक द्वारा अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) को भेजे गए आधिकारिक संचार के बाद मिली। एआईएफएफ ने मोहन बागान एसजी को भेजे गए पत्राचार में कहा, (फीफा) संचार में क्लब मोहन बागान सुपर जायंट (फीफा आईडी-14एकेसी2सी) पर राष्ट्रीय स्तर पर नए खिलाड़ियों को पंजीकृत करने पर तत्काल प्रतिबंध लगाने की बात कही गई है। उन्होंने कहा आपके संदर्भ के लिए, कृपया निर्णय संदर्भ एफडीडी-23868 के आधार की अधिसूचना के संबंध में फीफा न्यायिक निकायों के निदेशक से पत्राचार संलग्न देखें। यह आपकी जानकारी और आवश्यक कार्वाई के लिए है। इस मामले में जब पीटीआई ने क्लब के एक अधिकारी से संपर्क किया तो उन्होंने कहा कि यह एक मामूली मामला है और मोहन बागान की फ्रेंचाइजी इसे एक सप्ताह के भीतर सुलझा लेगी।

भारत ने वनडे और टी20 में शीर्ष स्थान बरकरार रखा

एजेंसी

दुबई। भारत ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की सोमवार को जारी नवीनतम वार्षिक पुरुष रैंकिंग में सफेद गेंद प्रारूप में अपना दबदबा कायम रखते हुए वनडे और टी20 अंतरराष्ट्रीय में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा, लेकिन टेस्ट प्रारूप में वह एक स्थान नीचे चौथे नंबर पर खिसक गया जिसमें ऑस्ट्रेलिया शीर्ष पर काबिज है। नवीनतम रैंकिंग में मई 2024 के बाद से खेले गए सभी मैचों की दर 100 प्रतिशत और उससे पहले के दो वर्षों की 50 प्रतिशत है।

वनडे विश्व कप 2023 के फाइनल में पहुंचने वाले भारत को वनडे रैंकिंग में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीतने का फायदा मिला है। इससे उसके रेटिंग अंक 122 से बढ़कर 124 हो गए हैं। चैंपियंस ट्रॉफी में उपविजेता न्यूजीलैंड ऑस्ट्रेलिया को पछाड़कर दूसरे स्थान पर आ गया है। ऑस्ट्रेलिया अब तीसरे स्थान पर है। श्रीलंका ने हाल के महीनों में घरेलू मैदान पर शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें भारत और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला जीत भी शामिल है।

इससे उसे पांच रेटिंग अंक का फायदा हुआ और वह चौथे स्थान पर पहुंच गया है। उसने पाकिस्तान (एक अंक के लाभ के साथ पांचवें) और दक्षिण अफ्रीका (चार अंक के नुकसान के साथ छठे) को पीछे छोड़ा। अफगानिस्तान चार अंकों के सुधार के बाद सातवें स्थान पर पहुंच गया जबकि पूर्व विश्व चैंपियन इंग्लैंड चार अंक खोने के बाद आठवें स्थान पर आ गया। वेस्टइंडीज पांच अंक हासिल करके नौवें स्थान पर पहुंच गया। बांग्लादेश चार अंकों की गिरावट के साथ 10वें स्थान पर खिसक गया है। टी20 में मौजूदा विश्व चैंपियन भारत शीर्ष पर है, हालांकि दूसरे स्थान पर मौजूद ऑस्ट्रेलिया पर उसकी बढ़त 10 से घटकर नौ अंक हो गई है। पहली बार वार्षिक अपडेट में वैश्विक टी20 रैंकिंग में 100 टीमों को शामिल किया गया है। सूची में वे सभी टीमें शामिल हैं जिन्होंने पिछले तीन वर्षों में कम से कम आठ टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं।

इंग्लैंड तीसरे नंबर पर है, जबकि न्यूजीलैंड, वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका क्रमशः चौथे, पांचवें और छठे नंबर पर हैं। इनके बाद श्रीलंका, पाकिस्तान, बांग्लादेश, अफगानिस्तान, आयरलैंड और जिंबॉब्वे का नंबर आता है। मौजूदा विश्व टेस्ट चैंपियन ऑस्ट्रेलिया ने टेस्ट टीम रैंकिंग में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा है, हालांकि वार्षिक अपडेट के बाद उसकी बढ़त 15 से घटकर 13 अंक रह गई है। ऑस्ट्रेलिया के 126 रेटिंग अंक हैं। बेन स्टोक्स की अगुवाई वाली इंग्लैंड की टीम दक्षिण अफ्रीका और भारत दोनों को पछाड़ते हुए दूसरे स्थान पर पहुंच गई। उसके रेटिंग अंक 113 हो गए हैं। दक्षिण अफ्रीका (111) और भारत (105) एक एक स्थान फिसलकर क्रमशः तीसरे और चौथे स्थान पर पहुंच गए। उनके बाद न्यूजीलैंड, श्रीलंका, पाकिस्तान, वेस्टइंडीज, बांग्लादेश और जिम्बाब्वे हैं। टेस्ट तालिका में अभी केवल 10 टीम शामिल हैं।

प्लेआफ की प्रबल दावेदार मुंबई इंडियंस व गुजरात आमने-सामने

एजेंसी

मुंबई। प्लेआफ में पहुंचने की प्रबल दावेदार मुंबई इंडियंस का सामना आईपीएल में मंगलवार को गुजरात टाइटंस से होगा तो फॉर्म में चल रहे गुजरात के शीर्षक्रम के तीनों बल्लेबाजों के लिये बेहतरीन गेंदबाजी आक्रमण का सामना करने की कड़ी चुनौती होगी। सभी टीमों में सर्वश्रेष्ठ नेट रनरेट वाली मुंबई की टीम को बाकी तीन में से दो मैच जीतने होंगे ताकि प्लेआफ में प्रवेश कर सके। पांच बार की चैम्पियन टीम इनमें से दो मैच अपने मैदान पर खेलेगी जहां उसने पांच में से चार मैच जीते हैं। वहीं चौथी रैंकिंग वाली गुजरात की टीम को अभी चार मैच खेलने हैं जिनमें से दो अहमदाबाद में खेलने हैं जहां उसने पांच में से चार मैच जीते हैं। शुभमन गिल की कप्तानी वाली टीम को भी प्लेआफ में पहुंचने के लिये दो मैच और जीतने हैं।

गुजरात के बी साइ सुदर्शन (504 रन), जोस बटलर (470) और कप्तान गिल (465) जबर्दस्त फॉर्म में हैं। अब उन्हें मुंबई के ट्रेंट बोल्ट (16 विकेट), हार्दिक पंड्या (13), जसप्रीत बुमराह (11) और दीपक चाहर (नौ) का सामना करना है जो आसान नहीं होगा। मुंबई के जीत की राह पर लौटने के बाद से इन्होंने किसी मैच में 200 से अधिक रन विरोधी टीम को बनाने नहीं दिये हैं। मुंबई खराब शुरूआत के बाद लगातार छह मैच जीतकर आत्मविश्वास से ओतप्रोत है।

गुजरात की सफलता की कुंजी उसके बल्लेबाजों का प्रदर्शन रही है। दूसरी ओर मुंबई को भी लक्ष्य का पीछा करते हुए गुजरात के शानदार रिकॉर्ड से चिंता हो रही होगी। गुजरात ने लक्ष्य का पीछा करते हुए तीन मैच भारी अंतर से जीते हैं। गुजरात के शीर्ष तीन बल्लेबाजों के शानदार फॉर्म के कारण बाकी बल्लेबाजों की परीक्षा नहीं हो सकी है। मध्यक्रम में शेरफान रदरफोर्ड (201) को कुछ मौका मिला है।

मुंबई के गेंदबाजों का लक्ष्य अब गुजरात के शीर्षक्रम को सस्ते में आउट करने का होगा। तीन सत्र पहले हार्दिक की कप्तानी में गुजरात ने पदार्पण के साथ आईपीएल खिताब जीता था। वही हार्दिक अब मुंबई के कप्तान हैं जिसने बेहद औसत शुरूआत के बाद वापसी की है। हार्दिक खुद 157 रन बनाने के साथ 13 विकेट ले चुके हैं। रोहित शर्मा (293 रन) और सूर्यकुमार यादव (475 रन) भी फॉर्म में हैं। रियान रिकेल्टन (334 रन) धीमी शुरूआत के बाद लय पकड़ चुके हैं।

तिलक वर्मा (239) और नमन धीर (155) बल्लेबाजी को गहराई देते हैं। वहीं कैगिसो रबाडा की गैर मौजूदगी में भी गुजरात के गेंदबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया है। रबाडा मनोरंजन के लिये प्रतिबंधित पदार्थ के सेवन के कारण प्रतिबंध झेल रहे हैं और अभी यह पता नहीं है कि वह लौट पायेंगे या नहीं। गुजरात के प्रसिद्ध कृष्णा 19 विकेट लेकर परपल कैप पहन चुके हैं जबकि मोहम्मद सिराज ने 14 और आर साइ किशोर ने 12 विकेट लिये हैं। मैच शाम 7:30 बजे शुरू होगा।

गेंदबाजों को आखिरकार कुछ स्विंग मिल सकती है: शमी

हैदराबाद। भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी का मानना है कि आईपीएल 2025 में गेंद पर लार के इस्तेमाल पर प्रतिबंध हटाने के भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के कदम ने इस टी20 लीग में बल्ले और गेंद के बीच संतुलन बहाल कर दिया है जो लंबे समय से गेंदबाजों के लिए कब्रगाह रही है। आईपीएल के मौजूदा सत्र की शुरुआत से पहले बीसीसीआई ने गेंद को चमकाने के लिए लार के इस्तेमाल पर लगा प्रतिबंध हटा दिया और रात के मुकाबलों में ओस से निपटने के लिए दो गेंद का नियम लागू किया जिससे गेंदबाजों को बहुत राहत मिली जो गेंदबाजी नियमों में बदलाव की वकालत कर रहे थे।

शमी ने जियोहॉटस्टार पर कहा, लंबे समय से नियम बल्लेबाजों के पक्ष में रहे हैं लेकिन अब अंततः चीजें थोड़ी बदल रही हैं। उन्होंने कहा, कोविड के बाद लार के इस्तेमाल पर प्रतिबंध ने गेंद को रिवर्स स्विंग कराना मुश्किल बना दिया था लेकिन इसे हटाए जाने के बाद गेंदबाजों को अंततः कुछ स्विंग वापस मिल सकती है।

साथ ही गीली गेंद को बदल पाना एक बड़े फायदे की स्थिति है- सूखी गेंद बेहतर पकड़ और मौके देती है, विशेषकर कठिन परिस्थितियों में। दिलचस्प बात यह है कि बीसीसीआई ने ये बदलाव शमी द्वारा गेंद पर लार के इस्तेमाल के महत्व पर जोर दिए जाने के कुछ दिनों बाद लागू किए। घुटने की चोट के कारण एक साल से अधिक समय तक बाहर रहे शमी ने कहा कि लय और मानसिकता हासिल करना कठिन था।

जापान ने आतंकवाद पर भारत का किया समर्थन

भारत की जापान के साथ विशेष, रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी : राजनाथ

एजेंसी

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को अपने जापानी समकक्ष जनरल नकातानी के साथ व्यापक वार्ता की। इस दौरान आतंकवाद की समस्या और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन की सैन्य गतिविधियों के मद्देनजर द्विपक्षीय रक्षा संबंधों को बढ़ाने के तौर-तरीकों पर चर्चा हुई। जनरल नकातानी की भारत यात्रा पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान के साथ बढ़े तनाव के बीच हुई है। उन्होंने आतंकवादी हमले की निंदा की तथा आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के प्रति एकजुटता व्यक्त की। प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता में अपने प्रारंभिक वक्तव्य में सिंह ने कहा, मैं पहलगाम आतंकवादी हमले के मद्देनजर भारत के साथ एकजुटता की मजबूत अभिव्यक्ति के लिए जापान सरकार को धन्यवाद देना चाहता हूं।

सिंह ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, भारत की जापान के साथ विशेष, रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी है। द्विपक्षीय बैठक के दौरान हमने रक्षा सहयोग और क्षेत्रीय सुरक्षा पर चर्चा की। उन्होंने कहा, दोनों पक्षों ने सभी प्रकार के आतंकवाद की निंदा की तथा सीमा पार खतरों से निपटने के लिए बेहतर सहयोग एवं संयुक्त प्रयास की आवश्यकता पर बल दिया।

सिंह ने कहा कि नकातानी ने पहलगाम हमले के मद्देनजर भारत के साथ एकजुटता व्यक्त की तथा भारत को पूर्ण समर्थन देने की पेशकश की। बताया जाता है कि दोनों पक्षों ने भारत-जापान रक्षा औद्योगिक सहयोग को बढ़ावा देने के तौर-तरीकों पर भी विचार-विमर्श किया। दोनों मंत्रियों ने वर्तमान क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा स्थिति पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। यह लाओ पीडीआर में आसियान रक्षा मंत्रियों की मीटिंग-प्लस के अवसर पर नवंबर में हुई उनकी पहली मुलाकात के बाद छह महीने के भीतर दोनों रक्षा मंत्रियों के बीच दूसरी बैठक थी। उस बैठक में, सिंह और जनरल नकातानी ने दोनों देशों की सेनाओं के बीच अधिक अंतर-संचालन के लिए आपूर्ति और सेवा समझौते के पारस्परिक प्रावधान पर विचार-विमर्श किया था। यदि पारस्परिक आपूर्ति एवं सेवा समझौता हो जाता है।

तेलंगाना में दो लाख करोड़ की परियोजनाएं होगीं शुरू : केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी

हैदराबाद। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को यहां कहा कि केंद्र की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)-नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार अगले तीन-चार वर्षों में तेलंगाना में दो लाख करोड़ रुपये की सड़क अवसंरचना परियोजनाएं शुरू करेगी। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री गडकरी ने कुमराम भीम आसिफाबाद जिले में 3,900 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई सड़क परियोजनाओं की आधारशिला रखने और विभिन्न परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित करने के बाद सभा को संबोधित करते हुए कहा कि उनके कार्यभार संभालने के बाद पिछले 10 वर्षों में तेलंगाना में राष्ट्रीय राजमार्गों की लंबाई दोगुनी से अधिक होकर 5,000 किलोमीटर हो गई है।

गडकरी ने कहा तेलंगाना के 33 जिलों में लगातार सड़क निर्माण कार्य जारी है। अब तक 1.25 लाख करोड़ रुपये के विकास कार्य पूरे हो चुके हैं। अब तक आपने जो विकास देखा है, वह तो बस एक झलक है। आने वाले समय में, अगले तीन से चार वर्षों में हम तेलंगाना में दो लाख करोड़ रुपये के काम शुरू करने जा रहे हैं। मेरा मानना है कि इन कार्यों के पूरा होने के बाद तेलंगाना की छवि बदल जाएगी। न्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार तेलंगाना के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। गडकरी ने तेलंगाना में केंद्र की अमृत सरोवर योजना के तहत जल संरक्षण परियोजनाएं शुरू करने की पेशकश की और मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी तथा अन्य मंत्रियों से सहयोग मांगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत देश के साढ़े छह लाख गांवों में से साढ़े चार लाख गांवों में सड़कें बनाई जा चुकी हैं। केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी किशन रेड्डी, गृह राज्य मंत्री बंदी संजय कुमार, तेलंगाना के मंत्री कोमाटिरेड्डी वेंकट रेड्डी और दानसारी अनसूया सीताक्का सहित अन्य लोग इस अवसर पर मौजूद थे।

संक्षेप

वक्फ संशोधन पर अफवाह फैला रही कांग्रेस : भूपेंद्र

नयी दिल्ली। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने कांग्रेस पर वक्फ संशोधन अधिनियम, 2025 के बारे में अफवाह फैलाने का आरोप लगाते हुए सोमवार को कहा कि मुस्लिम समूहों और लोगों के पास वक्फ बनाने, उसका प्रबंधन करने और उसे विनियमित करने के अधिकार बरकरार रहेंगे। दिल्ली भाजपा कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सामाजिक न्याय, आर्थिक विकास, पारदर्शिता और लैंगिक समानता के क्षेत्र में कई सुधार किए हैं। उन्होंने कहा हाल ही में संसद द्वारा पारित वक्फ संशोधन अधिनियम, 2025 इस प्रगतिशील यात्रा का एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यादव ने आरोप लगाया कि कांग्रेस अफवाह फैला रही है कि इस कानून के कारण मुसलमानों के अधिकार समाप्त हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस कानून में पहली बार संशोधन नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि वक्फ मामलों में पारदर्शिता और प्रबंधन जैसे कुछ मुद्दों पर 2013 में किए गए पिछले संशोधन में ध्यान नहीं दिया गया था, जिनका अब वक्फ संशोधन अधिनियम, 2025 में ध्यान रखा गया है। यादव ने कहा, मुस्लिम समूहों और व्यक्तियों के वक्फ बनाने, प्रबंधित करने और विनियमित करने के अधिकार नवीनतम संशोधन के बाद भी बरकरार रहेंगे।

दिल्ली महिला आयोग को जल्द किया जाएगा सक्रिय : रेखा गुप्ता

नयी दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को कहा कि पिछले कुछ समय से निष्क्रिय दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) को जल्द ही फिर से सक्रिय किया जाएगा। रेखा गुप्ता ने यह बात राष्ट्रीय महिला आपके घर जन सुनवाई कार्यक्रम के दौरान कही। राष्ट्रीय महिला आपके घर जन सुनवाई में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री गुप्ता ने कहा कि संकट में फंसी महिलाएं सहायता के लिए सरकार की ओर देखती हैं और वर्तमान में लगभग 1,500 ऐसे मामले लंबित हैं। रेखा ने कहा इसीलिए दिल्ली महिला आयोग को पुनः सक्रिय किया जाएगा और यह आयोग फिर से कार्य करना शुरू करेगा।

कार्यक्रम के दौरान उन्होंने अपने आवास पर हाल में हुई एक जन सुनवाई का उल्लेख किया, जिसमें एक अभिभावक ने शिकायत की थी कि कुछ लड़के उनकी बेटियों को लगातार परेशान कर रहे हैं, जबकि इस संबंध में पहले ही एक शिकायत दर्ज करवाई जा चुकी है। रेखा ने कहा, ऐसे लोग गलती करते रहेंगे, लेकिन यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम उनके खिलाफ कार्वाई करें।

पाकिस्तान का नामोनिशान मिटा देंगे : अनुराग

एजेंसी

हमीरपुर (हिमाचल)। पूर्व केंद्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता अनुराग ठाकुर ने सोमवार को पाकिस्तान पर सीमा पर अशांति फैलाने का आरोप लगाते हुए कहा कि अगर पड़ोसी देश भारत विरोधी गतिविधियां जारी रखता है, तो उसे पूरी तरह मिटा दिया जाएगा।

भारत विरोधी गतिविधियां जारी रहीं तो

पहलगाम (जम्मू-कश्मीर) में हुए आतंकी हमले के विरोध में पार्टी की ओर से यहां गांधी चौक पर आयोजित एक जिला स्तरीय रैली को संबोधित करते हुए ठाकुर ने कहा कि भारत सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि उचित समय पर पाकिस्तान को करारा जवाब दिया जाएगा। हमीरपुर से मौजूदा सांसद ठाकुर ने कहा, अगर पाकिस्तान भारत विरोधी हरकतें करता रहेगा, तो उसे विश्व की राज्य व्यवस्था से पूरी तरह मिट जाएगा। शिमला में भाजपा नेताओं ने उपायुक्त को एक ज्ञापन सौंपा और राज्य में कानूनी या अवैध तरीके से रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों की तत्काल पहचान कर उन्हें वापस उनके देश भेजने की मांग की। इसके अलावा लोअर बाजार क्षेत्र में पार्टी कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तान विरोधी नारे लगाते हुए मार्च भी निकाला। हिमाचल प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा कि राज्य में पाकिस्तानियों को नहीं रखा जा सकता। उन्होंने बताया कि प्रदेश के 17 स्थानों पर विरोध प्रदर्शन किए गए हैं।

आरक्षण की 50 प्रतिशत सीमा खत्म हो, निजी शिक्षण संस्थानों में लागू हो

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने सोमवार को कहा कि जातिगत जनगणना के साथ ही यह सुनिश्चित होना चाहिए कि आरक्षण की 50 प्रतिशत की सीमा खत्म हो तथा निजी शिक्षण संस्थानों में आरक्षण लागू किया जाए। पार्टी के ओबीसी, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति विभागों के प्रमुखों ने संवाददाताओं से बातचीत में यह दावा भी किया कि कांग्रेस और राहुल गांधी के दबाव में सरकार जातिगत जनगणना के लिए तैयार हुई है। कांग्रेस के ओबीसी विभाग के अध्यक्ष अनिल जयहिंद ने कहा, जब मनमोहन सिंह जी प्रधानमंत्री और अर्जुन सिंह जी शिक्षा मंत्री थे, तब हमारे संविधान में 93वां संशोधन किया गया था और उसमें अनुच्छेद 15(5) के तहत दलितों, आदिवासियों और समाज के सामाजिक और शैक्षणिक रुप से पिछड़े वर्ग के लोगों के लिए शिक्षण संस्थानों में आरक्षण का प्रावधान लागू हुआ।

उन्होंने कहा कि उस समय सरकारी शिक्षण संस्थानों में ये आरक्षण लागू हो गया, लेकिन निजी संस्थानों के लोग इसे अदालत में ले गए, जहां ये मामला आगे बढ़ता चला गया। जयहिंद ने दावा किया कि मोदी सरकार ने पिछले 11 वर्षों में इसको लेकर कोई कदम नहीं उठाया। उन्होंने कहा कि निजी शिक्षण संस्थानों में आरक्षण लागू किया जाना चाहिए। कांग्रेस के अनुसूचित जनजाति विभाग के अध्यक्ष विक्रांत भूरिया ने कहा, पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कहते थे कि जाति की बात करना पाप है और यह अर्बन नक्सल की सोच है, लेकिन अब यू-टर्न ले लिया, क्योंकि इन्हें पता चल गया है कि यह बहुत बड़ी क्रांति है।

उन्होंने सवाल किया कि जातिगत जनगणना के लिए भाजपा सरकार की रूपरेखा, समयसीमा और प्रक्रिया क्या होगी? भूरिया ने कहा, सरकार और प्रधानमंत्री से मांग है कि हमें जातिगत जनगणना पर हेडलाइन नहीं चाहिए। हमें जातिगत जनगणना की टाइमलाइन और डेडलाइन चाहिए। कांग्रेस के अनुसूचित जाति विभाग के प्रमुख राजेश लिलोठिया ने कहा, कांग्रेस पार्टी चाहती है कि आरक्षण में 50 प्रतिशत की सीमा खत्म होनी चाहिए, क्योंकि यह सामाजिक न्याय में सबसे बड़ी रुकावट है। उन्होंने कहा कि सामान्य वर्ग के आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए 10 प्रतिशत के आरक्षण से साफ हो गया है।

चीन में तूफान से पर्यटकों की नौकाएं पलटीं, दस की मौत

एजेंसी

बीजिंग। दक्षिण-पश्चिमी चीन के गुइझोउ प्रांत में अचानक आए तेज तूफान के चलते वू नदी में चार नौकाएं पलट गईं, जिसके चलते दस लोगों की मौत हो गई। चीन के सरकारी मीडिया ने सोमवार को यह जानकारी दी। सरकारी प्रसारक सीसीटीवी के अनुसार, रविवार अपराह्न में गुइझोउ के एक दर्शनीय स्थल पर तेज हवाओं के कारण यह हादसा हुआ। इस दौरान 80 से अधिक लोग नौकाओं से नदी में गिर गए।

चीन की सबसे लंब नदी यांग्त्जी की सहायक वू नदी के पास अचानक हुई बारिश और ओलावृष्टि के कारण नावें पलटीं। शुरुआती रिपोर्ट में कहा गया था कि दो पर्यटक नावें पलट गईं, लेकिन सरकारी मीडिया ने सोमवार को कहा कि इस दुर्घटना में कुल चार नावें पलट गईं। सीसीटीवी ने कहा कि अन्य दो नावों में कोई यात्री नहीं था और चालक दल के सात सदस्य खुद को बचाने में सफल रहे। गुइझोउ की पहाड़ियां और नदियां देश-विदेश के पर्यटकों को आकर्षित करती हैं, और फिलहाल वहां पांच दिवसीय राष्ट्रीय अवकाश के चलते भारी संख्या में सैलानी पहुंचे हुए हैं। आधिकारिक शिन्हुआ समाचार एजेंसी के अनुसार, राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने इस हादसे पर गहरा दुख जताते हुए लापता लोगों की तलाश और घायलों के इलाज में हरसंभव प्रयास का आह्वान किया है।

कुल 70 लोगों को अस्पताल भेजा गया, जिनमें से अधिकांश को मामूली चोटें आईं। हाल में हुई घातक दुर्घटनाओं को ध्यान में रखते हुए शी ने पर्यटक स्थलों, बड़े सार्वजनिक स्थलों और आवासीय समुदायों में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के महत्व पर बल दिया। साथ ही छुट्टियों के अंत में लौटने वाले लोगों की भीड़ को भी ध्यान में रखने का आह्वान किया।

पाक में फतह मिसाइल का किया परीक्षण

इस्लामाबाद। पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत के साथ तनाव बढ़ने के बीच पाकिस्तान ने सोमवार को 120 किलोमीटर की मारक क्षमता वाली फतह श्रृंखला की सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल का सफल प्रशिक्षण परीक्षण किया। सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस ने एक बयान में कहा कि जारी अभ्यास इंडस के तहत यह परीक्षण किया गया। बयान में कहा गया कि इस परीक्षण का उद्देश्य सैनिकों की अभियानगत तत्परता सुनिश्चित करना और मिसाइल की उन्नत दिशा-निर्देशन प्रणाली तथा सटीकता सहित प्रमुख तकनीकी मापदंडों को देखना था।

इंटरटेनमेंट...

सोनू निगम पर बैन लगाएगी कन्नड़ फिल्म इंडस्ट्री?

मुंबई। सिंगर सोनू निगम हाल ही में अपने एक कॉन्सर्ट के दौरान कुछ दर्शकों को डांटते नजर आए, जो उनसे कन्नड़ भाषा में गाने की जिद कर रहे थे। इसके बाद यह मामला तूल पकड़ गया। हालांकि, सिंगर ने अपने बयान पर सफाई भी दी।

लेकिन मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, कन्नड़ फिल्म इंडस्ट्री इस घटना से नाराज है और अब उनसे दूरी बनाने की तैयारी कर रही है। न्यूज 18 की रिपोर्ट के मुताबिक, कर्नाटक फिल्म चेंबर ऑफ कॉमर्स आज बेंगलुरु में एक बैठक करने जा रही है, जिसमें म्यूजिक डायरेक्टर्स एसोसिएशन, डायरेक्टर्स एसोसिएशन और प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन समेत कई संस्थाएं शामिल होंगी। रिपोर्ट्स में यह भी कहा गया है कि हाल ही में दिए गए अपने बयान और उससे जुड़े विवाद के बाद कन्नड़ फिल्म इंडस्ट्री सोनू निगम से दूरी बनाने की तैयारी कर रही है। इसी कारण इस बैठक में इस मुद्दे पर भी विचार किया जा सकता है कि भविष्य में कन्नड़ फिल्मों में उन्हें काम न दिया जाए। सोनू ने हाल ही में बेंगलुरु के एक कॉलेज में परफॉर्मेंस दी थी। सिंगर अपने आइकॉनिक हिंदी गाने गा रहे थे, इसी बीच एक फैन जोर-जोर से चिल्लाते हुए कन्नड़-कन्नड़ बोलने लगा। ये सुनते ही सोनू निगम ने अपनी परफॉर्मेंस बीच में ही रोक दी और लड़के को जमकर फटकार लगाई।

फैन को फटकार लगाते हुए सोनू ने कहा, मुझे अच्छा नहीं लगा कि वहां पर एक लड़का, जिसकी उम्र उतनी नहीं होगी, जितने सालों से मैं कन्नड़ गाने गा रहा हूं। ये कितना रूड था कि वो भीड़ से चिल्ला रहा था- कन्नड़-कन्नड़। यही कारण है, पहलगाम में जो हुआ है न, यही कारण है, ये जो तुम कर रहे हो न यहां पर। इसके बाद सिंगर सोनू निगम पर कन्नड़ समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोप में एफआईआर दर्ज हुई। सिंगर के खिलाफ बेंगलुरु के अवलाहल्ली पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया। वहीं, मामला बढ़ता देख सोनू निगम ने इस पर भी अपनी सफाई भी दी। उन्होंने कहा था, ह्यप्यार से बात करने और धमकाने में फर्क होता है। वहां पर सिर्फ चार-पांच ही गुंड़े टाइप के थे, जो वहां पर चिल्ला रहे थे।

जैकलीन ने कॉपी किए नोरा फतेही के डांस मूव्स!

मुंबई। फिल्म हाउसफुल 5 का नया गाना 'लाल परी' रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर छा गया है। हालांकि, इस बीच जैकलीन फर्नांडिस के डांस मूव्स को लेकर चचाएं शुरू हो गई हैं। कुछ यूजर्स ने जहां उनके डांस की तारीफ की, वहीं कुछ ने नोरा फतेही से तुलना करते हुए उनके स्टाइल को कॉपी करने का भी आरोप लगाया है। जैकलीन फर्नांडिस के 'लाल परी' गाने के डांस सीक्वेंस का एक वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

इसमें एक्ट्रेस को बेली डांसिंग करते हुए देखा जा सकता है, जिसे देखकर फैंस काफी खुश हैं। एक यूजर ने जैकलीन की तारीफ करते हुए लिखा, 'जैकलीन यहां अपने करियर की ऊंचाई पर हैं। दूसरे ने लिखा, 'इस गाने के लिए जैकलीन ही असली ओजी हैं। तीसरे ने कहा, 'जैकलीन, असली हीरोइन की वापसी हुई है। वो इतनी हॉट लग रही हैं। यकीन नहीं होता कि वो अब 39 की हो गई हैं। हालांकि, कुछ सोशल मीडिया यूजर्स ने जैकलीन और नोरा के डांस स्टाइल को लेकर सवाल भी उठाए है।

लेडी गागा के कॉन्सर्ट को उड़ाने की थी साजिश

मुंबई। ब्राजील के रियो डी जेनेरो में 3 मई को लेडी गागा का कॉन्सर्ट हुआ, जिसे बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। इस बात का खुलासा ब्राजील की पुलिस ने रविवार, 4 मई को किया। उन्होंने बताया कि शनिवार को लेडी गागा के करियर का अब तक का सबसे बड़ा कॉन्सर्ट था, जिसमें लगभग 20 लाख फैंस कोपाकबाना बीच पर जुटे थे। हालांकि, सुरक्षा एजेंसियों ने समय रहते कार्रवाई कर किसी भी तरह की घटना को होने से रोक दिया। एसोसिएटेड प्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, ब्राजील पुलिस का कहना है कि लेडी गागा के कॉन्सर्ट को निशाना बनाने की साजिश एक ऐसे समूह ने रची थी, जो एलजीबीटीक्यू समुदाय के खिलाफ नफरत फैलाने वाले भाषण देता था।

सीएम योगी आदित्यनाथ पर बनी 'अजेय-द अनटोल्ड स्टोरी'



मुंबई। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जिंदगी पर जल्द ही फिल्म अजेय-द अनटोल्ड स्टोरी आने वाली है। इस फिल्म का निर्देशन रविंद्र गौतम ने किया है। फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है और फिलहाल इसका पोस्ट-प्रोडक्शन जारी है। फिल्म में अनंत जोशी ने योगी आदित्यनाथ की भूमिका निभाई है। हमें ऐसे अभिनेता को चुनना था जो अच्छा कलाकार भी हो और जिसके चेहरे पर मासूमियत हो। योगी जी में एक स्वाभाविक मासूमियत है जो उनकी बातों और व्यवहार में दिखती है। हम एक ऐसा चेहरा चाहते थे जो खाली कैनवास की तरह हो, जिस पर योगी जी के व्यक्तित्व को चित्रित किया जा सके, बिना किसी पूर्व धारणा के। योगी आदित्यनाथ जी जैसे प्रभावशाली व्यक्तित्व के किरदार के लिए अभिनेता का चयन करना एक जिम्मेदारी भरा काम था। चूंकि योगी जी स्वयं पहाड़ी पृष्ठभूमि से आते हैं, इसलिए हमने ऐसे अभिनेता को प्राथमिकता दी जो या तो पहाड़ी हो या जिसके चेहरे पर उस क्षेत्र की कुछ विशेषताएं हों। यह इसलिए महत्वपूर्ण था जिससे दर्शक किरदार से सहजता से जुड़ सकें। हमने कई कलाकारों के ऑडिशन लिए। हमने उन कलाकारों पर विशेष ध्यान दिया जिनके चेहरे पर एक सहज मासूमियत झलकती थी, क्योंकि निर्देशक के तौर पर मेरा मानना था कि योगी जी के व्यक्तित्व का यह एक महत्वपूर्ण पहलू है। मैंने महसूस किया कि उनके भीतर एक ऐसी सरलता है जो उनके सार्वजनिक जीवन और भाषणों में भी दिखाई देती है। इसके अलावा, हमने एक ऐसे अभिनेता को चुना जिस पर पहले से कोई बहुत बड़ा स्टारडम का बोझ न हो। मेरा मानना था कि यदि हम किसी स्थापित और प्रसिद्ध अभिनेता को लेते, तो दर्शक उन्हें उस अभिनेता की पिछली भूमिकाओं और छवि के साथ जोड़कर देखते, जिससे योगी जी के किरदार की नवीनता और विशिष्टता कहीं खो जाती।

अनंत जोशी निभा रहे हैं लीड रोल, डायरेक्टर रविंद्र गौतम बोले- उनके चेहरे में योगी जैसी मासूमियत

आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com